

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

- 7



वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग को निवेश करने, क्षमता विस्तार में संकोच नहीं करना चाहिए

- 10



सुनिश्चित हो कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले

- 11



सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

- 12

आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
25.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.12

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 11:37 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 300, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये

## ब्रीफ न्यूज

### अनिल अंबानी, राणा के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह से जुड़ी कंपनियों एफएल और आरएचएफएल तथा यस बैंक एवं उसके पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राणा कपूर के परिजनों की फर्मों के बीच हुए कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन के सिलसिले में अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र (चार्जशीट) दायर किया। सीबीआई का आरोप है कि ऐसे लेनदेन की वजह से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा कि अंबानी अनिल धीरूभाई अंबानी (एडीए) समूह के अध्यक्ष और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक हैं।

### आंध्र शराब घोटाला केस में कई राज्यों में छापे

**हैदराबाद।** ईडी ने आंध्र प्रदेश में कथित 3,500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की धन शोध जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापे मारे। यह घोटाला पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान हुआ था। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कम से कम 20 स्थानों पर तलाशी ली गई, जो उन संस्थाओं और व्यक्तियों से जुड़े हैं जिन्होंने कथित तौर पर फर्जी/बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए बिलों के जरिए रिश्वत के भुगतान में मदद की थी।

### शशिकला से जुड़े बैंक धोखाधड़ी केस में जांच

**चेन्नई।** ईडी ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की करीबी सहयोगी शशिकला और कुछ अन्य के खिलाफ 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी और बेनामी संपत्ति मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत चेन्नई और हैदराबाद में गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों शहरों में मार्ग समूह और शशिकला की कथित बेनामी संपत्ति से जुड़े जीआरके रेड्डी नामक व्यक्ति के दस परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई 200 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी की जांच के तहत की जा रही है, जिसमें सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

### ईपीएफओ पोर्टल पर एक लॉगिन से सेवाएं

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक अंशधारकों को अब एक ही पोर्टल पर सभी प्रमुख सेवाओं और अपने खाते से जुड़ी जानकारियां एकल लॉगिन से मिल जाएंगी। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि ईपीएफओ ने कई सुधार किए हैं। अब तक सदस्यों को पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन कर अंशदान एवं निकासी का विवरण देखना पड़ता था। अब नए 'पासबुक लाइट' फीचर को सदस्य पोर्टल पर ही शामिल कर दिया गया है। जिससे अंशधारक ईपीएफइंडिया के यूनिफाइड पोर्टल पर सीधे जाकर अपने अंशदान, निकासी और शेष राशि का संक्षिप्त विवरण देख सकेंगे।

# जीएसटी सुधार से यूपी में महंगाई पर लगाम, सभी को राहत : योगी

## 22 से नई दरें लागू, प्रदेश को ज्यादा लाभ, व्यापार-रोजगार को मिलेगी गति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुए ताजा जीएसटी सुधारों का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। बताया कि 22 सितंबर से लागू होने वाली नई दरें महंगाई पर लगाम लगाएंगी, रोजगार बढ़ाएंगी और व्यापार को नई गति देंगी। यूपी, जो देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है, कर सरलीकरण से सबसे अधिक लाभान्वित होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्ष 2017 से पहले वैट, सेल टैक्स और एक्साइज जैसे कई करों का बोझ अलग-अलग ढंग से पड़ता था। जीएसटी ने उस जटिलता को दूर किया। 12% और 28% की दरें समाप्त कर सिर्फ दो स्लैब 5% और 18% रखे गए हैं। लग्जरी वस्तुओं पर पहले की ही भांति 40% टैक्स रहेगा। उनका कहना था कि यह बदलाव आम घर की रसोई से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी परियोजनाओं तक, हर क्षेत्र में राहत लाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दूध, दही, पनीर, टूथपेस्ट, साबुन, नोटबुक, पेंसिल और बच्चों की सामग्री या तो टैक्स मुक्त होंगी या केवल 5% टैक्स लगेगा। किसानों के लिए ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरण सस्ते होंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमा पर जीएसटी हट गया है और दवाओं पर टैक्स कम हुआ है।



### क्या मिलेगा लाभ

- दूध, दही, पनीर, साबुन और साइकिल पर सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स
- स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी समाप्त
- दवाइयों व जांच किट पर टैक्स में कटौती
- कार और बाइक पर टैक्स 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत
- कारीगर व परंपरागत उद्योगों को 5 प्रतिशत टैक्स से राहत

### गाड़ियों से लेकर ग्रामीण भारत तक को फायदा

पहले कार और बाइक पर 28% जीएसटी लगता था, जिसे घटाकर 18% कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि इससे ऑटोमोबाइल उद्योग में मांग बढ़ेगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ग्रामीण इलाकों में खेती की लागत घटेगी और किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली की जरदोजी और फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। साथ ही, सिंथेटिक मेंथॉल पर 18% और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर 5% टैक्स लगाने से किसान और उद्योग दोनों को फायदा होगा।

### प्रदेश का कर संग्रह बढ़कर हुआ दोगुना

योगी ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद यूपी का राजस्व दोगुना से भी ज्यादा बढ़ा। वर्ष 2017 से पहले जहां 49 हजार करोड़ का ही संग्रह होता था, वहीं अब यह 1.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इसी आय से एक्सप्रेस-वे, मेट्रो और एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं।

### जीएसटी की नई दरें इस प्रकार

- मुख्य स्लैब : 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत
- 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के दो स्लैब किए गए समाप्त
- लग्जरी की वस्तुओं पर टैक्स : 40 प्रतिशत यथावत
- शिक्षा सामग्री, दैनिक जरूरत और कृषि उपकरण : 5 प्रतिशत या शून्य

# अब चमोली में फटे बादल दो की मौत, छह लापता

## भारी मात्रा में मलबा आने पर 45 मकान, 15 गोशाला क्षतिग्रस्त

- मुख्यमंत्री धामी ने की राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं लगातार कहर बरपा रही हैं। देहरादून के बाद अब चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में गुरुवार तड़के चार स्थानों पर बादल फटने से तबाही मच गई। अतिवृष्टि से आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग लापता हो गए। 12 लोग घायल हैं जिनमें पांच लोगों को जीवित हालत में मलबे से निकाला गया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) देहरादून द्वारा गुरुवार रात जारी सूची के अनुसार, चमोली जिले की नंदानगर तहसील के गांव कुंतारी लगाफाली में गुरुवार तड़के करीब 3 बजे बादल फटने की घटनाएं हुईं। एसईओसी के अनुसार, इस आपदा में चार पशुओं की भी मौत हुई है जबकि 28 पशु लापता हैं। भारी मलबा आने से 45 आवासीय भवन और 15 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रभावित स्थानों पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने खोजबीन के दौरान एक क्षतिग्रस्त भवन के मलबे से 38 वर्षीय नरेंद्र सिंह का शव बरामद किया। मलबे से दो महिलाओं और एक बच्चे को निकाला गया जबकि 150-200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके अलावा, नंदानगर के ही कुंतारी लगा सरपाणी गांव में खोजबीन में 70 वर्षीय जगदम्बा प्रसाद का शव बरामद किया गया जबकि करीब 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गांव धुर्मा में अतिवृष्टि से मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से दो व्यक्ति लापता हो गए, 8-10 भवन क्षतिग्रस्त हो गए।

इससे पहले सुबह एसईओसी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदानगर में अतिवृष्टि से उत्पन्न हालात और राहत एवं बचाव अभियान कार्यों की समीक्षा की। बताया कि नंदानगर के चार अलग-अलग स्थान कुंतरी लगा फाली, कुंतरी लगा सरपाणी, सेरा और धुर्मा में बादल फटने और भारी मात्रा में मलबा आने से कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



नंदानगर क्षेत्र में बादल फटने के बाद पानी के साथ तेजी से बहता मलबा।

# नेपाल में शांति के प्रयासों को भारत का दृढ़ समर्थन : मोदी

- प्रधानमंत्री ने फोन पर अपनी नेपाली समकक्ष सुशीला कार्की से की बात

नई दिल्ली/काठमांडू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अपनी समकक्ष सुशीला कार्की से बात की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कार्की के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने पड़ोसी देश में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई जनहानि पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। काठमांडू में नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार बातचीत के दौरान कार्की (73) ने कहा कि अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता चुनाव ही रहेंगे, तथा जवाबदेह, उत्तरदायी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए दृढ़ संकल्प युवाओं की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।



### दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे

कार्की की किसी विदेशी शासनाध्यक्ष से यह पहली टेलीफोनिक वार्ता थी। कार्की ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच ऐतिहासिक और घनिष्ठ संबंध बहुआयामी लोगों के स्तर पर संबंधों से और मजबूत होते रहेंगे। इसमें कहा गया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए द्विपक्षीय सहयोग और साझेदारी की मजबूत गति को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसके कारण के पी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# 30 से पहले चुन लें यूपीएस का विकल्प

- वित्त मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुनें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान हो सके। सरकार ने एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की सुविधा मिलेगी। एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है।

# वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते : ईसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-राहुल गांधी के सभी आरोप बेबुनियाद

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों की रक्षा करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को गलत और निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने जोर देकर कहा कि संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुने बिना कोई भी नाम हटाया नहीं जा सकता।

गांधी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार पर वोट चोरों और लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया और कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे जिसमें साफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ। निर्वाचन आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि असफल प्रयास किए गए थे और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और संबंधित विवरण राज्य सरकार की सीआईडी के साथ साझा किए गए।

आयोग ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग के ही एक अधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आयोग ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, आलंद विधानसभा क्षेत्र से 2018 में सुभाष गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।

### वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं सीईसी : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए गुरुवार को मतदाता सूचियों से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीईसी को बहाने बनाना बंद करके कर्नाटक की सीआईडी को वोट चोरी का सबूत सौंपना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को गलत और निराधार करार दिया। भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए गए आरोप लोकतंत्र में उनके और कांग्रेस के अविश्वास को दर्शाते हैं।

# आनंद कारज विवाह का भी हो पंजीकरण

- सुप्रीम कोर्ट का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियम अधिसूचित करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे चार महीने के भीतर 'आनंद कारज' या सिख विवाह के पंजीकरण नियम अधिसूचित करें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि धार्मिक पहचान का सम्मान और नागरिक समानता सुनिश्चित करने वाले धर्मनिरपेक्ष ढांचे में कानून को एक तटस्थ और व्यावहारिक मार्ग प्रदान करना चाहिए और आनंद कारज के माध्यम से होने वाले विवाहों को अन्य विवाहों के समान ही दर्ज और प्रमाणित किया जाए। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि किसी संवैधानिक वादे की सत्यनिष्ठा न केवल उसके द्वारा घोषित अधिकारों से मापी जाती है, बल्कि उन संस्थाओं से भी मापी जाती है जो उन अधिकारों को उपयोगी बनाती हैं। एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य में, राज्य को किसी नागरिक की आस्था को विशेषाधिकार या बाधा में नहीं बदलना चाहिए। पीठ ने चार सितंबर के आदेश में कहा कि जब कानून आनंद कारज को विवाह के रूप में मान्यता देता है, फिर भी इसे पंजीकृत करने के लिए कोई तंत्र प्रदान नहीं करता, तो वादा केवल आधा ही निभाया गया माना जाएगा।

# मैं भारत-मोदी के बहुत करीब हूं: ट्रंप

- लंदन में भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष सुलझाने का फिर दावा किया



**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के बहुत करीब हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध काफी मजबूत हैं।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर के आवास चेकर्स पर उनके साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि मोदी के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं और उन्होंने उन्हें (मोदी को) उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी योजना के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में ट्रंप ने कहा कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेकिन मैंने उन पर प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप ने यह दावा दोहराया कि उन्होंने इस वर्ष के शुरू में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष को सुलझाने के लिए हस्तक्षेप किया था।

# अब भूपेंद्र एस चौधरी होंगे बरेली के मंडलायुक्त

- 14 आईएएस अधिकारियों के कामकाज में फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार ने नौकरशाही में बड़ा बदलाव करते हुए गुरुवार की शाम 14 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। इनमें से कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के प्रभार में कटौती की गई, तो कुछ का प्रभार बढ़ा दिया गया है।

फेरबदल के क्रम में मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को मिले लगभग सभी विभाग फिलहाल मुख्य सचिव का कार्यभार देख रहे एसीएस व कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंप दिए गए हैं। दो दिन पहले ही सौम्या अग्रवाल की जगह बरेली की मंडलायुक्त बनाई गईं आईएएस अनामिका सिंह की जगह अब भूपेंद्र एस चौधरी को बरेली मंडलायुक्त बनाया गया है। अनामिका सिंह को अब आयुक्त खाद्य एवं रसद बनाया गया है। पार्थसारथी सेन शर्मा बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा जबकि अमित कुमार घोष अब प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा होंगे। मुकेश कुमार मेश्राम अब प्रमुख सचिव पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य विभाग जबकि अमृत अभिजात अब पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पी. गुरुप्रसाद को प्रमुख सचिव नगर विकास का प्रभार सौंपा गया है।

सरकार तैयार

औद्योगिक विकास विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा- नवंबर में आयोजित होगा जीबीसी@5

# 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश से बदलेगा यूपी का औद्योगिक नक्शा

- साढ़े आठ वर्षों में जमीन पर उतरे 15 लाख करोड़ के निवेश, 60 लाख को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश अब किसी भी कीमत पर उद्योग और रोजगार की दौड़ में पीछे नहीं रहेगा। एलान किया कि नवंबर में पांचवां ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी@5) आयोजित होगा, जिसमें 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। दावा किया कि बीते साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश ने 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा है और 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया है।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। योगी ने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और सरल बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी निवेशक को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। चेताया कि औद्योगिक इकाइयों को आवंटित भूमि तीन साल में उपयोग में नहीं लाई गई, तो उसे रद्द कर दूसरी इकाई को दिया जाएगा। बताया कि वर्ष 2025-26 तक विनिर्माण क्षेत्र का पांच लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए फैक्ट्री अधिनियम के तहत 8,000 नई व विद्यमान इकाइयों का पंजीकरण होना है, जिनमें से 1,354 इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। योगी ने श्रम सुधार और अनुपयोगी भूखंडों को सक्रिय करने की गति तेज करने पर जोर दिया।

### भूमि अधिग्रहण में किसानों का हित सर्वोपरि

मुख्यमंत्री ने बैठक में औद्योगिक प्राधिकरणों को दो टूक कहा कि भूमि अधिग्रहण संवाद और समन्वय से होना चाहिए। भूमि किसी भी किसान की जीवन भर की पूंजी है। उसका शोषण कतई बर्दाश्त नहीं होगा। यदि अधिग्रहण जरूरी है, तो मुआवजा दर बढ़ाकर किसानों को संतुष्ट करें। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की नाराजगी किसी भी विकास परियोजना को ठप कर सकती है।

### फिनटेक हब और निर्यात रणनीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा या यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक आधुनिक फिनटेक हब विकसित किया जाएगा, जहां बड़े बैंकिंग संस्थानों के दफ्तर होंगे। उन्होंने जोर दिया कि यूपी को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी उत्पादों के निर्यात का हब बनाना है।

### विकसित होगा रोजगार का नया मॉडल

बैठक में मुख्यमंत्री ने हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार ज़ोन विकसित करने की कार्ययोजना पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि कम से कम 100 एकड़ में बनने वाले ये रोजगार ज़ोन उद्योग, निवेश, नवाचार, कौशल और उद्यमिता का नया मॉडल होंगे और पूरे देश के लिए मिसाल पेश करेंगे।

### योगी सरकार की उपलब्धियां

- अब तक 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी
- 15 लाख करोड़ निवेश प्रस्ताव धरातल पर
- 60 लाख से अधिक को मिला रोजगार

### जीबीसी@5 और आगे का रोडमैप

- नवंबर में जीबीसी@5, 5 लाख करोड़ रुपये निवेश
- हर जिले में सरदार पटेल रोजगार ज़ोन
- नोएडा क्षेत्र में फिनटेक हब
- 22 सितंबर से जीएसटी सुधार लागू
- 2025-26 तक विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी के जीवन पर लगाई गई प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत जिला सूचना विभाग की ओर से तिकोनिया पार्क में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुभासपा विनीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी ने प्रधानमंत्री के जीवन पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देखा। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी गयी है।

### स्पेशल किट बनीं बाढ़ पीड़ितों का संबल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन ने आपदा राहत में जनसहभागिता की मिसाल पेश की है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट तैयार कर बाढ़ पीड़ितों को वितरित की जा रही हैं। करीब 45 लाख रुपये की लागत से बनी इन किटों में मच्छरदानी, छाता, बैटरी-टॉर्च, आदि शामिल है। एक किट की कीमत लगभग 900 रुपये है। निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को किट दी जा रही है।

### फार्मा और बायोटेक क्षेत्र में हुआ एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र. प्रोमोट फार्मा काउंसिल और राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), रायबरेली के मध्य यह एमओयू (समझौता) हुआ है, इससे प्रदेश में दवाओं और मेडिकल उपकरणों के निर्माण, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। प्रमुख सचिव, गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी), तीनों संस्थाओं के आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने इस साल 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा है। वहीं, बीते साल यहां से इजराइल भेजे गए श्रमिकों ने उत्तर प्रदेश को लगभग 1400 करोड़ रुपये का रेमिटेंस भेजा है। इस बीच भविष्य में रोजगार के अवसरों की पहचान को लेकर कोई ठोस योजना बनाने से पहले जल्द ही फिक्की, एसोचैम और सीआईआई जैसे उद्योग संघों के साथ मंथन बैठक सरकार के प्रतिनिधि करेंगे।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन तथा सचिव राज्य संचालन समिति एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् के मुताबिक, राज्य सरकार ने युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मिशन का गठन किया है। पिछले वर्ष मिशन के माध्यम से 5978 निर्माण श्रमिकों को इज़राइल भेजा गया, जिससे प्रदेश को लगभग 1400 करोड़ रुपये का रेमिटेंस प्राप्त हुआ। इस वर्ष 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने, देश के निजी क्षेत्र में 3 लाख अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने और 4 लाख अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसलिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# एक अक्टूबर से शुरू होगी मोटे अनाज की खरीद

## 31 दिसंबर तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पंजीकृत किसानों से होगी खरीद, भुगतान सीधे बैंक खाते में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** डबल इंजन सरकार किसानों को श्रीअन्न (मोटे अनाज) की खेती से जोड़ने के लिए नई व्यवस्था लागू कर रही है। वर्ष 2025-26 के लिए मक्का, बाजरा और ज्वार की सरकारी खरीद पहली अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी। इसके लिए किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण जारी है। खाद्य व रसद विभाग के अनुसार पंजीकरण fcs.up.gov.in अथवा यूपी किसान मित्र ऐप पर अनिवार्य है।

पंजीकृत किसानों से ही खरीद होगी। भुगतान सीधे आधार-लिंक्ड बैंक खातों में जाएगा। बिचौलियों को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए खरीद केंद्रों पर ई-पॉप मशीन से बायोमीट्रिक सत्यापन अनिवार्य रहेगा। किसी समस्या के लिए किसान टोल-फ्री नंबर 18001800150 पर मदद ले सकते हैं। साथ ही वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और विपणन निरीक्षकों से भी संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रीअन्न की खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने का साधन है, बल्कि पोषण सुरक्षा और जलवायु अनुकूल कृषि को भी बढ़ावा देती है। सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक किसान मक्का, बाजरा और ज्वार की खेती से जुड़ें और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ लें।



### न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी

मक्का : 2400/कुंतल

बाजरा : 2775/कुंतल

ज्वार (हाइब्रिड) : 3699/कुंतल

ज्वार (मालवांडी) : 3749/कुंतल

### कहां-कहां होगी खरीद

**मक्का :** बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर।

**बाजरा :** बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव।

**ज्वार :** बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन।

# नवरात्र से कीजिए नई एसी बसों में सफर

## परिवहन निगम के बेड़े में दो कैटेगरी की अत्याधुनिक तकनीक से लैस 200 बसों को किया जा रहा शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व पर वातानुकूलित सेवाओं का उपहार देने जा रहा है। निगम अपने बेड़े में 200 नई एसी बसों को शामिल कर इनका संचालन शुरू करने जा रहा है। इसके लिए दो कैटेगरी की बसों को इस बेड़े में शामिल किया जा रहा है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि ये सभी बसें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इन बसों की विशेषता यह है कि इनमें 2×2 सीटर आरामदायक रीक्लाइन सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में भी पूर्ण सुविधा और आराम मिले और उन्हें सफर में थकान न महसूस हो। इसका रूट प्लान जल्द जारी होगा। डिपो को आवंटित किए जाने के बाद प्रदेश की विभिन्न सड़कों पर यह लक्जरी बसें दौड़ती नजर आएंगी।



बेड़े में शामिल होने वाली एसी बसों को दिखाते परिवहन निगम के अधिकारी। अमृत विचार

### 2×3 सीटर की 72 बसें भी आएंगी

परिवहन निगम के प्रवक्ता अमरनाथ सहाय ने बताया कि 200 टू-बाई-टू बसों के अलावा करीब 72 बसें टू-बाई-थ्री सीटर भी आने वाली हैं। जहां टू-बाई-टू बसों का मतलब दोनों ओर यात्रियों के लिए दो-दो सीटें वहीं टू-बाई-थ्री में एक ओर तीन सीट और दूसरी ओर दो सीटों की व्यवस्था यात्रियों के लिए होती है। दो सौ बसें 44 सीटर और शेष 50 सीटर वातानुकूलित हैं। आने के बाद इन्हें भी बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।



आरामदायक सीटों से लैस बसें।

### वर्ष 2022 से 5,000 से अधिक बसें शामिल

मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 2022 से अब तक 5,000 से अधिक बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बेड़ा वर्तमान में देश की सबसे युवा फ्लीट बन चुका है। परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# घोटाले के आरोपी अफसरों की संपत्तियां की गईं कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए के तहत की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इलाहाबाद जोन की टीम ने भगवती प्रसाद वर्मा और अतहर परवेज की संपत्तियों को कुर्क किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए की विशेष अदालत के आदेश पर की गई। दोनों के खिलाफ 24 अप्रैल को अभियोजन शिकायत दायर की थी। जिसका संज्ञान अदालत ने 9 सितंबर को लिया।

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने एसीबी, सीबीआई लखनऊ द्वारा भ्रष्टाचार निवासी अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। मामला 2007-10 के दौरान सात जिलों बलरामपुर, गोंडा, महोबा, सोनभद्र, संत कबीर नगर, मिर्जापुर और कुशीनगर में आधिकारिक पद के दुरुपयोग, आपराधिक साजिश और मनरेगा फंड के दुरुपयोग से जुड़ा है। ईडी की जांच में सामने आया कि भगवती प्रसाद वर्मा तत्कालीन परियोजना निदेशक (डीआरडीए) और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा और अतहर परवेज ने अन्य अधिकारियों व निजी आपूर्तिकर्ताओं से मिलकर संयुक्त समिति पंचायत उद्योग, चिनहट, लखनऊ और पंचायत उद्योग, झंझरी, गोंडा जैसी फर्मों से जॉब कार्ड, शिकायत पेटी, रजिस्टर, जनरेटर, टेंट, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी की टंकी, साइनबोर्ड और मुद्रण सामग्री की अत्यधिक दरों पर खरीदारी की। जिससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान हुआ। घोटाले की पुष्टि हुई। इसके बाद 29 नवंबर 2023 को अंतिम कुर्की आदेश के तहत लखीमपुर और कानपुर में स्थित 97.18 लाख रुपये की 9 संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

# पहाड़ों पर बारिश से पूर्वांचल की नदियां उफान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश का प्रभाव पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिखाई दे रहा है। पहाड़ों पर हो रही बारिश से खासकर गोरखपुर में बहने वाली नदियों का रौद्र रूप नजर आ रहा है। दरअसल, पूर्वी उप्र. के तराई इलाकों में भी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है।

इस कड़ी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, राप्ती केवल 82 सेंटीमीटर और रोहिन नदी खतरे के निशान से मात्र 4 सेंटीमीटर नीचे बह रही हैं। राप्ती-रोहिन और घाघरा नदी के उफान पर होने के कारण इन नदियों के किनारे बसे गांवों पर बाढ़ का खतरा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में भारी बारिश का सिलसिला थमेगा। इसके बाद प्रदेशवासियों को पुनः गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच 19 सितंबर को पश्चिमी उप्र. के कुछ इलाकों और पूर्वी राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

# वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक की दो संपत्तियां होंगी कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई अदालत में चल रहा आय से अधिक संपत्ति का मामला

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। न्यायाधीश ने आय से अधिक संपत्ति मामले में बुधवार को वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक की दो संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया। पासपोर्ट अधीक्षक गाजियाबाद में तैनात थे। वर्तमान में मुंबई में तैनात हैं।

सीबीआई ने 24 मार्च को मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी ने 30 जुलाई, 2018 से 30 सितंबर, 2024 तक की जांच अवधि के दौरान 85.06 लाख रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। जो उनकी ज्ञात आय का लगभग 146.43% है। उनके आवास की तलाशी में लगभग 60 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी, उच्च-मूल्य के खर्चों के रिकॉर्ड और अचल संपत्तियों में निवेश का विवरण मिला। जांच से पता चला कि आरोपी ने जांच अवधि के दौरान राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में एक आवासीय फ्लैट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक व्यावसायिक दुकान खरीदी थी।

सीबीआई के आवेदन पर अदालत ने दोनों संपत्तियों की अंतरिम कुर्की का आदेश जारी कर दिया।






# नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा ने बूथ कमेटियों व शक्ति केंद्रों को नए मतदाता बनाने के साथ मृतक व बाहर रहने वालों का नाम मतदाता सूची से हटाने का लक्ष्य सौंपा है। इसके लिए घर-घर जाकर नए युवा मतदाताओं की पहचान से लेकर उनका फार्म भराने का अभियान चलेगा। भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इसी अभियान को लेकर गुरुवार को प्रयागराज में थे।

भाजपा का फोकस वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में कम अंतर से हारी 53 सीटों में 15 ऐसी सीटों पर सबसे अधिक है, जहां एक हजार से कम मतों से जीत-हार हुई थी। हालांकि सभी सीटों पर पांच से सात हजार भाजपा समर्पित नए मतदाता पंजीकृत कराने की रणनीति बनाई गई है। जल्द ही पार्टी इसका अभियान शुरू करेगी। भाजपा इस अभियान के जरिए एक ओर जहां युवाओं और पहली बार वोट डालने वालों तक पहुंच बनाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर उन वर्गों को भी जोड़ने की कोशिश होगी जो अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं।

भाजपा अपनी युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिए कालेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष शिविर लगाकर युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने की योजना बनाई है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान की घोषणा होते ही पार्टी इसमें जुट जाएगी। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को प्रयागराज में कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना ही निश्चित विजय का फार्मूला है। शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच मजबूत सेतु है। शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी अनुशासित, परिश्रमी, ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाए।

# जीएसटी सुधार अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने जीएसटी रिफार्म का स्टिकर लांच कर अपनी व्हाट्सएप डीपी बदली। अभियान संयोजक, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी की गई है। इसी क्रम में प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पंचायतों, नगर निगमों और विकास खंडों में धन्यवाद प्रस्ताव पारित होंगे, प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होर्डिंग लगाई जाएंगी।

# 16 आईपीएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देवरिया, कुशीनगर और आजमगढ़ के एसपी पुलिस मुख्यालय से किए गए संबद्ध

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 10 जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें देवरिया, कुशीनगर और आजमगढ़ जिले के कप्तान पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, एसपी सुरक्षा जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया। वहां तैनात दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को एसएसपी बनाया गया है। वहीं, एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीना को हरदोई भेजा गया है। एसपी रेलवे आगरा अभिषेक वर्मा को सोनभद्र, एसपी प्रतापगढ़ डॉ. अनिल कुमार-2 को एसएसपी आजमगढ़, अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर, औरैया के एसपी अभिजीत आर शंकर को अंबेडकरनगर, प्रयागराज कमिश्नरेट के डीसीपी अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना, एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा और एसपी देवरिया विक्रांत वीर को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया। प्रयागराज 4वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया। एसपी बलिया अनिल कुमार झा को एसपी रेलवे आगरा और पीएसी 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज का सेनानायक बनाया गया है।

# सरयू की लहरों पर दिखेगा अनोखा रेस्टोरेंट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** इस दीपोत्सव पर अयोध्या को एक अनूठा उपहार मिल सकता है। सरयू नदी के किनारे पर्यटकों के लिए एक आधुनिक फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू किया जाएगा, जो न केवल अयोध्या के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव भी प्रदान करेगा। इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण मुंबई की कंपनी लिटमस मरीन ने किया है। लिटमस मरीन के प्रबंधक सुशील तंद्रे ने बताया कि यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 20.5 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा है। इसमें 12.6 मीटर का हिस्सा रेस्टोरेंट के लिए उपयोग किया जाएगा, जहां एक बार में 35 पर्यटक बैठ सकेंगे।

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राम मंदिर के निर्माण और अन्य पर्यटन परियोजनाओं के बाद यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट अयोध्या की ब्रांडिंग को और मजबूत करेगा। रेस्टोरेंट पूरी तरह से वातानुकूलित है और इसमें आधुनिक लाइटिंग सिस्टम के साथ-साथ एक सुसज्जित किचन भी है। इसे तैयार करने में डेढ़ माह का समय लगा। यह रेस्टोरेंट 10 से 15 मीटर गहरे पानी में संचालित हो सकता है, जो इसे सरयू नदी के प्रवाह में सुरक्षित और स्थिर बनाता है।

**सलाह** | विधानसभा अध्यक्ष ने लोक लेखा समिति की बैठक को किया संबोधित

# अनुभवी सदस्यों से सीख लें नए सदस्य : महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को लोक लेखा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समिति में सभी अनुभवी विधायक शामिल हैं, जिनकी कार्यक्षमता का उपयोग जनता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको जनहित के विषयों पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए। लोक लेखा समिति में जो सदस्य पहली बार शामिल हुए हैं, वे वरिष्ठ और अनुभवी सदस्यों से सीख लेकर समिति की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएं।



लोक लेखा समिति के सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

विधानसभा अध्यक्ष के मुताबिक, लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान के प्रति जवाबदेही पर आधारित है और सरकार जनता के करों से संचालित होती है। अतः जनप्रतिनिधियों की सीधी जिम्मेदारी है कि करदाता, विशेषकर गरीब जनता के धन का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

महाना ने लोक लेखा समिति की उद्घाटन बैठक के दौरान कहा कि लोक लेखा समिति का महत्व इसलिए और अधिक है, क्योंकि वित्तीय अनुशासन के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है।

वरिष्ठ विधायक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि विभिन्न विधानसभाओं में जाने पर उप्र. विधानसभा और उसकी गरिमा की चर्चा सर्वत्र देखने को मिलती है। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार सतीश महाना ने औद्योगिक विकास मंत्री के रूप में उल्लेखनीय बदलाव किए, उसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने विधानसभा और समितियों की गरिमा को नई दिशा प्रदान की है। लोक लेखा समिति की इस उद्घाटन बैठक में लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा सरकार में बिना कमीशन कार्य नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में कोई कार्य बिना कमीशन के नहीं हो रहा है। आम जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त है। जल जीवन मिशन से लेकर सड़कों के निर्माण तक में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी साफ-साफ दिखाई दे रही है। हजारों करोड़ के बजट का बंदरबांट हो गया लेकिन सड़कों के गड्ढे जस के तस बने हैं। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को साजिश के तहत योजनाबद्ध तरीके से तबाह और बर्बाद किया जा रहा है।

### फिटनेस हटाने के विरोध में चक्का जाम

**रामनगर, अमृत विचार :** एआरटीओ ऑफिस से वाहनों की फिटनेस हटाने के विरोध में गुरुवार को निजी वाहनों का चक्का जाम रहा। रामनगर से कुमाऊं और गढ़वाल के अलावा दूसरे राज्यों के लिए निजी कॉमर्शियल वाहनों का संचालन नहीं हुआ। टेंपो, ई-रिक्शा, जिप्सी के भी न चलने से आम लोगों के अलावा पर्यटकों को फजीहत झेलनी पड़ी। वाहन स्वामियों ने प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि
रामनगर से वाहनों को फिटनेस के लिए हल्द्वानी बुलाया जा रहा है, जहां भारी शुल्क लिया जा रहा है।

### पहली बार होगा फेंसिंग एशियन क्रेडिट कप

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** खेलों के इतिहास में पहली बार भारत फेंसिंग एशियन क्रेडिट कप की मेजबानी करने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का आगाज आज से गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। एशियन क्रेडिट कप में इस बार 16 देशों से करीब 65 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खास बात यह है कि भारत से रिकॉर्ड 145 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इससे भारतीय खिलाड़ियों को न केवल एशियाई स्तर पर प्रतिस्पर्धा का मौका मिलेगा, बल्कि भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी जुटेगा। खेल को निष्पक्ष और उच्च स्तर पर संपन्न कराने के लिए 14 इंटरनेशनल रेफरी के साथ-साथ अनुभवी भारतीय रेफरी भी मौजूद रहेंगे।

# नन्हीं परी मामला : सड़कों पर उबाल, प्रदर्शन

## हल्द्वानी में आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को फांसी की सजा देने का मुद्दा उठाया, कई जगह लोग भड़के

संवाददाता, हल्द्वानी



तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में नन्हीं परी प्रकरण में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग को लेकर शहर में जुलूस निकालती आक्रोशित भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चर्चित नन्हीं परी हत्याकांड के मुख्य आरोपी अख्तर अली को बरी किए जाने के फैसले के बाद कुमाऊं ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में उबाल है। उत्तराखंड में जगह-जगह लोग इस मुद्दे पर भड़क उठे। गुरुवार को पहाड़ी आर्मी समेत विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में शहर की सड़कों पर सैकड़ों लोग उतर आए और जोरदार प्रदर्शन किया।

बुद्ध पार्क में जुटी भीड़ ने आरोपी को फांसी देने की मांग की। पुलिस ने पार्क का मुख्य गेट बंद कर आक्रोशित भीड़ को वहीं रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी गेट व पार्क की चहारदीवारी फांदकर बाहर निकल आए और बुद्ध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक विशाल जुलूस निकाला। लोगों ने हाथों में नन्ही बिटिया को न्याय दिलाने, पुनर्विचार याचिका दायर करने समेत अलग-अलग पोस्टर हाथों में लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि, पुलिस ने संयम बरतते हुए स्थिति को नियंत्रण में रखा। प्रदर्शन में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश भी शामिल हुए। आंदोलन को सामाजिक, राजनीतिक और छात्र संगठनों के साथ-साथ लोक कलाकारों ने भी समर्थन दिया। लोक कलाकार श्वेता महर, इंदर आर्य, राकेश खनवाल और भावना चुफाल ने प्रदर्शन में शिरकत की। अंत में सभी ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंप कर मांगी की कि इस प्रकरण में राज्य सरकार पुनर्विचार याचिका दायर करे और दोषी को फांसी की सजा दिलाए।

## पुनर्विचार याचिका दायर करेगी सरकार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** वर्ष 2014 में काठगोदाम में मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी सात वर्षीय बच्ची नन्हीं परी के साथ हुई दरिंदगी के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले में आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से दोषमुक्त किए जाने का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस मामले में आरोपी को निचली अदालत और हाईकोर्ट से सजा हो चुकी थी, लेकिन अब किन्हीं कारण से सुप्रीम कोर्ट से आरोपित बरी हो चुका है इसलिए न्याय विभाग को

● **मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में फिर मजबूत पैरवी के लिए दिए निर्देश**

इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुनर्विचार याचिका दाखिल करते हुए मजबूत पैरवी के साथ सजा सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस केस को मजबूती से लड़ेगी, इसमें अच्छी से अच्छी लीगल टीम को लगाया जाएगा।

कहा कि देवभूमि में इस तरह के कुकृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। न्याय की इस लड़ाई में सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए सरकार लगातार प्रदेश में सत्यापन अभियान चला रही है। सरकार देवभूमि की अस्मिता पर कोई चोट नहीं पहुंचने देगी।

## पुलिस मुठभेड़ में गोकश गिरफ्तार, अवैध तमंचा व प्रतिबंधित पशु बरामद

बागपत, एजेंसी

जिले की बिनौली थाना पुलिस ने मुठभेड़ में एक गोकश को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और उसका खोखा, गोकशी के उपकरण, एक मोटरसाइकिल और एक प्रतिबंधित पशु बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान ने गुरुवार सुबह मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार देर रात बिनौली पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गोकश ग्राम दादरी मोड़ के जंगल में गोकशी करने के फिराक में है।

सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गोकशों को घेरने की कोशिश की तो पुलिस पर गोली चला दी गई। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान नाजिम पुत्र शहीद निवासी ग्राम शेखुपुरा, थाना बिनौली, जनपद बागपत के रूप में हुई है। घायल बदमाश के दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से .315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा व तीन खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण (एक दाब, तीन छुरे, एक रस्सा), हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक प्रतिबंधित पशु बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी पर विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं ।आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं । पुलिस ने बताया कि घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

## क्वालिटी बार प्रकरण में आजम को मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रामपुर के पूर्व सांसद आजम खान को बहुचर्चित क्वालिटी बार कब्जा मामले में जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने 21 अगस्त को आदेश सुरक्षित रखा था, जिसे 18 सितम्बर को सुनाया गया। यह मामला वर्ष 2014 के भूमि आवंटन से जुड़ा है।

आरोप है कि उस समय कैबिनेट मंत्री रहे आजम खान के प्रभाव में जिला सहकारी समिति की भूमि उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को बेहद कम किराये पर दे दी गई थी। 21 नवम्बर 2019 को क्वालिटी बार के मालिक गगन अरोड़ा की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें तत्कालीन पालिका परिषद अध्यक्ष सैयद जफर अली जाफरी सहित तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम नामजद हुए थे।

प्रारंभिक जांच में आजम खान का नाम नहीं था, लेकिन 2024 में आगे की जांच में उन्हें भी आरोपी बनाया और 2025 में आरोपपत्र दाखिल हुआ। कोर्ट ने माना कि भूमि आवंटन (2014) और एफआईआर (2019) में पांच साल की देरी स्पष्ट दिखती है, साथ ही आरोप मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय हैं और 77 वर्षीय आजम खान 8 महीने से जेल में निरुद्ध हैं। उनके खिलाफ 110 मुकदमे दर्ज हैं।

## सरयू में नाव पलटी 3 युवकों की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जयसिंहपुर व निम्दीपुर के बीच बुधवार की रात सरयू नदी में नाव पलटने से तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। तीनों के शव गुरुवार की सुबह बरामद हुए। मृतकों में दो युवक लखनऊ के निवासी थे। जयसिंहपुर निवासी अजय कुमार निषाद (28) की पत्नी का बुधवार को दसवां था जिसमें शामिल होने के लिए रिश्तेदार लखनऊ के राजाजीपुरम हैदर कैनाल निवासी गोपी निषाद (18) व अंकुर निषाद (20) भी आए थे।

कार्यक्रम के पश्चात गोपी, अंकुश व अजय कुमार निषाद गांव के निकट ही सरयू नदी में नाव से नहाने गए। तेज बहाव के चलते नाव पलटने से नदी में डूब गए। सूचना पर गंडारा चौकी प्रभारी पंकज सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे लेकिन अंधेरे के कारण युवकों का कुछ पता नहीं चल सका। सुबह तीनों शव बरामद कर लिए गए।

## चंदौसी तहसील में कमरे में 6 घंटे बंद रही युवती, पुलिस ने आकर बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता



युवती को कमरे से निकालने के लिए खड़ी पुलिस। ● अमृत विचार

**संभल,चंदौसी,** अमृत विचारः चंदौसी तहसील परिसर में विनियमित क्षेत्र के लिपिक के क्वार्टर में हिंदू युवती को करीब 6 घंटे तक बंद रखा गया। लोगों को गुमराह करने के लिए दरवाजे पर ताला लटका दिया गया था। जब मामले का खुलासा हुआ तो हिंदू समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने युवती को कमरे से निकाला।

चंदौसी तहसील परिसर में विनियमित क्षेत्र कार्यालय के कर्मचारी रिजवान के कमरे में सुबह लोगों ने एक युवती को जाते देखा। आरोप है कि युवती के घर में जाने के कुछ देर बाद रिजवान बाहर निकला और बाहर से ताला लगाकर चला गया। इसके बाद ही चर्चाएं शुरू हो

● **बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, हंगामे के बाद पुलिस ने कमरे से निकाला**

गईं। हिंदू संगठनों के हंगामे के बाद शाम करीब 5:30 बजे पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया और लड़की को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस लड़की को अपनी सुरक्षा में कोतवाली ले गई। कौशल किशोर वंदे मातरम् और राजकुमार ठाकरे सहित कई लोगों ने आरोप लगाया कि लड़की को शादी कराने के इरादे से बुलाकर बंद रखा गया। जांच की मांग की। नायब तहसीलदार सत्येंद्र चाहर ने कहा कि मामला पुलिस जांच करेगी। इस पूरे प्रकरण पर अभी तक पुलिस या सक्षम अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## विमान के शौचालय में धूम्रपान करने के आरोप में पकड़ा गया यात्री

**लखनऊ, एजेंसीः** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री को विमान के शौचालय में धूम्रपान करते पाए जाने पर हिरासत में ले लिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को इंडिगो की उड़ान के दौरान शौचालय से धुआं निकलते देख विमान में अफरा-तफरी मच गई।

सरोजिनी नगर के थाना प्रभारी राजदेव प्रजापति ने बताया कि विमान के लखनऊ में उतरने के बाद एयरलाइन चालक दल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यात्री मोहम्मद नासिर (46) को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वह उड़ान संख्या 6E98 से दम्माम से लौट रहा था। इसी दौरान उसने शौचालय के अंदर कथित तौर पर सिगरेट जला ली।

# बाल श्रम के खिलाफ होगी ठोस कानूनी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बाल श्रम उन्मूलन को लेकर आयोजित मंडलीय कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना के तहत सरकार बाल श्रम में लगे बच्चों की पहचान करने और उन्हें बचाने के प्रयासों को तेज करेगी और बाल श्रमिकों के नियोक्ताओं के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी।

कार्यशाला का आयोजन बाल श्रम से सम्बंधित मंडल व जिला स्तर के रुझानों को समझने और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया था है। लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी, अजय जैन के नेतृत्व श्रम विभाग द्वारा में यूनिसेफ के सहयोग से मंडलीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला

● **बाल श्रम उन्मूलन पर मंडलीय कार्यशाला आयोजित**

का आयोजन गुरुवार को लखनऊ में किया गया। अजय जैन ने जिले में प्रायोजन (स्पान्सर्शिप) योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व विधवा पेंशन जैसी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर कवरेज के माध्यम से बाल श्रम के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान उत्तर प्रदेश के यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ, सैयद मंसूर कादरी ने स्कूल न जाने वाले बच्चों और प्रवासी बच्चों की मजबूत जानकारी और डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, खीरी, उन्नाव, व रायबरेली के शिक्षा, महिला कल्याण, श्रम, पुलिस, कौशल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, ग्रामीण विकास, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाइयों (डीसीपीयू), बाल हेल्पलाइन (सीएचएल) और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (एएचटीयू) के सदस्यों ने भाग लिया।

## टीएमयू में नर्सिंग छात्रा ने दी जान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में गुरुवार को बीएससी नर्सिंग की छात्रा ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

संभल जिले के असमोली की रहने वाली दीक्षा बीएससी नर्सिंग फाइनल सेमेस्टर की छात्रा थी। गुरुवार को वह कॉलेज यूनिवर्सिटी पहुंची। दोपहर 2:10 बजे उसने 16 अन्य छात्राओं के साथ तीसरी मंजिल पर बने कक्ष में परीक्षा दी। परीक्षा के बाद सभी छात्राएं नीचे उतरने लगीं, लेकिन दीक्षा रुक गई। कुछ देर बाद उसने अचानक खिड़की पर चढ़कर छलांग लगा दी। यह देख पांच छात्राएं सदमे में बेहोश हो गईं। दीक्षा को यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया।

## महंगा हुआ गोला रूट से होकर सफर

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी



फरधान के पास बना टोल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** 10 सितंबर को टोल टैक्स शुरू होने के बाद गोला रूट से सफर महंगा हो गया है। परिवहन निगम ने अपनी बसों का किराया बढ़ा दिया है। इससे दिल्ली, कानपुर, लखनऊ की बसों में प्रति यात्री चार रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई है। परिवहन निगम ने ईटीएम मशीनों में बढ़ा किराया भी अपडेट कर दिया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 10 सितंबर से लखीमपुर फरधान के बीच बौंठा गांव में बना टोल शुरू करा दिया। इससे 10 सितंबर से टोल पर टैक्स की वसूली शुरू हो गई। ऐसे में रोडवेज बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों पर भी किराये का बोझ बढ़ गया है। टोल पर लिए जा रहे टैक्स को लेकर रोडवेज ने प्रति यात्री चार किराए में चार रुपये की बढ़ोत्तरी कर दी है। अकेले लखनऊ से लेकर दिल्ली रूट पर लखीमपुर और गोला डिपो की करीब 40 से 50 बसें रोजाना रवाना होती हैं। जबकि अन्य डिपो की बसों की संख्या सैकड़ो में है। इन बसों से प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। गोला डिपो की बसों में फरधान का किराया नहीं बढ़ा है। इसी तरह लखीमपुर डिपो की बसों में रूकंदीपुर का। परिचालकों ने बताया कि गोला से चलने वाली बसों का फरधान तक का किराया जस का तस है।

टोल पार करने के बाद के स्टापेज के किराए में चार रुपये बढ़े हैं। इसी तरह रुकुंदीपुर स्टापेज तक का किराया नहीं बढ़ा है। जबकि फरधान के किराए में चार रूपये की बढ़ोत्तरी हुई है।

## युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका

संवाददाता, पाकबड़ा



मृतक योगेश।

**अमृत विचार :** युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंककर हत्यारे फरार हो गए। गुरुवार सुबह इसकी जानकारी मिलने पर परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। सीओ हाईवे ने घटना की जानकारी ली। बड़े भाई की तहरीर के आधार पर गांव के ही तीन पिता पुत्रों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वजह अभी साफ नहीं है। सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा के निवासी जागेंद्र का पुत्र योगेश(22) पेंटर था। बुधवार को रोजाना की तरह काम से घर शाम को 5:00 बजे लौटा। उसके बाद साइकिल लेकर यह कहकर निकला कि अभी थोड़ी देर में आ रहा हूं। लेकिन वह रात में घर नहीं पहुंचा और ना ही उसका फोन उठा। परिजनों ने रात भर उसकी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। गुरुवार की सुबह अगवानपुर बाईपास पर मोड़ा तैय्या कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क पर उसका शव मिला। उसके माथे और सिर पर गंभीर घाव मिले। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने शव देखा तो सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान योगेश के रूप में हुई। थानाध्यक्ष योगेश कुमार मावी ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। सभी साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक की टीम एवं सीओ हाईवे राजेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए।

थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन नामजद आरोपियों गौरव पुत्र शोभाराम, कपिल पुत्र शोभाराम, शोभाराम पुत्र रामप्रसाद निवासी गुरेठा इन तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### ठिरिया की बिजली आज बंद रहेगी

**कैंट अमृत विचार :** 33/11 केवी उपकेंद्र ठिरिया निजावत खां में सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को छह घंटे बाधित रहेगी।एसडीओ लालफाटक अमित गंगवार ने बताया कि फीडर में नया उपकरण लगाने के कार्य के चलते सुबह 10 से सायं चार बजे तक उपकेन्द्र से पोषित सभी फीडरों में बिजली बाधित रहेगी।

### बिजली आपूर्ति आज व कल बाधित रहेगी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** 33/1 फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र फतेहगंज पश्चिमी की हाईटेंशन लाइन की मरम्मत ओर लाइन के पास से गुजर रहे पेड़ों की टहनियों की छटाई कार्य किया जाना है। इसके लिए 19 व 20 सितबर को दिन में 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ अंकित द्विवेदी ने दी है।

### युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**फतेहगंज पश्चिमी अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मुगलपुर निवासी राहुल पुत्र महेंद्र पाल की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। राहुल नशे का आदी था। मंगलवार को वह धनेटा बाजार गया, जहां से जहरीला पदार्थ खरीदकर खा लिया।कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार की रात उसकी मौत हो गई।

### दो क्लीनिकों पर 6 हजार का जुर्माना

**फतेहगंज पश्चिमी अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने खुले में बायोमेडिकल वेस्ट फेंकने पर दो क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने 6000 रुपये का जुर्माना वसूला है अफसरों ने कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट अधिकृत एजेंसी को ही दे।

### दिल्ली की टीम ने की वांछित की गिरफ्तारी

**मीरगंज अमृत विचार :** गुरुवार को दिल्ली नारकोटिक्स टीम ने गांव गुगई में मीरगंज पुलिस के साथ दबिश दी । गांव में बैंक के बराबर आरोपी के घर पर दबिश दी और वहां से आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को घर की तलाशी में स्मैक और लाखों रुपये बरामद किये हैं। गुरुवार को दिल्ली की नारकोटिक्स की टीम ने वांछित उवैश उर्फ गुल्लू निवासी गुगई को गिरफ्तार किया। एसआई संजय कुमार और कांस्टेबिल के साथ दिल्ली पुलिस मौके पर गई। टीम को उवैश अपने घर पर सोता हुआ मिला। उसे गिरफतार कर लिया।

# फसल पर बीमारी का प्रकोप किसानों की मेहनत पर भारी

संवाददाता, भदपुरा

- हल्दी और कंडुआ रोग झुलसा रहा फसल, किसान चिंतित

**अमृत विचार :** भदपुरा और आसपास के गांवों में धान की फसल इस समय पक कर तैयार खड़ी है। लेकिन कटाई से पहले ही खेतों में बीमारी का प्रकोप किसानों की मेहनत पर भारी पड़ रहा है। फसल पर हल्दी रोग और कंडुआ का हमला इतना तेज है कि देखते ही देखते खेतों की हरी-भरी बाली पीली पड़कर झुलसने लगी है।

किसान बताते हैं कि बाली पर गोल-गोल पीले अंडे दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। तना कमजोर हो गया है और धान खेतों में गिरने लगा है। खेतों की यह हालत देखकर किसान परेशान हैं कि कटाई के समय उत्पादन नाममात्र ही निकल पाएगा। क्षेत्र के संतोष कुमार, देवदत्त, नेत राम, सत्यपाल, डोरी लाल मौर्य, तुला राम, भगवानदास, जयपाल, डोरीलाल, नन्हेलाल समेत कई किसानों का कहना है कि महंगी दवाओं के छिड़काव के बावजूद कोई असर नहीं दिख रहा। एक-दो रात में ही यह रोग तने को कमजोर कर पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लेता है।



भदपुरा में धान की फसल में लगा कंडुआ हल्दी रोग। ● अमृत विचार

डडिया सफदर अली, ढकिया बर्कली साहब, बिहारीपुर, नकटी नारायणपुर, सिठौरा, भदपुरा, नवादा और वीरमपुर सहित दर्जनों गांवों में धान की 20 से 30 प्रतिशत फसल प्रभावित हो चुकी है। बारिश थमने के बाद से स्थिति और बिगड़ गई। अब खेतों में पत्तियां पीली होकर सूख रही हैं और तने झुकने लगे हैं।

किसानों का कहना है कि रोग फैलते ही उनकी मेहनत चौपट होती दिख रही है। कटाई



हल्दी और कंडुआ रोग से खराब फसल दिखाता किसान।

में दिक्कत और उत्पादन घटने की आशंका ने नींद उड़ा दी है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए और मुआवजे की व्यवस्था की जाए।

# महतारी सम्मान यात्रा राजपुरकला पहुंची

राजपुर कला, अमृत विचार।

**अमृत विचार :** बुधवार से शुरु हुई महतारी सम्मेलन यात्रा गुरुवार को राजपुरकलां पहुंची। यहां बाजार परिसर में विशेष कार्यक्रम हुआ। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वास्थ्य पखवाड़ा व महतारी सम्मान यात्रा का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया। स्वास्थ्य पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाएंगे। साथ ही राशन कार्ड समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से मिलेगा। कार्यक्रम में पोषण स्टॉल पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण किट भेंट की गई और गोद भराई की रस्म की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिलाओं और किशोरियों की जांच कर उन्हें दवाएं भी दीं। इसके बाद यह कारवां बरा सिरसा, भजनई, मुगलपुर, खटेटा, गुलडिया, लाभारी, ढकपुरा, पिपरिया, गुरगांव, शिवपुरी में पहुंचा।

# दिनदहाड़े महिला के कुंडल लूटे

## रबर फैक्ट्री के पास सुबह आठ बजे वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हुए बाइक सवार

संवाददाता, क्योलड़िया

**अमृत विचार।** कनागत में मायके से लौट रही महिला के कान के कुंडल छीनकर लुटेरे फरार हो गये। जाते जाते कह गये शोर मचाया तो जान से मार देंगे। लुटेरों की धमकी की परवाह किए बगैर महिला ने वारदात के बाद शोर भी मचाया लेकिन बदमाशों के डर से कोई राहगीर मदद को आगे नहीं आया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मुन्नी देवी

थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर कुइयां निवासी मुन्नी देवी ( 60) पति भगवान दास और दिव्यांग बेटे सुरेन्द्र व नातिन के साथ नवादा इकरामुल्ला स्थित अपने मायके गई थी। वहां से गांव वापस आते समय क्योलड़िया की तरफ से सुबह आठ बजे दो बाइक सवार लुटेरे आए और रबर फैक्ट्री के पास दिनदहाड़े गुरुवार को महिला के कानों से सोने के कुंडल छीन कर फरार हो गए। बदमाशों ने जाते समय महिला को धमकी दी शोर मचाया जान से मार देंगे। घटना से सड़क पर आते जाते रहागीरो में हड़कंप मच गया महिला ने थाने पहुंचकर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की पुलिस थाना प्रभारी राजबली सिंह पुलिस फोर्स के साथ स्थल पर पहुंचकर लुटेरों कि खोजबीन की। पुलिस बाजार की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमेरों से बदमाशों की खोजबीन में जुटी है।

### युवती के साथ मारपीट, नकाबपोश पर्स लेकर भागे

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती से शाम को घर जाते समय नकाबपोश लुटेरे पर्स छीनकर फरार हो गये। पर्स को बचाने के लिए युवती ने नकाबपोश से मुचैटा लिया लेकिन बदमाश युवती के साथ मारपीट करके भाग गये। मामले की घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी के जरिए बदमाशों की तलाश में जुटी है। बहेड़ी की पंजाबी कालोनी में गुरुद्वारा गली निवासी युवती बरेली में हेडपोस्ट आफिस में काम करती है। बुधवार को वह कार्यालय से शाम को घर जा रही थी। वह रोडवेज बस स्टैंड पर उतरकर पैदल घर जा रही थी। तभी कुछ दो अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश युवती का पर्स छीनकर भागे। युवती ने पर्स बचाने चिल्लाई तो बदमाशोंने उसकी पिटाई कर दी । आसपास के लोग जब तक युवती के पास आए तब तक बदमाश पर्स लेकर फरार हो गये। परिजनो ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन लुटेरों का पता नहीं चल सका। पुलिस सीसीटीवी से लुटेरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# पुत्री के जन्म पर महिला को पिलाया पेट्रोल

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** पुत्री को जन्म देने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को जबरन पेट्रोल पिलाकर मारने का प्रयास किया। मामले में ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बदायूं के थाना मूसाझाग क्षेत्र के निवासी चंद्रपाल ने 3 साल पहले पुत्री का विवाह थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर जेड़ निवासी लीलाधर के पुत्र कुंवर सेन से किया था। इस दौरान विवाहिता ने एक लड़की को जन्म दिया लेकिन लड़की को अभिशाप मानने वाले ससुराल वालों द्वारा ठीक देखभाल नहीं की गई और नवजात लड़की की मृत्यु हो गई। कुछ समय बाद उसने फिर पुत्री को जन्म दिया।



परिजन के साथ थाने पहुंची पीड़िता। ● अमृत विचार

पुत्री के जन्म के बाद से ससुराल वाले लगातार उसे प्रताड़ित करने लगे। बुधवार को पति कुंवर सेन, ससुर लीलाधर, सास, ननद व जेठानी बबली सभी ने एक राय होकर विवाहिता को मारा-पीटा और उसे जबरन पेट्रोल पिला दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

पीड़िता के पिता, भाई नाते-रिश्तेदारों और पुत्री को ससुराल से लेकर फरीदपुर कोतवाली पहुंचे तो पीछे से ससुराल वाले भी पहुंच गए। दोनों पक्षों में सुलह के प्रयास चलते रहे । पीड़िता के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### थैला काटकर 50 हजार चोरी, महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** बैंक में एक व्यक्ति के थैले को काटकर 50 हजार की नकदी चोरी कर ली गयी। पीडित ने दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अलीगंज के गांव अनुरुद्धपुर निवासी सन्तोष कुमार मिश्रा ने बताया कि दो दिन पूर्व बेटे उत्कर्ष मिश्रा के साथ स्टेट बैंक में खाते से 60 हजार रुपये निकालने आया था। काउंटर से रूपये मिलने पर उसने कपडे के थैले में रख लिए। इस दौरान उनका बेटा पासबुक प्रिंट कराने लगा।

इसी बीच दो अज्ञात महिलाओं ने उसके थैले को काटकर 50 हजार रुपये निकाल लिए। शेष 10 हजार रुपये थैले में ही रह गये। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर महिलाओं की तलाश आरम्भ कर दी है।

# श्मशान भूमि की पैमाइश से ग्रामीणों में नाराजगी

संवाददाता, नवाबगंज।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गाँव सिजौलिया में शमशान भूमि की पैमाइश को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को लेखपाल और कानूनगो मौके पर पहुंचे और भूमि की पैमाइश की, लेकिन ग्रामीण इस पैमाइश से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने पैमाइश बरती गई कमियों की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शमशान



जमीन की पैमाइश करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

भूमि को नहर की ओर बढ़ाकर गलत तरीके से नापा गया है। उनका कहना है कि इससे अंतिम संस्कार में असुविधा होगी। पैमाइश से असंतुष्ट ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि न्यायपूर्ण पैमाइश नहीं कराई गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। ग्रामीण प्रदीप कुमार, हरीश कुमार, राम कैलाश, रतन लाल, दीपक कुमार, धनपाल, शिवम, रामचंद्र, संजीव कुमार, प्रेम पाल और गंगाराम ने सामूहिक रूप से इस मामले में आवाज़ उठाई है।

लेखपाल विजय कुमार ने बताया कि राजस्व निरीक्षक लाला राम और लेखपाल योगेश कुमार के साथ मिलकर शमशान भूमि की पैमाइश की गई है। रकबा पूरा नापा गया है और ग्रामीणों के लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# सड़क पर घायल को देख मंत्री ने भिजवाया अस्पताल

संवाददाता, आंवला।

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला सड़क पर गिरकर गंभीर अवस्था में घायल हो गई। सड़क पर कराह रही महिला को देखकर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह का गुजर रहा काफिला रुक गया। मंत्री ने घायल को अस्पताल भिजवाया।

रामनगर - मऊचंदपुर मार्ग के मध्य एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठी कल्याणपुर गांव निवासी छोटी बेगम पत्नी बुंदा खां घायल हो गयीं। टक्कर मारकर वाहन फरार हो गया।

महिला गांव से आंवला जा रही थी। वहीं रास्ते से गुजर रहे कैबिनेट मंत्री ने काफिले को रोककर घायल महिला को अपने वाहन से रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे बरेली रेफर कर दिया।

# बूथ मजबूत करने के साथ संपर्क भी बढ़ाएं

संवाददाता,नवाबगंज

- बूथ सम्मेलन में पूर्व मंत्री भगवत सरन ने दिए चुनावी टिप्स

**अमृत विचार :** सपा के बूथ अध्यक्ष स्तरीय सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने बूथ अध्यक्षो को अपने बूथ मजबूत करने के साथ ही संपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए ।

पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार व जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने बूथ अध्यक्षों को अपने बूथों से सम्बद्ध युवाओं के मत बढ़वाने के साथ ही पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए । पूर्व मन्त्री ने भाजपा की नीतियो को आमजन विरोधी बताते हुए कहा कि आसन्न पंचायत चुनावों में सड़क से सदन तक सपा की तूती बोलनी है ।

एक बारात घर में हुए सम्मेलन में बूथ , सेक्टर व जोनल प्रमुखों के साथ बड़ी संख्या में प्रधान व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान अनिल गंगवार, नगर अध्यक्ष एनए अंसारी, सुरेन्द्र सोनकर, छेदालाल दिवाकर,नरोत्तम दास गंगवार, पुरुषोत्तम गंगवार, तेज प्रकाश गंगवार, अरविन्द गंगवार डब्लू, डा. नुक्ता प्रसाद, नीलम गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, हाजी मुख्तयार अंसारी नीलम वर्मा, प्रहलाद गंगवार व भूपराम गंगवार आदि रहे।

### अवैध खनन पर दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

**फरीदपुर अमृत विचार :** क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार अंधाधुंध चल रहा है। अफसरों के औचक निरीक्षण का भी भय खननकर्ताओं को नहीं है।

रात में यह काम बेखौफ होकर चलता है। एनएच 30 पर यह काम जोरों पर चल रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर खनन विभाग ने बिना नंबर के दो ट्रैक्टर सीज किये हैं एनएच 30 के पचौमी भगवानपुर फुलवानवादा बन नवदिया अशोक जेड़अंधरपुरा शंकरपुर केसरपुरहरहरपुर दर्जनो गांवो में जमीन का तालाब में बदल दिया है। देर रात तक मिट्टी की खुदाई होती है। एसडीएम मल्लिका नैन ने बताया कि खनन की सूचना तो मिली है। मगर ट्रैक्टर ट्रॉली सीज की जानकारी नहीं है।

# छात्रा को ले जाने में दूसरे समुदाय के युवकों पर केस

संवाददाता, भोजीपुरा

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्रा को बरामद किया

**अमृत विचार :** गांव से पढ़ने गई इंटर की छात्रा को दूसरे समुदाय के युवक बहला फुसलाकर ले गये। छात्रा के पिता ने युवकों सहित तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा के पिता का कहना है उनकी पुत्री कॉलेज गई थी छुट्टी होने के बाद जब घर वापस नहीं लौटी तो घर वालों की चिंता बढ़ गई । काफी खोजबीन करने पर पता चला कि उनकी पुत्री को गांव के ही रहने वाले दूसरे समुदाय के दो लड़के बहला-फुसलाकर ले गए हैं।

छात्रा के पिता का कहना है कि युवकों ने छात्रा को दिल्ली ले जाकर छिपा रखा था । छात्रा के पिता का आरोप है कि छात्रा को ले जाने की शिकायत करने युवकों के घर पहुंचे तो प्रार्थी पर वह लोग गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने पर आमादा हो गए और जातिसूचक शब्द भी बोले। । छात्रा के पिता की तहरीर और मामला दो समुदायों से जुड़ा होने से पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी नहीं की और तुरंत रिपोर्ट दर्ज खोजबीन शुरु की । धौराटांडा चौकी इंचार्ज एसआई विजयपाल सिंह ने बताया छात्रा को बरामद कर लिया है।

### कार में आग लगाने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहेड़ी,अमृत विचार:** बहेड़ी पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने एवं कार को आग लगाकर जला देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गांव अरसियाबोझ मजरा जटपुरा निवासी जितेंद्र कुमार ने 16 सितंबर को शिकायत पत्र में बताया था कि वहअपनी कार से घर आ रहा था। तभी रास्ते में दिल्लीधर उर्फ विरू , भगवान दास , तेजपाल, खेमकरण ने एक राय होकर उसे घेर लिया और उसके साथ गाली गलौज की। उस समय तो वह जानबचाकर भाग आया। इसी दौरान रात्रि करीब 12:55 बजे घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर पेट्रोल छिड़ककर विपक्षियों ने आग लगा दी थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# रामलीला में हुआ नारद मोह की लीला का मंचन

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** रामलीला दशहरा मेले में पहले दिन हुई लीला में वृन्दावन के नाट्य कलाकारो ने नारद मोह का रोचक वर्णन किया

कामदेव का दंभ तोड़ने के बाद नारद को स्वयं पर घमंड हो गया । घमंड में चूर जब वह भगवान विष्णु के पास पहुंचे तो भगवान ने उनका दर्पनाश करने को लीला रची और सुन्दर स्त्री विश्वमोहनी के स्वयंवर में जाने के लिए जब नारद ने भगवान से उन्ही ( हरि ) का रूप मांगा तो भगवान विष्णु ने नारद का घमंड दूर करने के लिए उन्हे हरि ( वानर ) का रूप दे दिया।

स्वयंवर में पहुंचे नारद के इस रूप का वहां मौजूद शिवजी के गणों ने उपहास उड़ाया तो नारद ने दोनो गणों को राक्षस कुल मे जन्म लेने के साथ ही भगवान विष्णु को भी नारी वियोग में तड़पने का श्राप दे डाला। इसके बाद शिवजी के गणों को रावण व कुम्भकर्ण के रूप में राक्षस कुल में जन्म लेना पड़ा तो भगवान विष्णु को भी रामावतार में पत्नी सीता के वियोग में रहना पड़ा।

### दिव्य ज्योति लेने भक्तों का जत्था ज्वाला देवी रवाना



**सिरौली, अमृत विचार :** दिव्य ज्योति लेने माता भक्तों का जत्था गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में माता ज्वाला देवी को रवाना हुआ। जो इतवार को हिमाचल से ज्योति लेकर वापस लौटेगा। माता ज्वालाजी जाने वालों में प्रदीप गुप्ता, यशु गुप्ता, वरुण रस्तोगी, अविनाश मौर्य, सतीश गुप्ता, कुलवंत सिंह मनोज कुमार, दिनेश गुप्ता, हर्षित, रामबाबू, नवीन गुप्ता, पारस, डॉक्टर छोटेलाल गुप्ता, सुरेश आदि रहे।

### सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया

**शेरगढ़,अमृत विचार** डूंगरपुर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन गुरुवार को कथा वाचक ललिता शास्त्री ने उषा अनिरुद्ध विवाह,परीक्षित मोक्ष तथा सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ललिता शास्त्री ने श्रद्धालुओं से सन्मार्ग का रास्ता अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम व्यवस्थापक अमित कुमार उपाध्याय,कल्याण राय श्रीवास्तव,महेंद्र पाल राठौर, रामचंद्र राठौर,रामौतार मौर्य आदि ने बताया कि शुक्रवार को यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा को विश्राम दिया जाएगा।

अमृत विचार
Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्केन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपने पुत्र शानू और उसकी पत्नी शरिया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नसीम बानो मो. हनीफ निवासी मौ. कुरैश नगर (बगिया) कस्बा व थाना नवाबगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
मैं राधा कुमारी (RADHA KUMARI) मेरे पति आर्मी नं.- 4285261L रैंक हवलदार पवन कुमार के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम और जन्मतिथि त्रुटिवश राधा देवी (RADHA DEVI) गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक सही नाम राधा कुमारी (RADHA KUMARI) है व गलत जन्मतिथि 02.10.1996 है तथा सही जन्मतिथि 02.10.1998 है। भविष्य में राधा कुमारी (RADHA KUMARI) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
मेरे बचत खाता 59053073934 इंडियन बैंक में संचालित है। मीरा देवी व सोने श्री पत्नी श्री विपिन कुमार दोनों नाम मेरे ही हैं। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सोने श्री पत्नी श्री विपिन कुमार दर्ज है। मुझे इन दोनों नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। मेरे बैंक खाते में मेरा सही नाम सोने श्री पत्नी विपिन कुमार दर्ज किया जाये। **मीरा देवी पत्नी विपिन कुमार निवासिनी ग्राम खानपुर ग्रन्ट पोस्ट फत्तेपुर तह. मितौली जिला खीरी**

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड तथा पासपोर्ट पर मेरा नाम विजय कुमार केशवानी दर्ज है। जबकि मेरी पत्नी पल्लवी केशवानी के पासपोर्ट पर मेरा नाम विजय केशवानी दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है व मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **विजय कुमार केशवानी पुत्र सतराम दास केशवानी काशीनगर लखीमपुर खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण सफाई कर्मियों की ज्येष्ठता सूची जारी, मनाई खुशी



**बरेली,अमृत विचार :** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की ज्येष्ठता सूची जीरो टॉलरेंस नीति और शासन की मंशा के अनुरूप जारी की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने इस सूची को प्रदेश में सबसे पहले बरेली में जारी करने की पहल की है। इस पर सफाई कर्मचारी संघ ने डीपीआरओ और कार्यालय स्टाफ को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। संघ के जिलाध्यक्ष रामलाल कश्यप, महेश चंद्र वाल्मीकि, रनवीर सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह कोली, जनाब मिश्रयार खान, प्रवेश कुमार सागर, अरविंद कुमार शर्मा, हेतराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश करने के मामले में बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे बुधवार को हिरासत में लिया था। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी छह वर्षीय बेटी गांव के अन्य बच्चों के साथ खेत में खेल रही थी। वहां मौजूद किशोर बच्ची को खेत में खड़ी ट्राली में ले गया। जहां पर उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

### चोरी का प्रयास कर रहा था मरीज, डॉक्टर ने पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में गुरुवार को ओपीडी के दौरान दोपहर करीब 1 बजे डॉक्टर ने मरीज को पीट दिया। डॉक्टर का आरोप है कि मरीज बनकर आया युवक ओपीडी परिसर के बाहर खड़ी बाइक का लॉक खोलने का प्रयास कर रहा था। वह करीब 20 मिनट तक लॉक खोलने का प्रयास करते देखते रहे फिर उसे पकड़ लिया। इस पर उसने भागने का भी प्रयास किया, जिससे डॉक्टर का शक यकीन में बदल गया और उन्होंने युवक को पीट दिया। जानकारी मिलने पर अन्य स्टाफ भी मौके पर आ गया, लेकिन बाद में युवक के माफी मांगने पर उसे अस्पताल से जाने दिया।

# कमरे में की शादी, कोर्ट मैरिज के दबाव पर हुआ था विवाद

## अस्पताल संचालक ने वारदात के बाद देर रात गायनी से की थी बात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ , स्वास्थ्य हुआ खराब**
- **एएनएम के गर्भवती होने पर पीछा छुड़ाने के लिए अस्पताल संचालक ने की वारदात**

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ-दिल्ली हाईवे के जीरो पॉइंट के पास चलती कार से नग्न अवस्था में युवती को फेंकने वाले अस्पताल संचालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने कमरे में उससे शादी की थी। युवती ने जब उससे कोर्ट मैरिज करने का दबाव बनाया और गर्भवती हुई तो उसे रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची। आरोपी ने वारदात के बाद देर रात गायनी से बात कर अपडेट लिया था। फिलहाल आरोपी का स्वास्थ्य खराब है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बदायूं निवासी युवती ने बताया कि उसने एएनएम की कोर्स की थी। उसकी जान पहचान अनन्तरूप हॉस्पिटल संचालक श्रीपाल से थी। उनके अस्पताल में वह काम करती थी। इस बीच दोनों के बीच संबंध हो गए। श्रीपाल ने उसके साथ रूम में शादी कर ली। इसके बाद उससे कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा तो उसने टालमटोल कर संजय नगर कालोनी में किराये का मकान दिला दिया। जब कोर्ट मैरिज करने का दबाव बनाया तो श्रीपाल नाराज हुआ।

16 सितंबर को उसके पेट में दर्द हुआ। इस पर कार से पहुंचे श्रीपाल ने उसे दो इंजेक्शन लगाए। इसके बाद उसे गाड़ी में बिठाकर हाईवे की तरफ ले गया। फिर उसने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर भारी सामान से वार किया और मरा समझ कर उसे रात 10 बजे हाईवे के किनारे फेंककर चला गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालाकि, उसने बीमार होने का हवाला दिया तो पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि युवती गर्भवती हो गई थी और कोर्ट मैरिज करने का लगातार दबाव बना रही थी। ऐसे में आरोपी ने पीछा छुड़ाने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। उसका अस्पताल भी दूसरे डॉक्टर के नाम पर रजिस्टर्ड है। जबकि, उसका संचालन आरोपी खुद करता है। उसने उसे चार माह पहले अपनी आईडी पर सिम दिलाया था। इस पर उसने चार माह में एक हजार 80 बार देर रात फोन कर बात किया था।

## अरिल नदी का काला पानी पहुंचा सेंधा, प्रशासन मौन

**आंवला, अमृत विचार :** अरिल नदी में एक सप्ताह से दुर्गंधयुक्त काला पानी आने से ग्रामीणों में आक्रोश है। पानी बहकर सेंधा पुल तक पहुंच गया है। जिससे किसानों में चिंता का माहौल है।

दो दिन पूर्व डरुआपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया था कि उनके गांव के समीप से अरिल नदी गुजर रही है। उक्त नदी में पशुपालक अपने पशुओं को पानी पिलाने के साथ गर्मी में स्नान कराते हैं। आस-पास के निराश्रित गोवंश इसी नदी के पानी पर निर्भर हैं। पशुओं ने नदी का पानी पीना बंद कर दिया है। अब वहीं काला पानी बह कर इफको प्लांट के पास सेंधा गांव तक पहुंच गया है। जिससे यहां भी मछलियां मरी हैं। एसडीएम विदुषी सिंह ने बताया कि बुधवार को डरुआपुर गांव में जांच कराई गयी। वहां नदी में पानी साफ दिखाई दिया था। उक्त पानी बहकर आगे पहुंच गया होगा। पानी की जांच कराई जायेगी। फैंक्ट्री प्रबंधन को गंदा पानी नदी में न छोडने को निर्देशित किया जायेगा।

# स्वामी दिव्यानंद का जन्मदिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानंद महाराज के जन्मदिवस पर आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन का दो दिवसीय सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में देवेंद्र मोहन ने कहा कि अपने गुरु का जन्मदिन मनाकर उन्हें याद करना सौभाग्य की बात है।

- **गुरु का जन्मदिन मनाकर उन्हें याद करना सौभाग्य की बात**

शिष्य अपने गुरु की शिक्षाओं का अनुसरण कर उन्हें जीवन में उतारने का प्रयास करता है तो गुरु के जन्मदिन पर एक शिष्य की ओर से इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब आप अपने गुरु के शरण में आ गए हैं तो अपनी सारी चिंता को गुरु के हवाले छोड़ कर समर्पित भाव से उन पर पूर्ण विश्वास बनाए रखें।

गुरु आपके जीवन को मन से मुक्त करना और अन्दर से निर्मल बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यह जीवन हमें केवल संसार के भोगों को भोगने के लिए नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने के लिए मिला है। सत्संग में महिलाओं की शिक्षा और उनके सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया।

वह बोले कि 18 वर्ष की आयु होने पर अपनी बच्चियों की शादी करने के बारे में सोचने के बजाय, हमें उन्हें सशक्त बनाना चाहिए और उन्हें शिक्षित करना चाहिए, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें। जब हमारी बच्चियां शिक्षित और आत्मनिर्भर हो जाएंगी, तब वह अपने समाज को सशक्त बनाकर समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने में भी मदद कर पाएंगी।



भोजीपुरा आश्रम में गुरुवार को स्वामी दिव्यानंद के जन्मदिन पर सत्संग करते आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन। ● अमृत विचार

## भाखड़ा नदी में मगरमच्छ दिखने से दहशत

**मीरगंज, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में उस समय ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गयी जब गांवों के समीप से गुजरने वाली भाखड़ा नदी का जल स्तर घटने के बाद मगरमच्छ ग्रामीणों को दिखना शुरू हुए और लगातार मगरमच्छ दिखने का सिलसिला कई दिनों से बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है उन्होंने पशुओं को नदी की तरफ ले जाना छोड़ दिया है।

विकास खंड के गांव रेतीपुरा निवासी महेश, सुरेंद्र, ज्ञानेंद्र, महेंद्र, भूपराम और ओमपाल व वीरपाल, हरपाल आदि तमाम लोगों को लगातार एक सप्ताह से गांव के किनारे से होकर बह रही भाखड़ा नदी में विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दे रहा है। इसी तरह मगरमच्छ को गांव वलेही व पहाड़पुर के लोगों ने भी देखा। जिससे ग्रामीण अपने पशुओं को नदी में पानी पिलाने और नहलाने भी नहीं जा पा रहे हैं।

# नव प्रवेशियों को प्रेरणा स्रोत बने पूर्व छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के एफईटी में आयोजित दीक्षारंभ ओरिएंटेशन कार्यक्रम के छठे दिन एलुमनी कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के अनुभवों से प्रेरित करना था।

एफईटी की डीन प्रो. अर्चना गुप्ता ने पूर्व छात्रों के साथ जुड़ने और उनकी शैक्षणिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास की यात्रा से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र आशुतोष कुमार यादव, मो. मुस्तकीम, सुमित सागर, विवेक गुप्ता, सीता मिश्रा, शिवम चौरसिया, अवनीश कुमार, डॉ. विवेक शर्मा आदि ने अपने अनुभव साझा किए और करियर विकास, कौशल निर्माण और वैश्विक अवसरों के अनुकूल होने के बारे में जानकारी प्रदान की।




पूर्व छात्रों के अनुभवों से प्रेरणा लेते नए छात्र। ● अमृत विचार

- **एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय में हुआ एलुमनी कनेक्ट कार्यक्रम**

इनमें साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ, स्टार्टअप फेलो, प्रोजेक्ट इंजीनियर, वरिष्ठ सलाहकार और शोधकर्ता शामिल थे। छात्रों ने पूर्व छात्रों के साथ बातचीत की और करियर पथ, कार्यस्थल की चुनौतियों और सफलता की रणनीतियों के बारे में प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अजय यादव ने किया। डॉ. छवि शर्मा, डॉ. इरेम नईम, प्रो. यतेंद्र और डॉ. आशीष शंखवार आदि मौजूद रहे।

# प्रधानों की मांग, भुता ब्लॉक के एपीओ व ऑपरेटर को हटाओ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **भुता ब्लॉक के प्रधानों ने दो दिन पहले ब्लॉक परिसर में भी दिया धरना**
- **कहा-शिकायत पर मिला आश्वासन पर अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति की मनरेगा में हवा निकलती दिख रही है। भुता ब्लॉक में तैनात एपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानी से तंग आकर ग्राम प्रधान से लेकर रोजगार सेवक उसे हटाने की मांग को लेकर डीएम, सीडीओ समेत बीडीओ से शिकायत कर चुके हैं। दो दिन पहले ब्लॉक पर धरना प्रदर्शन हुआ था।

भुता ब्लॉक के प्रधान संघ के अध्यक्ष बुद्धपाल गंगवार, पदारथपुर की प्रधान हसीना, मैकपुर कला के प्रधान संतोष, अठायन के तेजस यादव, बुधैली की मधु सिंह, पटना के प्रधान डाल चन्द्र मौर्य, फैजनगर के प्रधान चंद्रकली, रियोना कला के हरिओम सिंह ने आरोप लगाया कि एपीओ और ऑपरेटर की मनमानी से निर्माण सामग्री का भुगतान समय से नहीं होता है।

> मनरेगा से जुड़े कार्यों में मनमानी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम प्रधानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ही जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट मांगी गई है। एपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटर की कब से तैनाती है इसकी कुछ जानकारी नहीं है। अगर किसी तरह की वह गड़बड़ी कर रहे हैं तो निश्चित ही जांच रिपोर्ट के उपरांत उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – **देवयानी**, सीडीओ

आरोप है पिछले साल भी प्रधानों की लगातार शिकायत पर तत्कालीन सीडीओ ने एपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटर का बिथरी चैनपुर ट्रांसफर कर दिया था। अगले महीने ही स्वंय के अनुरोध पर इनका ट्रांसफर वापस भुता ब्लॉक में कर दिया गया।

## ओजोन परत संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर जोर

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में बरेली कॉलेज में पर्यावरण विज्ञान विभाग और एनवायरनमेंट, एग्रीकल्चर एंड एजुकेशन सोसायटी के सहयोग से पोस्टर, निबंध, भाषण, क्विज प्रतियोगिता, संगोष्ठी, पौधरोपण का आयोजन हुआ। जिसमें 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि प्रो. एपी. सिंह ने विजेताओं को सम्मानित किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों से पर्यावरणीय जागरूकता को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ. अनामिका अग्रवाल ने कहा कि ओजोन परत संरक्षण के प्रति जागरूकता आवश्यक है और युवाओं की भागीदारी सकारात्मक बदलाव का आधार है। निर्णायक मंडल में डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. विवेक त्रिपाठी, डॉ. मेहमूद हुसैन, डॉ. अजिता तिवारी, डॉ. तृप्ता वर्मा आदि ने भूमिका निभाई।

# मजदूर वर्ग के हितों के लिए एकजुट हों

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- **इंकलाबी मजदूर केंद्र का बरेली शहर सम्मेलन पीडब्ल्यूडी के प्रेरणा सदन में हुआ संपन्न**
- **पांच सदस्यीय शहर कमेटी के चुनाव में ध्यान चंद्र को चुना गया बरेली शहर सचिव**

**अमृत विचार :** इंकलाबी मजदूर केंद्र का बरेली शहर सम्मेलन गुरुवार को पीडब्लयूडी के प्रेरणा सदन कार्यालय में हुआ। सम्मेलन सम्मेलन में देश-दुनिया के हालातों, अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही बरेली में मजदूरों के हालात और संगठन की स्थिति पर चर्चा की गई। इंकलाबी मजदूर केंद्र के हरिगोविंद ने कहा कि वर्तमान आर्थिक संकट के दौर में दुनिया भर के पूंजीपतियों द्वारा मजदूर-मेहनतकशों की लूट जारी है और फासीवादी ताकतों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

शहर सचिव ध्यान चंद्र मौर्य ने बताया कि हमारे देश में भी मजदूर-मेहनतकशों के हालात बहुत ही बदतर हैं और मोदी सरकार द्वारा श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूर वर्ग को अधिकार विहीनता की स्थिति में धकेल दिया है। मार्केट वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित ने कहा कि बरेली शहर में मजदूरों का शोषण हो रहा है। काम के घंटों से लेकर, न्यूनतम वेतन, कार्यस्थल पर सुरक्षा, साप्ताहिक छुट्टी, सामाजिक सुरक्षा आदि हर जगह श्रम कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। सरकारी विभागों में ठेका-संविदा के मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि आज मजदूर आंदोलन अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ है। जाति-धर्म-क्षेत्र के आधार पर मजदूरों को आपस में ही बांटने की राजनीति की जा रही है। सरकारी विभागों में जारी ठेका-संविदा की नीति ने भी मजदूर आंदोलन को कमजोर करने का काम किया है। हमें शासकों के हथकंडों से बचकर व आपसी मतभेदों को भुलाकर मजदूरों के हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।



इंकलाबी मजदूर के शहर सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

# निबंध में कौशल पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी व रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुई प्रतियोगिता**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी व रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्माको विजिलेंस सप्ताह के दूसरे दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समावेशन की चुनौतियां व भविष्य की संभावनाएं विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कौशल पटेल ने प्रथम, सुहानी शर्मा व माही गुप्ता ने संयुक्त रूप से द्वितीय और उदय गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में फार्मा कोविजिलेंस को अधिक प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह रहे। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई दी और ऐसे शैक्षणिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

# राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रासलीला में राजदान और होली लीला का मंचन**

**अमृत विचार :** श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से आयोजित रासलीला भक्त लीला के नौवें दिन त्रिवटी नाथ मंदिर के राम कथा स्थल पर वृंदावन के डॉ. देवकीनंदन महाराज व कलाकारों ने राजदान एवं होली लीला का मंचन किया। भक्तों ने राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेली।

गुरुवार देर शाम हुई रासलीला में कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि गोपियां राधा रानी के पास जाकर कहती हैं कि यह नंद को लाला प्रतिदिन हमसे दान मांगता है। किशोरी आज हम एक नई लीला करेंगे, आप राजकुमार बनिए और कन्हैया से हम दान मांगेंगे, राधा ने कहा कि मुझे राजकुमार कौन बनाएगा तो ललिता विशाखा सखियों ने कहा, हम श्रृंगार कर देंगे। गोपियों ने राधा को श्रृंगार करके राजकुमार बना दिया। कन्हैया ने सखियों से पूछा आज राधा रानी के दर्शन नहीं हुए, कहां हैं, तब गोपियों ने बताया आज तो राधा रानी का बहुत सुंदर श्रृंगार हुआ है, वह नव राजकुमार बनकर राजमार्ग में खड़ी हैं। गोपियों ने कहा कि कन्हैया आप गुजरी बन जाओ, तब आपको राधा रानी का दर्शन होगा। भगवान गुजरी बनकर छम - छम करते हुए दूध दही बेचने निकले। गोपियों ने रास्ते में रोक लिया और कहा हमें दान दो। कन्हैया कहने लगे मुझे छोड़ दो, मैं कुलवंशी हूं, मुझे छेड़ो मत, तब राधा रानी ने उनके शीश से मटकी उतार ली और कन्हैया ने अपने हाथों से राधा रानी को मक्खन खिलाया। इसके बाद होली खेलने की लीला मंचन किया गया। जिसमें सौ किलो फूलों का इस्तेमाल किया गया। राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ भक्तों ने केवड़ा, केसर, चंदन के जल की फव्वारों और फूलों से होली खेली। कैलाश चंद्र शर्मा, सुरेश मिन्ना ने आभार व्यक्त किया। राजीव अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, पवन जायसवाल, सुरेश अग्रवाल, राजकुमार खंडेलवाल,अनिल अग्रवाल, जुगल किशोर साबू, मोहन गुप्त,आदि का सहयोग रहा।



त्रिवटी नाथ मंदिर रामकथा स्थल पर होली लीला का मंचन करते कलाकार।

## पठन-पाठन की चुनौतियों पर चर्चा की

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीबीए विभाग में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक समन्वयक डॉ. अतुल यादव ने सभी स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रभारियों के साथ बैठक की, जिसमें आगामी सत्र (2025-26) के लिए पठन-पाठन की योजनाओं और चुनौतियों पर चर्चा की गई। प्रभारियों ने विचार साझा किए और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए विभाग में आने का अनुरोध किया। स्ववित्तपोषित डिग्री पाठ्यक्रमों के प्रभारी डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. हेमा खन्ना, डॉ. तृप्ता वर्मा, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. रोमा सक्सेना, डॉ. अक्षय शुक्ला, डॉ. गौरव भूषण, डॉ. प्रियांक मेहरोत्रा आदि रहे।

## सिटी डायरी

### हिंदू समाज को द बंगाल फाइल्स जैसी फिल्मों को देखकर सबक लेना चाहिए

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद ने कलकत्ता में डायरेक्ट एक्शन डे के नाम पर हुए हिंदुओं के नरसंहार के ऊपर विवेक अग्निहोत्री द्वारा बनाई गई फिल्म द बंगाल फाइल्स का गुरुवार शाम मॉल के पीवीआर में कार्यकर्ताओं को शो दिखाया। महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने बताया कि फिल्म देखने वालों में विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आदि संगठनों के कार्यकर्ता रहे। पहले सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। उसके बाद फिल्म प्रारंभ हुई। फिल्म समाप्ति पर महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल एवं विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सोम ने कहा कि हिंदू समाज को ऐसी फिल्मों को देखकर सबक लेना चाहिए, ऐसी परिस्थितियों से वर्तमान समय में कैसे बच सकते हैं, इसका चिंतन करना चाहिए।





### विशाल मेहरोत्रा को हिंदी गौरव सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** कवि गोष्ठी आयोजन समिति ने गुरुवार को लोक खुशहाली सभागार में हिंदी सप्ताह के उपलक्ष्य में सरस काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पागरानी, विशिष्ट अतिथि नवगीतकार रमेश गौतम, विशाल मेहरोत्रा, प्रकाश निर्मल व प्रभाकर मिश्र रहे। अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ ''धीर'' ने की। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए विशाल मेहरोत्रा को हिंदी गौरव सम्मान प्रदान किया गया। सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। संयोजन एसके कपूर व संचालन राज शुक्ल ने किया। इंद्रदेव त्रिवेदी, डॉ. प्रणव गौतम, गजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार सक्सेना, मोहन चंद्र पांडेय मनुज, सुभाष रावत, लक्षेश्वर राजू, दीपक मुखर्जी ''दीप'', अमित मनोज, पूनम गंगवार, रामकुमार कोली, विश्वानी देव, डा. राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सोमनाथ मंदिर में पौधरोपण किया

**बरेली, अमृत विचार :** होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विकास वर्मा, जैविक कृषक एवं सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट ने गुरुवार को प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पौधे रोपे गए। डॉ. विकास 28 साल से फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। वह अधिकांश शिवालयों व आसपास क्षेत्र में बेल पत्र और कनेर के पौधे लगाते हैं। अब तक करीब 121 शिवालयों के पास पौधे लगाए गए हैं। महेश अग्रवाल, अमर सिंह, यूसी रस्तोगी, भुवनेश अग्रवाल, आशुतोष गोयल, रविन्द्र शर्मा, महावीर अग्रवाल, निरुपमा अग्रवाल, तृप्ति शुक्ला, तूलिका गोयल, रमेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, रितेश अग्रवाल मौजूद रहे।



### शिवदयाल चौरसिया का जीवन सामाजिक न्याय की मिसाल



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में गुरुवार को विचार गोष्ठी हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा कि शिवदयाल चौरसिया ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित कर दिया। संचालन जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव सविता ने किया। सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव, दिनेश यादव, संजीव कश्यप, अरविंद सिंह डब्बू आदि मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### 7 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** जमीन दिलाने के नाम पर सात करोड़ रुपये हड़प लेने के मामले में आरोपी सुशील चतुर्वेदी की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह आदेश जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की अदालत से गुरुवार को हुआ। जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि साधना तिवारी निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा की 2021 में लखनऊ में एक कार्यक्रम में सुशील चतुर्वेदी से मुलाकात हुई। जो मूलतः अयोध्या का रहने वाला है। सुशील ने साधना को प्रॉपर्टी के काम में निवेश के नाम पर ठगी की है।

### झांसी में ऑपरेशन थिएटर में मिला सांप

**झांसी, एजेंसी :** झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में एक सांप मिलने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर प्रभारी कनक श्रीवास्तव की सूचना पर वन विभाग की टीम को बुलाया गया, जिसने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

### गोवंशीय पशु को भाला मारकर किया घायल

**खुदागंज, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के उखरी गांव में गुरुवार दोपहर किसी ने निराश्रित सांड़ को भाला मारकर घायल कर दिया। घायल नंदी की सूचना ग्रामीणों ने थाना अध्यक्ष जुगल किशोर पाल को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसका इलाज कराया और घटना की जांच शुरू की।

# शारदा का कहर जारी, 26 घर नदी में समाए

## निघासन में गांव के बीचों बीच सड़क कटी, तेजी से बढ़ रहा जलस्तर, पीड़ितों की सुध नहीं ले रहा प्रशासन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**



शारदा नदी में समा रहे घर को देखता ग्रामीण। ● अमृत विचार



तहसील निघासन के ग्रंट नंबर 12 में शारदा नदी का विकराल रूप। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील निघासन क्षेत्र के ग्रंट नंबर 12 गांव में शारदा नदी का कटान लगातार जारी है। शारदा नदी का कहर इस तरह जारी है कि मकान और खेत कट रहे हैं। गुरुवार को यहां 10 घर कटकर नदी में समा गए। उधर बिजवा में भी 16 घर नदी में समा गए। लगातार कटान से लोगों का काफी नुकसान हो रहा है। नदी की धारा ने गांव के बीच की सड़क काट कर अपने में समाहित कर ली। प्रशासन का दावा है कि तहसील के अधिकारी भी जुटे हैं, लेकिन पीड़ितों का कहना है कि उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

बता दें कि शारदा नदी की कटान से ग्रंट नंबर 12 और इसके आसपास का इलाके में हर साल तबाही मचाती है। इस बार सोमवार की सुबह गांव ग्रंट नंबर 12 में बीचोबीच से सड़क कट गई थी। उसके बाद से नदी की धारा में जमीन और मकान समाते जा रहे हैं। गांव के उत्तर आधी सड़क कट चुकी है। बाकी सड़क भी एक दो दिन में कट जाएगी। ये सोचकर ग्रामीण परेशान हैं। बुधवार को गांव निवासी खुशीराम का घर नदी में समा गया था। खुशीराम का कहना उन्हें इस बात का अहसास हो गया था कि नदी से उनका घर नहीं बचेगा, इसलिए दो सप्ताह पहले ही नन्हें मुन्ने बच्चों को सुरक्षित निकालकर सड़क पर शरण ले ली थी। हालांकि उनकी गृहस्थी का सामान खुले आसमान में सड़क पर इधर-उधर बिखरा पड़ा है। गुरुवार को काजल, प्रेमचंद, हरेराम, शैलेंद्र, संजय कुमार, लीलादेवी, गोल्डी देवी, कृपा राम, धीरज, निर्मला समेत 10 लोगों के घर कटकर नदी में समा गए। उधर, इस बाबत तहसीलदार मुकेश वर्मा ने बताया कि जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। यही बजह है कि कटान हो रहा है। ग्रामीणों को लगातार अलर्ट किया जा रहा है और उन्हें ऊंचे स्थानों पर ले जाया जा रहा है। लेखपाल नित्य गांव में ही कैम्प कर रहे हैं। पीड़ितों को हर संभव मदद में तहसील प्रशासन लगा है। हालांकि पीड़ितों का कहना है कि उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

# गुरुग्राम से अपहृत बच्ची पीलीभीत में मिली

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान जीआरपी को घूमते मिली तीन साल की बच्ची**

**अमृत विचार:** गुरुग्राम से अगवा की गई तीन साल की बच्ची पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर संदिग्धावस्था में मिली। जीआरपी को बच्ची के परिजनों के खोजबीन के दौरान उसके गुरुग्राम से अपहरण होने का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिली। सूचना पर गुरुग्राम जीआरपी गुरुवार को पीलीभीत पहुंची। जीआरपी पीलीभीत ने बच्ची को उन्हें सौंप दिया।

बुधवार रात जीआरपी रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान रात 12 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर जीआरपी को एक बच्ची घूमते दिखी। बच्ची से उसके परिजनों के बारे में पूछा गया तो वह कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी। इस पर जीआरपी ने प्लेटफार्म पर सो रहे लोगों समेत अन्य लोगों से बच्ची के संबंध में जानकारी की। मगर उसके परिजनों का कोई पता नहीं चला। इसके बाद जीआरपी ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मियों के सौंप दिया। बच्ची के परिजनों की खोजबीन को लेकर जीआरपी ने उसे संबंधित जानकारी विभागीय ग्रुपों पर जानकारी साझा की। जानकारी मिली कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर उक्त बच्ची के अपहरण का मुकदमा दर्ज है। गुरुग्राम जीआरपी को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद गुरुवार को गुरुग्राम जीआरपी पीलीभीत पहुंची और जीआरपी थाने जाकर बच्ची को सुपुर्दगी में लेने से संबंधित विभागीय कार्रवाई की। गुरुग्राम जीआरपी बच्ची को अपने साथ लेकर गुरुग्राम के लिए रवाना हो गई। जीआरपी थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि रेलवे प्लेटफार्म पर एक बच्ची संदिग्ध अवस्था में मिली थी। जानकारी मिलने पर बच्ची गुरुग्राम की रहने वाली पाई गई। बच्ची को गुरुग्राम जीआरपी की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

**न्यायालय ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी, मीरगंज, बरेली**
**वाद संख्या-टी20241213060773 1**

1. पातीराम पुत्र धनीराम निवासी ग्राम गुलड़िया तहसील मीरगंज जिला बरेली। ..........वादी

बनाम

1. होरीलाल पुत्र बुद्धसेन 2. राकेश कुमार पुत्र बुद्धसेन 3. रामधुन पुत्र बुद्धसेन 4. शिवदेई पत्नी बुद्धसेन 5. वीरपाल पुत्र चेतराम 6. बसन्त पुत्र चेतराम 7. आनन्द प्रकाश पुत्र चेतराम 8. रूपचन्द पुत्र चेतराम 9. लौंगश्री पत्नी चेतराम 10. तुलाराम पुत्र धनीराम निवासीगण गुलड़िया तहसील मीरगंज जिला बरेली। 11. अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति/ग्राम पंचायत गुलड़िया तहसील मीरगंज जिला बरेली द्वारा ग्राम प्रधान। ...प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 आराजी ग्राम गुलड़िया परगना सरसांवा तहसील मीरगंज, जिला बरेली।

चूंकि पातीराम पुत्र धनीराम निवासी ग्राम गुलड़िया तहसील मीरगंज जिला बरेली ने धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 23.09.2025 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब दे, होकर मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा। आज तारीख 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी**
**मीरगंज, बरेली।**

# सेवानिवृत्त अधिकारी से एक करोड़ 70 लाख की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी :** नोएडा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर उनसे एक करोड़ 70 लाख रुपये की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने ठगी की रकम में से 17 लाख 48 हजार रुपये को फ्रीज करवाया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-62 में रहने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी को साइबर अपराधियों ने धन शोधन के मामले में संलिप्त होने का भय दिखाकर तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके उनसे एक करोड़ 70 लाख रुपये की ठगी कर ली थी। इस घटना की शिकायत 16 सितंबर को सेवानिवृत्त अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने थाना साइबर अपराध पुलिस में दर्ज कराई थी।

# सपा नेता राजा मानसिंह की पत्नी व साला फिर गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय**



राजा मान सिंह

**अमृत विचार :** सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव, मसौधा द्वितीय के जिला पंचायत सदस्य राजा मानसिंह की पत्नी नीतू सिंह व साले अजय सिंह उर्फ विपिन को थाना पूराकलंदर पुलिस ने गुरुवार को फिर गिरफ्तार किया है। जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने सपा नेता, पत्नी व साले समेत आठ लोगों को छह अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। पत्नी व साले को छह सितंबर को जमानत मिली थी।

इस मामले में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पहले ही बीट प्रभारी रहे दो आरक्षियों को निलंबित किया था। इसके बाद जांच के लिए एसआईटी का भी गठन किया गया था। पत्नी व साले को जमानत मिलने के बाद पहले थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह फिर सीओ अयोध्या के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया।

## नेपाल में बैरक छोड़कर निजी आवास गए ओली

**काठमांडू, एजेंसी :** नेपाली सेना की सुरक्षा में नौ दिन बिताने के बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली सैन्य बैरक से निकलकर एक निजी आवास चले गए। जेन-जेड का विरोध प्रदर्शन हिंसक होते ही ओली बैरक में चले गए थे और उन्होंने नौ सितंबर को पद छोड़ दिया था। यह बैरक संभवतः काठमांडू के उत्तर में शिवपुरी वन क्षेत्र में है। नेपाल सेना के सूत्रों ने पुष्टि की है कि नौ दिन ओली सेना की सुरक्षा में रहने के बाद एक निजी स्थान पर चले गए हैं। हालांकि अभी उनके रहने के स्थान की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घंघोरा पिपरिया विकास खंड भोजीपुरा जनपद बरेली के ग्राम पंचायत घंघोरा पिपरिया की आय के उद्देश्य से दो दुकानों का निर्माण आवंटन की प्रक्रिया निम्न प्रकार है-

1.आवेदन पत्र की बिक्री प्रारंभ की दिनांक 20.09.2025 है।

2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक 30.09.2025 (सायं 04 बजे तक) है।

3. आवंटन हेतु लॉटरी की दिनांक 03.10.2025 है।

आवेदन पत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं ।

**कुँवर रनजीत सिंह इण्टर कॉलेज**
**नगरिया परीक्षित, इज्जतनगर, बरेली**

**संशोधन**

दिनांक 12.08.25 में प्रकाशित चुनाव विज्ञप्ति कुँवर रनजीत सिंह इण्टर कॉलेज नगरिया परीक्षित बरेली में मातृ संस्था की साधारण सभा के स्थान पर अनुमोदित प्रशासन योजना की धारा-04 से निर्मित साधारण सभा के सदस्यों को पढ़ा जाये, शेष कार्यक्रम यथावत् रहेगा।

**श्री रनजीत सिंह भदौरिया**
**संस्थापक/अध्यक्ष**
**कुं. रनजीत सिंह साहित्य संगीत कला केन्द्र उ.मा. विद्यालय**
**नगरिया परीक्षित, इज्जतनगर, बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नवदिया इ. सहोडा, वि.ख. फरीदपुर (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व बिक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत नवदिया इ0 सहोडा में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | अनु.लागत लाख में |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम चौंढेरा में बड़ी नहर की पुलिया से मंदिर/देवस्थान तक खडंजा निर्माण कार्य | 2.56/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन से तीसरे दिन तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिबस में देखी जा सकती है।

**(प्रीती यादव)-ग्राम प्रधान** **(प्रदीप सिंह राणा)-ग्रा.वि.अ.**

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बरेली**
**नवीन मण्डी स्थल पीलीभीत रोड-243122**

**पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2025-709** **दिनांक 18.09.2025**

**कैन्टीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन फल सब्जी मण्डी परिसर, बरेली में स्थित "02 नग" कैण्टीन की नीलामी दिनांक 07.10.2025 को प्रात: 11:00 बजे कार्यालय मण्डी समिति बरेली में की जायेगी। इच्छुक बोलिदाता रू. 50,000.00 (रुपये पचास हजार रू0 मात्र) बैंक गारण्टी अथवा सचिव मण्डी समिति के पक्ष में बन्धक एफ0डी0आर0 प्रतिभूति के रूप में नीलामी से पूर्व समिति कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी। जिसे जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। इसकी आवंटन अवधि 3 वर्ष (2025-26, 2026-27 एवं 2027-28) होगी, आवंटन पत्र प्राप्त होते ही धनराशि त्रैमासिक किस्तों में अग्रिम रूप से जमा करनी होगी, दो त्रैमासिक किस्तें बकाया होने की दशा में आवेदक को नोटिस निर्गत की जायेगी, यदि नोटिस निर्गत होने के 15 दिन के अन्दर किस्त जमा नही होती है तो आवंटन बैंक गारन्टी/एफ0डी0आर0 जब्त कर निरस्त कर दिया जायेगा।

अत: इच्छुक व्यक्ति कार्यालय से रू. 250.00 जमा कर नीलामी प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर समिति कार्यालय में दिनांक 04.10.2025 को सायं काल 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। नीलामी की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

**सचिव** **सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बरेली**

**क्षेत्रीय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स**
**193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नत्थू लाल सनातनी पुत्र श्री रोशन लाल, द्वारा संस्था अमर सनातन संस्था पता- ग्राम डंडिया रांझे, पोस्ट भोपतपुर तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत- 262203 के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र. | नाम | पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री नत्थू लाल सनातनी | श्री रोशन लाल | अध्यक्ष |
| 2 | श्री रजत कुमार | श्री नत्थू लाल | सचिव |
| 3 | श्री नितेश कुमार | श्री नत्थू लाल | उपसचिव |
| 4 | श्री शिवम | श्री हरेन्द्र कुमार | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्री प्रवेश कुमार | श्री जागन लाल | ऑडीटर |
| 6 | श्री कुलवीर सिंह | श्री वीरेन्द्र सिंह | सदस्य |
| 7 | श्री छेदा लाल | श्री रोशन लाल | सदस्य |
| 8 | श्री शेर सिंह | श्री रामभरोसे लाल | सदस्य |
| 9 | श्री लक्ष्मीकान्त भोजवाल | श्री बाबू राम | सदस्य |
| 10 | श्री राम सिंह | श्री बाबू राम | सदस्य |
| 11 | श्री अखिलेश कुमार | श्री देवशंकर | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**नीरज उर्फ यादवेन्द्र पाठक**
**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

# बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार: केशव मौर्य

**संवाददाता, बहराइच**

- **उपमुख्यमंत्री ने कहा-जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं राहुल गांधी**

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। विपक्ष के पास किसी तरह का मुद्दा नहीं है।

जनता ने इनको पूरी तरह से नकार दिया है। वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह आए दिन कोई न कोई बम फोड़ने की घोषणा करके जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं लेकिन अंततः होता कुछ नहीं है। जनपद भ्रमण पर आए उप मुख्यमंत्री मौर्य कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गोरखपुर में गौ तस्करों द्वारा मारे गये युवक के बाद पुलिस के एनकाउंटर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किए गये ट्वीट पर कहा कि प्रदेश में जो भी अपराधी अपराध करेगा पुलिस उससे सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सोचते हैं कि वह ट्विटर के माध्यम से सरकार को बदनाम कर लेंगे तो ऐसा नहीं होगा। जनता भी जानती है कि सपा गुंडों की पार्टी है। अपना जनाधार खिसकता देखकर वह बौखला गये हैं। 2027 में इनका कोई नामलेवा भी नहीं रहेगा, भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।

इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री का पुलिस लाइन में बनाये गये हैलीपेड पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। यहां पर सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल आदि मौजूद थे।

# पोप लियो ने ट्रंप, यौन शोषण मामलों और चीन पर रखी राय

**रोम, एजेंसी**

पोप लियो 14वें ने इतिहास के पहले अमेरिकी पोप के रूप में अपने प्रथम साक्षात्कार में कहा कि उनका अमेरिकी राजनीति में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन वह आव्रजन सहित कैथोलिक चर्च के लिए चिंता के मुद्दों पर अपनी आवाज उठाएंगे।

गुरुवार को प्रकाशित साक्षात्कार में लियो ने ट्रंप प्रशासन से लेकर पादरी यौन शोषण संकट, एलजीबीटीक्यूप्लस कैथोलिकों का स्वागत और वेटिकन-चीन संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर बात की। यह साक्षात्कार समाचार साइट क्रक्स की वेटिकन संवाददाता एलिस एन एलन द्वारा लिया गया, जो लियो की जीवनी पर आधारित था। यह साक्षात्कार गुरुवार को पेरू में प्रकाशित हुई, जहां लियो कई वर्षों तक बिशप रहे थे।

लियो ने कहा कि उन्हें यह लगभग असंभव लगता है कि उनके यौन रुझानों के बारे में चर्च का मूल सिद्धांत जल्द बदल जाएगा। चीन के साथ संबंधों पर लियो ने कहा कि उन्हें बिशप नामांकन पर बीजिंग के साथ वेटिकन के विवादास्पद 2018 समझौते में किसी भी अल्पकालिक बदलाव की उम्मीद नहीं है। यौन शोषण के मामलों पर लियो ने कहा कि यौन शोषण का संकट एक वास्तविक संकट है जिसका अभी तक समाधान नहीं हुआ है, और चर्च अभी तक पीड़ितों की मदद का कोई रास्ता नहीं खोज पाया है।

## अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे भारतीय नागरिक को फ्रांस वापस भेजा गया

**लंदन, एजेंसी:** इंग्लिश चैनल को एक छोटी नाव से कथित तौर पर पार करके अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचा भारतीय नागरिक ऐसा पहला व्यक्ति बन गया जिसे एक नई संधि के तहत गुरुवार को फ्रांस वापस भेजा गया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति अगस्त की शुरुआत में ब्रिटेन पहुंचा था और उसे हाल में ब्रिटेन-फ्रांस वापसी संधि के तहत हुए तथाकथित वन-इन, वन-आउट समझौते के तहत हीथ्रो हवाई अड्डे से एक वाणिज्यिक उड़ान से पेरिस भेजा गया। ब्रिटेन की गृह मंत्री शबाना महमूद ने इसे चैनल के पार मानव तस्करों द्वारा किए जा रहे अवैध प्रवासन पर अंकुश लगाने के सरकार के प्रयास में एक महत्वपूर्ण पहला कदम बताया। महमूद ने कहा कि अगर आप अवैध रूप से ब्रिटेन में प्रवेश करते हैं, तो हम आपको वापस भेजने की कोशिश करेंगे। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि निर्वासित व्यक्ति एक भारतीय नागरिक है, जिसे फ्रांस लौटने पर अपने देश में स्वैच्छिक वापसी के लिए भुगतान की पेशकश की जाएगी। अगर वह स्वैच्छिक योजना को स्वीकार नहीं करता है, तो वह शरण के लिए आवेदन नहीं कर पाएगा।

**कार्यालय नगर निगम, शाहजहांपुर**

पत्रांक:- 655/स्वा.वि./पी.आर.ओ./न.नि.-शाह./2025-26 दिनांक: 18.09.2025

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि से नगर निगम, शाहजहांपुर में 02 नग बड़ी ट्रॉली की आपूर्ति हेतु नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में सामान्य निविदा दिनांक 26.09.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो तद् दिनांक सायं 04:00 बजे निविदा समिति एवं निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र रिकार्ड कीपर से दिनांक 25.09.2025 सायं 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र. | आपूर्ति का नाम | आगणन दर (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | कुल लागत (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क मय जी.एस.टी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02 नगर बड़ी ट्राली | 3880000.00 प्रति नग | 776000.00 | 77600.00 | 916.00 |

निविदा प्रपत्र की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं.- 50265293184 आई.एफ.एस.सी. कोड- IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक गोविन्दगंज, शाहजहांपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं.- 50200017927485 आई.एफ.एस.सी. कोड- HDFC0000869 ब्रांच एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहांपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत**

पत्रांक:- 236/न.पा.परि.बी./2025-26 **निविदा सूचना** दिनांक: 18.09.2025

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित कार्य कराने हेतु दिनांक 03.10.2025 तक समय दोपहर 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सांय 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष समस्त निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र/टेण्डर फार्म प्रकाशन की दिनाक 03.10.2025 तक नगर पालिका परिषद बीसलपुर में निर्धारित शुलक जतमा कर के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। तथा सीलबंद निविदाएं/टेण्डर नगर पालिका परिषद बीसलुपर में रखे गये टेण्डर बॉक्स में दिनांक 03.10.2025 तक सायं 02:00 बजे तक डाली जायेगी। अपरिहार्य स्थिति में निविदा तिथि पर आकस्मिक अवकाश/सरकारी अवकाश घोषित होता है तो ऐसी दशा में निविदा अगले दिन निश्चित समय तक डाली जायेगी। एवं शर्तें कार्यालय दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमजद के मकान के पास सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 15 | 148805.00 | 2550.00 | 200.00 | 3 माह |
| 2 | सलमान के मकान से श्री सज्जन खां सभासद की गली तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 08/15 | 314793.00 | 5350.00 | 400.00 | 3 माह |

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद** **नगर पालिका परिषद**
**बीसलपुर-पीलीभीत** **बीसलपुर-पीलीभीत**

# चारधाम यात्रा हेलीकॉप्टर सेवा के लिए कड़े किए सुरक्षा नियम

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उत्तराखंड में चारधाम यात्रा हेलीकॉप्टर सेवा के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। उत्तराखंड सरकार, डीजीसीए, हेलीकॉप्टर सेवा कंपनियों और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों के बीच कई दौर की वार्ता के बाद बढ़े हुये सुरक्षा उपायों के साथ 15/16 सितंबर से सेवा फिर से शुरू करने की अनुमति दी थी।

केंद्र सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ दिल्ली और देहरादून में इस मुद्दे पर कई दौर की वार्ता की। डीजीसीए ने मार्ग में आने वाले सभी हेलीपैड, हेलीकॉप्टरों और ऑपरेटरों की तैयारी की समीक्षा भी की थी। डीजीसीए ने चारधाम सेक्टर पर हेलीकॉप्टर उड़ाने वाले पायलटों के नियमित प्रशिक्षण और रूट चेक अनिवार्य करने का निर्देश दिया है। साथ ही, ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान, प्रतिकूल मौसम से निपटने और चालक दल से सदस्यों के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि सिर्फ इस सेक्टर पर पहले से क्वालीफाइड पायलट को ही लगाया जाना चाहिए। यात्रा के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले सभी हेलीकॉप्टरों की गहन जांच करने और निर्माता द्वारा सुझाये गये मरम्मत शिड्यूल का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गयी है। परिचालन के महीनों में जांच की आवृत्ति बढ़ाने की बात भी कही गयी है। डीजीसीए ने कहा है कि भार और संतुलन सीमाओं को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए ताकि चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षित टेक-ऑफ और लैंडिंग सुनिश्चित किया जा सके। नेविगेशन और संचार के आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया गया है।

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 210/मु.अभि./नि.वि./2025-26 दिनांक 18.09.25

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 39 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 24.09.2025 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 24.09.2025 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 30.09.2025 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 30.09.2025 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**

गंगा आरती



**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नमो घाट पर पुजारी गंगा आरती करते हुए।

## गगनयान का व्योममित्र है एआई-सक्षम, अर्ध-मानव रोबोट: इसरो चीफ

**कोयंबटूर।** इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने गुरुवार को यहां कहा कि गगनयान मिशन के मानवरहित परीक्षण में उड़ान भरने के लिए इसरो द्वारा डिजाइन किया गया 'व्योममित्र' एआई सक्षम अर्ध-मानव रोबोट होगा। यह अर्ध-मानव रोबोट गगनयान मिशन के तहत इस दिसंबर के अंत में प्रक्षेपित होने वाला पहला रोबोट होगा।

तीन दिवसीय गगनयान मिशन अंतरिक्ष में मनुष्यों को 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने पर केंद्रित है। नारायणन ने यहां संवाददाताओं से कहा, कार्य जारी है। हमने दिसंबर अंत तक मानवरहित अंतरिक्ष यान भेजने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि मिशन के लिए तापमान, दबाव, आर्द्रता और कार्बन डाइऑक्साइड जैसे कई मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर नए तरह के युद्ध की शुरुआत

**रांची, एजेंसी**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने एक 'नए प्रकार के युद्ध' की शुरुआत की है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हमले के दौरान हर बार भारत ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध के विपरीत यह युद्ध भूमि, वायु, समुद्र और साइबर क्षेत्र में लड़ा गया।

शीर्ष सैन्य अधिकारी ने यह भी कहा कि ऑपरेशन के दौरान पहला हमला सीमा पार नागरिक हताहतों से बचने के लिए रात एक बजे किया गया। उन्होंने कहा, यह एक नए प्रकार का युद्ध था... अब तक हम जीत को क्षेत्र पर कब्जे, नष्ट किए गए उपकरणों की संख्या या पकड़े गए युद्धबंदियों या मारे गए सैनिकों की संख्या के आधार पर मानते थे... ये युद्ध लड़ने के पारंपरिक तरीकों से जुड़े थे। जनरल चौहान ने कहा, यहां जीत का एक पैमाना हमारे हमले की उच्च तकनीक थी जिसका प्रदर्शन वहां हुआ... रात के समय लंबी दूरी के



● सीडीएस ने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखने के लिए किया प्रेरित

लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने हर बार पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया। अनिल चौहान ने स्कूली बच्चों के एक समूह से कहा कि मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल दुनिया से आगे बढ़ें और उन स्थानों की साहसिक यात्रा पर निकलें, जिनकी गारंटी कोई भी धनराशि नहीं दे सकती। उन्होंने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखने के लिए प्रेरित किया।

### सेना प्रमुख ने अरुणाचल का दौरा किया, ड्रोन क्षमताओं के इस्तेमाल पर दिया जोर

**कोलकाता।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली स्थित एक ड्रोन केंद्र का दौरा किया और ड्रोन क्षमताओं के इस्तेमाल और संचालन पर सेना की ओर से जोर दिए जाने की बात को रेखांकित किया। उन्होंने एक बयान में कहा कि सेना ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियों को तेजी से शामिल कर रही है। अधिकारी ने कहा, सेनाध्यक्ष ने अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली स्थित एक ऐसे ही केंद्र का दौरा किया और ड्रोन क्षमताओं के इस्तेमाल पर भारतीय सेना के जोर दिये जाने को रेखांकित किया। द्रास में 26 जुलाई को 26वें कारगिल विजय दिवस पर अपने भाषण के दौरान सेना प्रमुख ने घोषणा की थी कि प्रत्येक पैदल सेना बटालियन में एक ड्रोन प्लाटून होगी, तोपखाना रेजिमेंट ड्रोन-रोधी प्रणालियों और लोइटर हथियारों से लैस होंगे तथा सटीकता और अस्तित्व रक्षा के लिए मिश्रित 'दिव्यास्त्र' बैटरी तैयार की जाएंगी।

## नेशनल ब्रीफ

### छापेमारी कर नीरज बवाना के पिता समेत कई को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी और हरियाणा में आपराधिक ठिकानों पर बड़े पैमाने पर छापे मारे और जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना के पिता सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 36 लोगों को हिरासत में लिया, जो आदतन अपराधी हैं। छापेमारी में 49.6 लाख रुपये नकद, 1.36 किलोग्राम सोना, 14.6 किलोग्राम चांदी, एक बुलेटप्रूफ स्कॉर्पियो एसयूवी वाहन, एक मोटरसाइकिल, 27 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, सात देशी और अत्याधुनिक पिस्तौल, एक रिवॉल्वर, 40 कारतूस, तीन बोर ब्रश, दो सफाई छड़ें और एक चाकू बरामद किया गया।

### देश भाग्यशाली है कि उसे मोदी के रूप में दूरदर्शी नेता मिला: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश भाग्यशाली है कि उसे ऐसा 'दूरदर्शी नेता' मिला है जिसने न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत और गहन विचारों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है, बल्कि पूरी मानवता के लिए अपनी आवाज भी उठाई है। वह राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'माई कंट्री फर्स्ट : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ नरेन्द्र मोदी' की स्क्रीनिंग के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूरा जीवन 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा के इर्द-गिर्द घूमता रहा है।

### सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** हरियाणा में सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद कक्षा 11 की एक छात्रा को बीकॉम के दो छात्रों ने कथित तौर पर अगवा कर लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को ट्यूशन जा रही 17-वर्षीय लड़की से दुष्कर्म करने के बाद आरोपियों ने उसे उसके घर के पास कार से नीचे फेंक दिया और खुद भाग गए। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आरोपियों की पहचान बिहार निवासी अंकित (19) और उत्तर प्रदेश निवासी लक्ष्य (18) के रूप में हुई है तथा उन्हें आज देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया। बयान में कहा गया है बीकॉम प्रथम वर्ष के दोनों छात्र शहर में रह रहे थे।

# मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

## भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण मामले में सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के बाद सीजेआई ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण के मामले में अपनी टिप्पणियों की सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के मद्देनजर गुरुवार को कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, इन्हें सोशल मीडिया पर गलत ढंग से चित्रित किया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को पुनः स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी थी। सीजेआई ने कहा था कि यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं। इस बीच,



● प्रधान न्यायाधीश गवई बोले- मेरी टिप्पणियां सोशल मीडिया पर गलत ढंग से की गईं चित्रित

अगर आप चाहें तो वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया था, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। सीजेआई की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर कई आलोचनात्मक पोस्ट सामने आई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं। हम न्यूटन का नियम पढ़ते थे - हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। अब सोशल मीडिया के आने के साथ, हमारे पास एक नया नियम है- हर क्रिया की एक गलत और असंगत सोशल मीडिया प्रतिक्रिया होती है। विधि अधिकारी ने स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया क्योंकि प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणियों को गलत सूचना के साथ प्रसारित कर दिया गया। मेहता ने कहा कि कुछ बातों को पूरी तरह से संदर्भ से बाहर ले जाकर सीजेआई के नाम से जोड़ा जा रहा है। सीजेआई के साथ पीठ में शामिल न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन ने बिना जानकारी के सोशल मीडिया पोस्ट के दुष्प्रभावों का उल्लेख किया। खजुराहो मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय नूल ने भी गलत सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चिंता व्यक्त की और स्पष्ट किया कि सीजेआई ने कभी भी वह बात नहीं कही जो उनके नाम से कही गई।

### हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणियों से बचें

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने गुरुवार को खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति फिर से स्थापित करने की मांग संबंधी याचिका पर सीजेआई गवई की टिप्पणी की यह कहते हुए आलोचना की कि बेहतर रहेगा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं का मजाक उड़ाने वाली ऐसी टिप्पणियों से बचा जाए। विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हमें लगता है कि प्रधान न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी से हिंदू धर्म की मान्यताओं का माखौल उड़ा है। ऐसी टिप्पणियों से बचना बेहतर होगा। अदालतें न्याय के मंदिर हैं जिन पर भारतीय समाज की आस्था और विश्वास है। कुमार ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि यह विश्वास न केवल बरकरार रहे, बल्कि और भी मज़बूत हो। खासकर अदालत के अंदर अपनी टिप्पणियों में संयम बरतना भी हमारा कर्तव्य है। यह जिम्मेदारी वादियों, वकीलों और न्यायाधीशों के लिए समान है।

# मालेगांव विस्फोट मामला : एनआईए सहित सात बरी लोगों को नोटिस जारी

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के परिजनों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए बरी किए सात लोगों को गुरुवार को नोटिस जारी किए। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने अभियोजन पक्ष- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए और अपील पर अगली सुनवाई के लिए छह सप्ताह बाद की तारीख तय की।

उच्च न्यायालय मालेगांव विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। इस अपील में भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित मामले के सात आरोपियों को बरी करने के विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है। पिछले हफ्ते दायर अपील में दावा किया गया था कि दोषपूर्ण जांच या जांच में कुछ खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं।



● मुंबई उच्च न्यायालय ने मारे गए छह लोगों के परिजनों की दायर अपील पर सुनवाई की

इसमें यह भी तर्क दिया गया था कि (विस्फोट की) साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि 31 जुलाई को विशेष एनआईए अदालत द्वारा सात आरोपियों को बरी करने का आदेश गलत और कानूनी रूप से अनुचित था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई से 200 किमी दूर मालेगांव शहर में मस्जिद के पास 29 सितंबर, 2008 को बाइक पर बंधे उपकरण में विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हुई और 101 घायल हो गए थे। अपील में कहा गया कि निचली अदालत को आपराधिक मुकदमे में डाकिया या मूकदर्शक की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। जब अभियोजन पक्ष तथ्य उजागर करने में विफल रहता है, तो निचली अदालत सवाल पूछ सकती है और गवाहों को तलब कर सकती है। दुर्भाग्य से निचली अदालत ने सिर्फ डाकघर की तरह काम किया है और आरोपियों को फायदा पहुंचाने के लिए एक दोषपूर्ण अभियोजन को अनुमति दी है। इसमें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा मामले की जांच और मुकदमे के तरीके पर भी चिंता जताई गई और आरोपियों को दोषी ठहराने की मांग की गई। अपील में कहा गया है कि राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने सात लोगों को गिरफ्तार करके एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया और उसके बाद से अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी वाले इलाकों में कोई विस्फोट नहीं हुआ है।

इसमें दावा किया गया है कि एनआईए ने मामला अपने हाथ में लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ आरोपों को कमजोर कर दिया। विशेष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि केवल संदेह ही वास्तविक सबूत की जगह नहीं ले सकता और दोषसिद्धि के लिए कोई ठोस या विश्वसनीय सबूत नहीं है।

# मेडिकल कोर्स में ट्रांसजेंडरों के आरक्षण पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों (मेडिकल कोर्स) में तृतीय लिंगी (ट्रांसजेंडर) प्रत्याशियों के लिए आरक्षण का अनुरोध करने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को अगले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की इस दलील से सहमत नहीं थी कि अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत दो-दो सीट तृतीय लिंग के लिए खाली रखी जाएं।

पीठ ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के वकील की दलील पर गौर किया, जिन्होंने कहा कि स्नातोकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग अभी शुरू नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आदेश के लिए तत्काल कोई आवश्यकता नहीं है। सीजेआई ने कहा कि हम हर जगह सीट को अधर में नहीं रख सकते। आप अखिल भारतीय



कोटे में दो सीट और राज्य कोटे में दो सीट की बात कह रहे हैं। काउंसलिंग शुरू नहीं हुई है। हम इस मामले को अगले हफ्ते के लिए रखेंगे। उच्चतम न्यायालय 'किरण ए. आर एवं अन्य बनाम भारत संघ' नामक याचिका पर सुनवाई कर रहा है।

याचिका में स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में तृतीय लिंगी प्रत्याशियों के लिए आरक्षण का लाभ लागू करने का अनुरोध किया गया था, जो 2014 के ऐतिहासिक 'नालसा' मामले के फैसले के अनुरूप था। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने तृतीय लिंगियों के अधिकारों को मान्यता दी थी तथा कहा था कि वे सकारात्मक कार्रवाई के हकदार हैं। कार्यवाही के दौरान, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुईं जयसिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि किरण ए आर (प्रथम याचिकाकर्ता) इस मामले से हट गया और केवल दूसरे एवं तीसरे याचिकाकर्ता ही आगे बढ़ेंगे एवं वे (दोनों याचिकाकर्ता) क्रमशः ओबीसी और सामान्य वर्ग से हैं।

### भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन नहीं दी जा सकती : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि पेंशन कोई उपहार नहीं है और भारतीय वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह कानून और रिश्ते दोनों ही नजरिये से प्राकृतिक मां से अलग है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष केंद्र ने भरण-पोषण और अन्य कल्याणकारी लाभों से संबंधित शीर्ष अदालत के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि मां शब्द का तात्पर्य केवल जैविक मां से है, सौतेली मां से नहीं। केंद्र ने कहा कि पेंशन हालांकि कोई उपहार नहीं है और इस पर अधिकार के रूप में दावा किया जा सकता है, लेकिन यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि ऐसा अधिकार न तो पूर्ण है और न ही निरपवाद। पेंशन लाभ चाहने वाले व्यक्ति को लागू वैधानिक प्रावधानों या विनियमों के तहत स्पष्ट अधिकार स्थापित करना होगा। केंद्र का यह रुख सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है जिसमें जयश्री वाई जोगी को विशेष पारिवारिक पेंशन देने से इन्कार कर दिया गया था। जोगी ने मृतक, जो वायुसैनिक था, का पालन-पोषण छह साल की उम्र से किया था, जब उसकी जैविक मां का निधन हो गया था और उसके पिता ने पुनर्विवाह कर लिया था।

### भारत नहीं लौटना चाहता चोकसी, प्रत्यर्पण का कर रहा है विरोध : ईडी

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को यहां एक विशेष अदालत को बताया कि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी में फरार मुख्य आरोपी कारोबारी मेहुल चोकसी भारत नहीं लौटना चाहता है और वह बेल्जियम में प्रत्यर्पण कार्यवाही का विरोध कर रहा है। ईडी ने यह बयान चोकसी के उस अनुरोध का विरोध करते हुए दिया, जिसमें उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित करने की कार्यवाही बंद करने का अनुरोध किया गया था। उसके एफईओ के रूप में घोषित होने से भारतीय एजेंसियों को उसकी संपत्ति जब्त करने की अनुमति मिल जाएगी। यहां तक उसके विदेशों में भी मौजूद संपत्तियों को जब्त करने की अनुमति होगी। ईडी ने तर्क दिया कि आवेदन में एसा कुछ नहीं है जिसे मान लिया जाए और और इसे खारिज कर दिया जाना चाहिए।

# आवास का आवंटन मनमर्जी से नहीं हो सकता : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की याचिका पर गुरुवार को कहा कि आवास का आवंटन पूरी तरह से अधिकारियों की इच्छा पर आधारित नहीं हो सकता। आप की याचिका में केंद्र को दिल्ली में केजरीवाल को आवास आवंटित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव और संपदा निदेशालय के निदेशक को 25 सितंबर को इस मामले में ऑनलाइन तरीके से पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने पूछा कि क्या इसके लिए कोई प्रक्रिया है? मैं देखना चाहता हूं कि अतीत में इस प्रक्रिया को कैसे लागू किया गया है, प्राथमिकता को कैसे ध्यान में रखा जाता है, आवंटन का क्रम क्या

केजरीवाल बंगला



है? मान लीजिए बंगलों की संख्या सीमित है, तो आप कैसे निर्णय लेंगे? न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए और यह मर्जी पर निर्भर नहीं हो सकती।


जब तक एक स्पष्ट नीति है, मैं जानना चाहता हूं कि प्राथमिकता का आकलन किस तरह होता है। मैं इस मुद्दे से चिंतित हूं कि बंगलों के आवंटन में विवेकाधिकार का इस्तेमाल कैसे किया जाता है।

# विपक्षी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो घुसपैठ होगी: अमित शाह

**डेहरी ऑन सोन (बिहार), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से विपक्षी गठबंधन के वोट चोरी संबंधी झूठे विमर्श का पर्दाफाश करने को कहा और लोगों को आगाह किया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो राज्य घुसपैठियों से भर जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री विधानसभा चुनाव से पहले पटना से 50 किमी दूर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं कि इसका उद्देश्य बांग्लादेशी घुसपैठियों की रक्षा करना था। आपको राज्य के हर घर में जाए और लोगों को बताए कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गए तो



● शाह ने विस चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

बिहार का हर जिला घुसपैठियों से भर जाएगा। उन्होंने गांधी के वोट चोरी के आरोप को भी झूठा विमर्श करार दिया और कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले भी इसी तरह की रणनीति अपनाई थी जब उन्होंने आरोप लगाया था कि हम अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण खत्म करना चाहते हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### राहुल गांधी घुसपैठिए प्रथम की राजनीति के पक्ष में : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए आरोप लोकतंत्र में उनके विश्वास के अभाव को दर्शाते हैं। भाजपा ने उनपर अराजकता फैलाने तथा भारत में नेपाल और बांग्लादेश जैसी अशांति पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि घुसपैठिए प्रथम की राजनीति गांधी का एजेंडा है। कांग्रेस नेता एससी/एसटी और ओबीसी के हितों की बात कर रहे, लेकिन आयोग द्वारा कराई जा रही मतदाता सूची की समीक्षा का विरोध करके अवैध मतदाताओं को बचाने की उनकी कोशिश इनके हितों को नुकसान पहुंचाएगी।

### विमान हादसे में जान गंवाने वाले 4 यात्रियों के परिवारों ने बोइंग पर किया मुकदमा

**मुंबई।** इस साल जून में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों में चार के परिवारों ने अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग और विमान के पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल इंटरनेशनल के खिलाफ एक अमेरिकी अदालत में उत्पाद दोष और लापरवाही संबंधी एक मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ईंधन 'कटऑफ स्विच' में खराबी के कारण यह दुर्घटना हुई। अमेरिका स्थित कानूनी कंपनी 'द लैनियर लॉ फर्म' ने एक बयान में बताया कि इस मुकदमे में उड़ान संख्या 171 पर चार यात्रियों की गलत तरीके से हुई मौत के लिए प्रतिवादियों के खिलाफ प्रतिपूरक व दंडात्मक क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया की बोइंग 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई171 12 जून को लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद क्रैश हो गया था।

पूछताछ

ईओडब्ल्यू के अधिकारी बोले- राज कुंद्रा ने बयान में किए हैं कई खुलासे

# अभिनेत्रियों, निर्माताओं को दी धोखाधड़ी की रकम

**मुंबई, एजेंसी**

लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में जांच का सामना कर रहे व्यवसायी राज कुंद्रा ने जांचकर्ताओं के समक्ष दावा किया है कि उन्होंने उस राशि का कुछ हिस्सा बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु और नेहा धूपिया तथा निर्माता एकता कपूर को पेशेवर मेहनताना के रूप में दिया था। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अधिकारी ने बताया कि कुंद्रा (50) ने इस हफ्ते की शुरुआत में मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू के समक्ष दर्ज कराए गए बयान में धोखाधड़ी से हासिल कुछ रकम बिपाशा, नेहा



और एकता को मेहनताना के रूप में देने का दावा किया। ईओडब्ल्यू 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले की जांच कर रहा है, जिसमें राज, उनकी पत्नी एवं बॉलीवुड अदाकारा शिल्पा शेट्टी सहित अन्य लोग आरोपी हैं। राज और शिल्पा अब बंद हो चुके होम शॉपिंग और ऑनलाइन रिटेल मंच बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक थे। अधिकारी के मुताबिक, राज से ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने मामले के सिलसिले में 15 सितंबर को पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान राज ने पुलिस को बताया कि संबंधित राशि का कुछ हिस्सा कथित तौर पर बिपाशा, नेहा और एकता कपूर को ऑनलाइन मंच पर उनकी उपस्थिति के लिए पेशेवर मेहनताना के रूप में दिया गया था। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि ईओडब्ल्यू इस सिलसिले में अधिक जानकारी जुटाने के लिए इनमें से किसी को भी तलब करने की योजना नहीं बना रहा है।

### व्यवसायी से 60.4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का है आरोप

उन्होंने बताया कि ईओडब्ल्यू मामले की जांच के एक हिस्से के रूप में राज के विभिन्न बैंक लेनदेन की भी जांच कर रहा है। यह मामला कुंद्रा दंपति और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दायर शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसमें बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित ऋण-सह-निवेश सौदे में एक व्यवसायी से 60.4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया था। शिकायत व्यवसायी दीपक कोठारी (60) की ओर से दर्ज कराई गई थी, जो लोटस कैपिटल फाइनेंस सर्विसेज नामक एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के निदेशक हैं।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025



अतीत पर ध्यान मत दो। भविष्य के बारे में मत सोचो। अपने मन को वर्तमान पर केंद्रित करो।

–महात्मा बुद्ध



## सांसों पर मंडराता खतरा

वायु प्रदूषण आज केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, जिसमें सीक्यूएम, केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से तीन सप्ताह के भीतर वायु प्रदूषण से निपटने की ठोस योजना पेश करने को कहा गया है, इस समस्या की तात्कालिकता को रेखांकित करता है। राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हर वर्ष सर्दियों में धुंध, स्मॉग और जहरीली हवा के कारण विश्व स्तर पर शर्मिंदगी झेलते हैं। यह विडंबना है कि वैज्ञानिक तकनीक और प्रशासनिक साधनों की उपलब्धता के बावजूद समस्या हर साल जस की तस बनी रहती है। दरअसल, वायु प्रदूषण का संकट केवल वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन या निर्माण कार्यों की धूल से पैदा नहीं होता। इसका बड़ा कारण खेतों में पराली जलाना भी है, जिससे हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली-एनसीआर का वायुमंडल दमघोंटू हो जाता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल किसानों की गिरफ्तारी या दंड से समस्या का समाधान नहीं होगा। राज्य सरकारों को किसानों के लिए व्यवहारिक विकल्प और वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने होंगे, ताकि वे पराली जलाने के बजाय अन्य उपाय अपनाएं। साथ ही, कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था भी आवश्यक है।

न्यायालय ने इस मुद्दे को केवल तकनीकी या प्रशासनिक दृष्टिकोण से नहीं देखा, बल्कि नागरिकों के जीवन के मौलिक अधिकार से जोड़ा है। स्वच्छ हवा में सांस लेना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जब प्रदूषण के कारण बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं, तब यह केवल पर्यावरणीय प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि जनस्वास्थ्य संकट बन जाता है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से श्वसन संबंधी रोग, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वर्तमान परिदृश्य में केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त कार्ययोजना आवश्यक है। अक्सर देखा गया है कि जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल दी जाती है और परिणामस्वरूप समस्या यथावत रहती है। यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद ली जाए, तो निगरानी और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी हो सकता है। इसके अलावा, न्यायालय द्वारा तीन सप्ताह की समय-सीमा एक अवसर है कि सभी संबंधित एजेंसियां मिलकर ठोस, व्यावहारिक और समयबद्ध कार्य योजना प्रस्तुत करें।

लंबे समय के लिए हमें शहरी नियोजन और परिवहन व्यवस्था को भी प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से देखना होगा। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना और औद्योगिक क्षेत्रों को सख्त मानकों के अधीन लाना समय की मांग है। साथ ही, वृक्षारोपण और हरित पट्टी के विकास को केवल औपचारिकता न मानकर गंभीरता से लेना होगा। आज स्थिति यह है कि अदालत को बार-बार सरकारों को चेतावनी देनी पड़ रही है। यह प्रशासनिक तंत्र की असफलता को दर्शाता है। यदि हम समय रहते कठोर और ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो यह संकट हमारे भविष्य को ही नहीं, वर्तमान को भी असुरक्षित बना देगा।

### प्रसंगवश

## रिश्तों के नौ चरणों में छिपी है जीवन जीने की कला

'शांति संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, यह शांतिपूर्ण माध्यमों से संघर्ष को संभालने की क्षमता है।'- रोनाल्ड रीगन

बदलते समय के साथ रिश्तों और शांति की अवधारणा विकसित हुई है, जहां हर व्यक्ति अपनी शांति की अवधारणा को एक ऐसे तरीके से परिभाषित करता है, जो पहले अज्ञात था। 'शांति और सद्भाव' का पर्यायवाची अक्सर 'संघर्षों की अनुपस्थिति या अलगाव का आसान तरीका' माना जाता है। हमारे पूर्वजों ने ठीक ही कहा था कि किसी भी रिश्ते की नींव बनाने में सदियां लगती हैं, लेकिन इसे नष्ट करने में केवल कुछ सेकंड लगते हैं। गलतफहमी, अल्टर-इगो, अस्वीकार्य व्यवहार, घरेलू हिंसा, निर्दयी प्रतिकार या कोई अस्वीकार्य कार्य संबंधों में पहले कदम की सीढ़ी के तहत आता है, जहां वर्तमान पीढ़ी इसे 'हम इसे और नहीं चला सकते' के रूप में टैग करती है।



गार्गी जुयाल

लेखिका

पुराने दिन बहुत सुनहरे थे, जहां परिवार एकजुट थे। सभी साथ मिलकर रहते थे। उन दिनों न सिर्फ रिश्तों की अहमियत थी, बल्कि इन्हें संजोया भी जाता था और विवाह को भी खूब महत्व दिया जाता था। विवाह के अनुष्ठानों में ली गई हर कसम शुद्ध और सदा के लिए थी, जहां व्यक्तियों के बीच मतभेदों को स्वीकार किया जाता था और उन पर काम किया जाता था। पृथ्वी के क्षेत्रों की तरह रिश्तों के भी क्षेत्र हैं। यानी रिश्ते के चरणः

1. आकर्षण-मोह का चरण
2. उत्तेजना-बेचैनी का चरण
3. विश्वास निर्माण-नींव का चरण
4. वास्तविकता का चरण
5. रिश्तों में गहराई का चरण
6. प्रतिबद्धता का चरण
7. परोपकारी-सहभागीदारी का चरण
8. आत्म-विकास का चरण
9. अंतिम चरण

प्रेम के इन नौ चरणों को जीवन को समझने के लिए आरोही क्रम में रखा गया है, जहां लोग मिलते हैं और एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। एक-दूसरे से मिलने या संवाद करने की उत्तेजना विकसित करते हैं। अगले दिन या आगामी घटनाओं के लिए विश्वास और आस्था बनाते हैं, लेकिन समय के साथ जब दोनों भागीदार अपने सच्चे स्वरूप, अपने सच्चे गुण, अपने व्यवहारिक पैटर्न और जीवन कैसे संचालित करते हैं, इसका हर एक विवरण प्रकट करते हैं तो अक्सर हार मान लेते हैं।

दूसरी ओर पुराने दिनों में इसे एक-दूसरे को वास्तव में जानने के चरण के रूप में माना जाता था, जहां कोई सीमा या प्रभाव बनाने के कार्य नहीं थे। इसके बाद गहरा करने का चरण आता था, जिसमें जीवन के सभी मापदंडों सहित एक-दूसरे को सर्वोत्तम तरीके से जानने की सहमति शामिल थी। फिर प्रतिबद्धता का चरण आया, जहां व्यक्तियों ने आपसी, स्वेच्छा से और पूरे दिल से आने वाली किसी भी स्थिति में जीवन भर एक साथ बिताने का वादा किया, जिससे सह-भागीदारी चरण का उदय हुआ। सभी जिम्मेदारियों और कार्यों को साझा करना और इससे पहले कि हम इसे एक आदर्श रिश्ता या एक-दूसरे के लिए बने हुए कहें, सबसे महत्वपूर्ण चरण आता है, जहां दोनों भागीदार अपने आत्म-विकास के लिए एक-दूसरे की सहायता करते हैं। इन चरणों से गुजरने और इसे एक सुस्थापित रिश्ता मानने में वर्षों लगते हैं, जहां अगर दंपत्ति एक साथ काम करने का संकल्प लेते हैं, तो वे हर बाधा का सामना करने के लिए प्रतिरक्षित होते हैं। रिश्तों को संरक्षित करना आवश्यक है।

## कतर हमले के बाद हर ओर से घिर रहा है इजराइल






नवीन गुप्ता

बरेली

कतर की राजधानी दोहा में हमास नेताओं पर हमले कर इजराइल मित्र देशों से भी घिर गया है। स्थिति यह है कि अमेरिका ने बीच-बचाव कर मामले को संभालने की कोशिश तो की है, लेकिन इस्लामिक राष्ट्रों की नाराजगी कम होती नहीं दिख रही है। यह स्थिति न सिर्फ तनाव को और बढ़ा रही है, बल्कि युद्ध का नया मोर्चा खुलने की आशंका भी जताई जा रही है। पांच से अधिक मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इजराइल के विरुद्ध एक दो नहीं बल्कि 60 से अधिक मुस्लिम देशों ने मोर्चा खोल दिया है। नौ सितंबर को कतर में हुए हमले के बाद कतर की राजधानी दोहा में अरब लीग और मुस्लिम इस्लामिक सहयोग संगठन की आपातकालीन मीटिंग में इजराइल के हमले की न सिर्फ निंदा की गई, बल्कि कड़े कदम उठाने की मांग भी उठी। इस बैठक में शामिल हुए 60 मुस्लिम देशों में इजराइल के मुद्दे पर किसी तरह का कोई मतभेद नहीं दिखा बल्कि एक स्वर में इजराइल पर कार्रवाई करने की मांग उठाते रहे। साथ ही फिलिस्तीन पर इजराइल द्वारा किए जा रहे हमले रोकने की मांग भी उठी और फिलिस्तीन वासियों के विरुद्ध कार्रवाई रोकने के लिए हर जरूरी कानूनी और प्रभावी कदम उठाने का भी निर्णय लिया गया।

अब तो यह आशंका भी जताई जा रही है कि कुछ इस्लामिक देश इजराइल के साथ अपने राजनयिक और आर्थिक संबंध भी तोड़ सकते हैं, क्योंकि इस बैठक में मुस्लिम देशों ने राजनयिक और आर्थिक संबंधों की समीक्षा की घोषणा की है। मामला तो यहां तक बढ़ गया है कि अब ये देश संयुक्त राष्ट्र में इजराइल की सदस्यता निलंबित करने के लिए एकजुट होकर मांग उठाने को तैयार हैं। साथ ही संयुक्त सेना बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन, सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास आदि ने एक स्वर में इजराइल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का एलान किया। इससे अब लगता है कि अमेरिका भी इन देशों को इजराइल के विरुद्ध कार्रवाई न करने के लिए मना नहीं पाएगा। कतर ही हमास नेताओं और इजराइल के वार्ताकारों के बीच समझौता वार्ता करा रहा था, लेकिन अब यह वार्ता पूरी तरह से पटरी से उतर गई है, क्योंकि इजराइल ने कतर में बैठे हमास नेताओं को ही निशाना बना दिया, हालांकि बड़े नेताओं को कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन कतर व अन्य इस्लामिक देशों से इजराइल के रिश्ते जरूर खराब हो गए।

> पांच से अधिक मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इजराइल के विरुद्ध एक दो नहीं बल्कि 60 से ज्यादा मुस्लिम देशों ने भी मोर्चा खोल दिया है।

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने बैठक में स्पष्ट कहा कि इजराइल ने हमास के वार्ताकारों को निशाना बनाकर गाजा युद्ध विराम वार्ता को विफल करने की भरपूर कोशिश की है। ईरान को भी भय है कि इजराइल कभी भी उस पर हमले कर सकता है। ईरान के राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा कि अगर मुस्लिम और अरब देश एक नहीं हुए तो कल उनकी भी बारी आ सकती है। उनका यह बयान दर्शाता है कि उन्हें इस बात का भय है कि इजराइल कभी भी ईरान या अन्य मुस्लिम राष्ट्र पर हमला कर सकता है। तुर्की और इजराइल दोनों ही अमेरिका के खास मित्र राष्ट्र हैं, लेकिन तुर्की और इजराइल के बीच तनाव किसी से छुपा नहीं है। तुर्की राष्ट्रपति एर्दोगन ने तो इजरायल पर आतंकवादी मानसिकता अपनाने का आरोप भी लगाया है। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने अन्य मुस्लिम राष्ट्रों पर भी इजराइल के हमले की आशंका जताई है व एकजुटता की अपील की है।

इसी माह होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इजराइल के विरुद्ध इन राष्ट्रों की एकजुटता देखने को मिल सकती है। सभी एकजुट होकर इजराइल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग कर सकते हैं। इजराइल को मान्यता देने वाले संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन और मोरक्को जैसे देशों पर इजराइल पर दबाव बनाने के लिए कहा जा रहा है। उधर, फ्रांस ने भी इजराइल के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार किया है और फिलिस्तीन के प्रति अपने समर्थन को दोहराया है। खुद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि फ्रांस संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। आस्ट्रेलिया भी फ्रांस के साथ खड़ा है और इजराइल के विरुद्ध उसका रुख सख्त हो गया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में मान्यता की बात कही है। कनाडा और यूनाइटेड किंगडम पहले ही भी मान्यता का एलान कर चुके हैं।

फिलिस्तीन के प्रति बढ़ते समर्थन से न सिर्फ इजराइल परेशान है, बल्कि अमेरिका भी। अमेरिका की कोशिश है कि किसी तरह से फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कनाडा आदि देशों को फिलिस्तीन का समर्थन करने से रोका जाए, हालांकि इन देशों की नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि वे अब अमेरिका की भी नहीं सुन रहे हैं। इजराइल के प्रति बढ़ती नाराजगी को रक्षा विशेषज्ञ और आर्थिक विशेषज्ञ अच्छा नहीं मानते हैं। इन सबके बीच इस्लामिक राष्ट्रों द्वारा संयुक्त सेना बनाने की घोषणा न सिर्फ इजराइल के लिए चिंता का विषय है, बल्कि अमेरिका के लिए भी। अमेरिका ने कई अरब देशों में अपने सैन्य बेस बना रखे हैं, जो उसे हटाने पड़ सकते हैं।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक अहम सैन्य समझौता हुआ है। यह समझौता दोनों देशों ने नाटो की तर्ज पर किया है। समझौते में कहा गया है कि इनमें से किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर माना जाएगा। यह समझौता न सिर्फ इजराइल की टेंशन बढ़ाने वाला है, बल्कि भारत की टेंशन भी इससे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार कह रहे हैं कि भारत में होने वाला कोई भी आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा। भारत फिर ऑपरेशन सिंदूर को सक्रिय कर देगा। सऊदी अरब और भारत के बीच गहरे रिश्ते हैं। ऐसे में पाकिस्तान से युद्ध होता है, तो हमारे रिश्ते सऊदी से भी खराब हो सकते हैं।

### आमने सामने



मेरे पास 101 प्रतिशत सबूत हैं कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। वोटर लिस्ट से नामों को डिलीट सेंट्रलाइज्ड तरीके से किया गया और नामों को डिलीट करने के लिए व्यक्ति का नहीं बल्कि सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। **–राहुल गांधी**
नेता प्रतिपक्ष

जब राहुल गांधी से अपने आरोपों को साबित करने के लिए कहा जाता है तो वे पीछे हट जाते हैं और शपथ पत्र देने से भी मुकर जाते हैं। बार-बार आरोप लगाना, फिर माफी मांगना और कोर्ट से फटकार खाना, यही राहुल गांधी का राजनीतिक स्टाइल बन गया है। **–अनुराग ठाकुर**
नेता भाजपा



## घुसपैठिएः समस्या, सियासत और समाधान



डॉ. ओपी त्रिपाठी

लेखक

क्या बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई और घुसपैठ रोकने की राह आसान है? देश के अन्य राज्यों में घुसपैठियों पर हो रही कार्रवाई को बांग्लाभाषियों के खिलाफ उत्पीड़न बताकर जिस तरह की राजनीति हो रही है, यह भी एक गंभीर मुद्दा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद को बताया था कि भारत में लगभग दो करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। 2004 में तत्कालीन यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने खुलासा किया था कि देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में कुल एक करोड़ 20 लाख 53,950 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मौजूद हैं।

ये आंकड़े सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों के थे, जबकि कुछ अन्य देशों से भी अवैध तरीके से लोग भारत में घुसते रहे हैं। अब 2025 में ये तमाम आंकड़े काफी बढ़ चुके होंगे! बुनियादी आंकड़ा दो करोड़ भी मान लेते हैं, तो उस अनुपात में घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ा क्यों नहीं जा रहा है? केंद्र सरकार के सामने बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की राह में कई रोड़े हैं, जिन्हें हटाकर ही इस गंभीर समस्या से निपटना संभव हो सकेगा, जिस तरह से सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदली जा रही है, वह बंगाल में सामाजिक संकट पैदा कर रहा है। इस समय पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की ओर से भाषा आंदोलन चलाया जा रहा है। यह आंदोलन कथित तौर पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों को उत्पीड़ित किए जाने के खिलाफ है। गौरतलब है कि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र व ओडिशा जैसे राज्यों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसमें पकड़े गए बंगाल के कुछ प्रवासी श्रमिक भी थे, जिन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था। उसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के बांग्लाभाषियों का उत्पीड़न व अपमान बताकर बंगाली अस्मिता का कार्ड खेलना शुरू कर दिया है।

> बंग्लादेशी घुसपैठिए देश और क्षेत्र विशेष की डेमोग्राफी के लिए घातक हैं। इस पर सियासत तो हो रही है, लेकिन अहम यह है कि इसका शीघ्र समाधान निकाला जाना चाहिए।

इन परिस्थितियों में बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कैसे शुरू हो सकेगी? अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात शुरू हुई ही है, तो तृणमूल समेत कांग्रेस व वामपंथी दल विरोध में खड़े हो गए हैं। घुसपैठियों से निपटने के साथ-साथ केंद्र सरकार को बंगाल में घुसपैठ रोकने के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने होंगे। असम और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। बिहार में तो दो माह में ही चुनाव संपन्न हो जाएंगे। लिहाजा घुसपैठियों के खिलाफ हुंकारें समझ में आती हैं।

बेशक देश के सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकी संतुलन कई जगह बिगड़ चुका है। कथित तौर पर असम में 50 लाख से अधिक और बंगाल में 57 लाख से अधिक बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण ये समीकरण बदल रहे हैं। नतीजतन सांप्रदायिक दंगों के हालात भी बनते जा रहे हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा में जो हिंदू-विरोधी उत्पात मचाए गए, हिंसक प्रहार किए गए, घर उजाड़ दिए गए, उस परिदृश्य पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील खतरा मानते हैं। हमारे युवाओं के हिस्से के संसाधन और रोजगार छिन रहे हैं। महिलाओं की इज्जत के साथ छल-कपट, खिलवाड़ किए जा रहे हैं। यकीनन यह विकराल राष्ट्रीय समस्या लगती है। बंगाल से सटी बांग्लादेश की 569 किमी सीमा ऐसी है, जहां फेंसिंग (बाड़) नहीं लग सकी है। बंगाल में बांग्लादेश से लगी कितनी सीमा पर फेंसिंग नहीं हुई है? इसकी वजह क्या है? पिछले तीन वर्षों में कितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं? इन सवालों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब दिया था कि बंगाल से लगती बांग्लादेश की सीमा की कुल लंबाई 2216 किमी है, जिसमें से 1648 किमी पर फेंसिंग हो चुकी है। बाकी 569 किमी में फेंसिंग नहीं हुई है। इसमें भी 112 किमी सीमा ऐसी है, जहां पर नदी-नाले व जंगल हैं। वहां बाड़ लगाना संभव नहीं है।

अब तक पूरी तरह से बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग क्यों नहीं हो सकी है? इसकी मुख्य वजह केंद्र की ओर से राज्य सरकार द्वारा समय पर जमीन का बंदोबस्त नहीं करना बताया जा रहा है। अब जमीन मिलने की बात कही जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, बांग्लादेश से 2023 में 1,547, 2024 में 1,694 और 2025 में अब तक 723 लोग घुसपैठ करते पकड़े गए हैं। ये आंकड़े बता रहे हैं कि घुसपैठ कितनी बड़ी समस्या है। ऐसी ही स्थिति रही तो बंगाल में मौजूद घुसपैठियों पर कार्रवाई करना कितना मुश्किल है, यह समझा जा सकता है।

वामपंथी दलों पर घुसपैठियों का वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप खुद ममता बनर्जी सड़क से लेकर संसद तक में लगाती रही हैं, लेकिन 2011 में सत्ता में आने के बाद अब उन पर ही इन घुसपैठियों को प्रश्रय देने का आरोप लग रहा है। जिस तरह से ममता संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), संशोधित वक्फ कानून और अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जोड़कर मुखर हो रही हैं, यह काफी कुछ बता रहा है।

### सोशल फोरम

## मार्क ट्वेन की प्रेम कथा

प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन ने जब ओलिविया लैंगडन से विवाह किया तो उन्होंने एक मित्र से कहा, "अगर मुझे पता होता कि वैवाहिक जीवन इतना सुखद हो सकता है, तो मैं यह तीस 30 पहले ही कर लेता, दांत उगाने में समय बर्बाद करने के बजाय।"

उस समय ट्वेन 32 वर्ष के थे। ट्वेन- जिनका असली नाम सैम्युअल क्लेमेन्स था, एक साधारण परिवार से आते थे और बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआत एक प्रिंटर के शागिर्द के रूप में की, फिर स्टीमबोट पायलट बने। चांदी की खदानों में किस्मत आजमाई (और बुरी तरह असफल रहे), लेकिन अंततः असली पहचान एक लेखक के रूप में पाई। उनकी तीखी बुद्धि और अद्भुत कहानी कहने की कला ने उन्हें पूरे अमेरिका में प्रसिद्ध कर दिया।



संजीव मिश्रा

ब्लॉगर

इसी दौरान वे प्रेम में पड़े। पहले ओलिविया से नहीं, बल्कि उनकी तस्वीर से। एक मित्र ने उन्हें एक लॉकेट में ओलिविया की तस्वीर दिखाई और बाद में उनसे मिलवाने का न्योता दिया। मिलने के दो हफ्तों के भीतर ही ट्वेन ने प्रस्ताव रख दिया। ओलिविया को वे पसंद आए, लेकिन उन्होंने हिचकिचाते हुए मना कर दिया। वे उनसे दस साल बड़े थे। उनकी समृद्ध और सुसंस्कृत सोसायटी के अनुरूप नहीं थी और उनके पास एक पैसा भी नहीं था। ओलिविया उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करती थीं, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया।

ट्वेन हार मानने वाले नहीं थे, उन्होंने दोबारा प्रस्ताव रखा। इस बार ओलिविया ने उनके धार्मिक विश्वास की कमी का हवाला दिया। ट्वेन ने अपनी सिग्नेचर हास्य और सच्चाई से उत्तर दिया, "अगर यही जरूरी है तो मैं अच्छा ईसाई बन जाऊंगा।" हालांकि ओलिविया ने फिर मना कर दिया, लेकिन तब तक वे भी उनसे प्रेम करने लगी थीं। ट्वेन, यह मानकर कि अब कोई संभावना नहीं है, वहां से चले गए। रेलवे स्टेशन की ओर जाते समय उनकी गाड़ी पलट गई। मौका भांपकर ट्वेन ने अपनी चोटों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया और उन्हें ओलिविया के घर ले जाया गया। जब ओलिविया उनकी देखभाल में लगीं, तब उन्होंने अंतिम बार प्रस्ताव रखा। इस बार, ओलिविया ने 'हां' कह दी।

ट्वेन ने धार्मिक पत्नी को खुश करने की पूरी कोशिश की। वे हर रात उनके लिए बाइबिल पढ़ते व भोजन से पहले प्रार्थना करते। यह जानते हुए कि पत्नी को उनकी कुछ कहानियां पसंद नहीं थीं, उन्होंने उन्हें कभी प्रकाशित नहीं किया और 15,000 से अधिक पन्नों का अप्रकाशित साहित्य इकट्ठा कर लिया। ओलिविया उनकी पहली संपादक व सबसे कठोर आलोचक बनीं। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## परीक्षा में उलझ गई नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति को लेकर जिस व्यापक बदलाव की आशा की जा रही थी, वह केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय की परीक्षा में कमजोर साबित हुई है। नीति में प्रस्तावित ढांचा, मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट प्रणाली, डिजिटल विश्वविद्यालय और शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय मानक आदि अधिकांशतः या तो कागजो तक सीमित रह गए हैं या उनके क्रियान्वयन में गंभीर असमानताएं सामने आई हैं। कई राज्य इसे केंद्र सरकार की ओर से थोपी गई नीति मानते हैं, वहीं कुछ ने इसे पूर्णतः खारिज भी कर दिया है।

नई शिक्षा नीति की घोषणा 2020 में हुई और 2021-22 से इसे लागू करने के प्रयास शुरू हुए, पर अब 2025 में भी स्थिति यह है कि देश के अधिकांश विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में यह आधे-अधूरे रूप में ही अपनाई गई है। 5+3+3+4 ढांचे की बात करें तो यह अभी तक केवल दस्तावेजों में है। अधिकांश स्कूल अभी भी 10+2 प्रणाली के अनुसार ही काम कर रहे हैं। नई पाठ्यचर्या की घोषणा के बावजूद, नई किताबें और प्रशिक्षण संसाधन राज्यों तक समय पर नहीं पहुंच सके हैं।



धीरेंद्र सिंह

लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे लागू करने को लेकर प्रारंभिक रूप से सक्रियता दिखाई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 में इसे 'भविष्य को बदलने वाली शिक्षा क्रांति' बताया था। परंतु चार वर्षों के बाद 2025 तक, इसकी जमीनी स्थिति मिश्रित और आंशिक रूप में ही दिखाई दे रही है। स्कूल शिक्षा में 5+3+3+4 ढांचा केवल प्रारंभिक स्तर तक लागू हुआ है, कक्षा 1-2 के लिए बाल वाटिका और फाउंडेशनल स्टेज शुरू की गई है। मगर, अधिकांश शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम और ढांचे की समझ अभी तक अधूरी है। नई किताबें और प्रशिक्षण सामग्री अधिकतर विद्यालयों तक समय पर नहीं पहुंची हैं। मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान केवल सीमित क्षेत्रों में लागू हुआ है। शहरी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक है, जबकि ग्रामीण स्कूलों में पर्याप्त हिंदी सामग्री और प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। उच्च शिक्षा में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम कुछ विश्वविद्यालयों में लागू हुआ है, लेकिन मल्टीपल एंट्री-एग्जिट और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) का प्रयोग सीमित है। डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षण की कमी से छात्र और शिक्षक भ्रमित हैं। एनपीएसटी और शिक्षक प्रशिक्षण अधूरा है। कुल मिलाकर, प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन प्रारंभिक उत्साह के बावजूद आंशिक और असंगठित है। नीति का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब शिक्षक, छात्र और प्रशासन के बीच स्पष्ट संवाद, प्रशिक्षण और संसाधन सुनिश्चित किए जाएं।

देश के स्तर पर देखें तो नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा का जो नारा दिया गया था, वह जमीनी स्तर पर गहराई से विवादों में घिर गया। कई राज्यों ने इसे हिंदी थोपने का प्रयास बताया। वहीं माता-पिता और शिक्षकों के बीच भी इस व्यवस्था को लेकर भ्रम और असहमति बनी रही। उच्च शिक्षा में नीति के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और मल्टीपल एंट्री-एग्जिट जैसी अवधारणाएं लाई गईं, लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय इन बदलावों के लिए तैयार नहीं थे। छात्रों और शिक्षकों, दोनों को नए ढांचे को लेकर भ्रम रहा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और एआईसीटीई जैसी संस्थाएं भी स्पष्ट दिशा-निर्देश देने में असफल रहीं। एबीसी जैसी प्रणाली आज भी केवल पायलट मोड में ही चल रही हैं। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो उसका वादा बड़ा था, लेकिन परिणाम न्यूनतम।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# गर्मी को करें बाय-बाय

## छतों और दीवारों पर लगाएं सुपर कूल शीट

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में गर्मी का मौसम औसतन आठ माह लोगों को परेशान करता है। मार्च माह से एसी चलने शुरू हो जाते हैं और नवंबर से पहले बंद होने की नौबत नहीं आती है। अप्रैल से सितंबर माह के बीच घरों की छतें, दीवारें और पानी की टंकियां अमूमन किसी भट्ठी जैसी तपती हैं। लोगों को तरह-तरह के शीतलन उपायों का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण बिजली का बिल लोगों की हालत खराब कर देता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (आईआईटी-के) के शोधकर्ताओं ने इसी समस्या का कूल-कूल समाधान नवाचार के जरिए प्रस्तुत किया है। उन्होंने एक विशेष तरह की नई इंसुलेशन शीट तैयार की है, जो घरों और बिल्डिंग में सूर्य के तापमान से बढ़ रही गर्मी को काफी हद तक कम करने में सक्षम है।

*- मनोज त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार*

**12 डिग्री तक तापमान घटाने में सक्षम**

यह सुपर कूल शीट घर के अंदर के तापमान को करीब 12 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकती है और वह भी बिना बिजली, पानी या किसी मशीनी शोर के। इस आविष्कार के साथ आईआईटी कानपुर ने देश को हरित शीतलन तकनीक में अग्रणी बना दिया है। अगर इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह शहरी और ग्रामीण भारत में भीषण गर्मी से निपटने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है, बिजली खर्च कम करके स्वच्छ, हरित भविष्य को बढ़ावा दे सकता है।

- आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप ने बनाई ऐसी अनोखी शीट जो घर को रखेगी ठंडा
- एसी का बिजली बिल नहीं बनेगा अब आफत, गर्मी से भी मिलेगी पूरी तरह राहत

### सूरज की गर्मी रिफ्लेक्ट कर थर्मल कंडक्टिविटी कम कर देती है

आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने इस सीट को बनाने में सिंथेटिक पॉलीमर का इस्तेमाल किया है। इसे तैयार करने में एक खास कपड़े पर पॉलीमर की कोटिंग की जाती है, जो इसे दीवार, छत या पानी की टंकी पर चिपकने में सक्षम बनाती है। यह शीट सफेद रंग की होती है, जिससे यह गर्मी को रिफ्लेक्ट करती है और थर्मल कंडक्टिविटी को कम करती है। इसमें मौजूद पॉलीमर की वजह से बाहरी हवा वहीं रुक जाती है और इसकी व्हाइट पेपर कोटिंग से सूरज की किरणें रिफ्लेक्ट हो जाती हैं।



### घरों और फैक्ट्रियों में बिजली खपत में 25 से 30 प्रतिशत की कमी

इस अनोखी शीट को जिन घरों की छत और दीवारों पर लगाया गया है, उन घरों में कमरों या अन्य स्थानों का तापमान कड़ी धूप में भी बाहर की तुलना में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तक कम पाया गया है। इससे घरों और कारखानों में बिजली की खपत में 25 से 30 प्रतिशत की कमी देखी गई है। यह सुपर कूल शीट गर्मी की चिंता को दूर करके एक कम लागत वाला, पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करती है, जो भारत में हरित प्रौद्योगिकियों और ऊर्जा संरक्षण के प्रति बढ़ते प्रयासों के अनुरूप है। इस शीट को लगाने में किसी प्रकार के फ्रेम की आवश्यकता नहीं होती है। इसे सीधे दीवार, छत या पानी की टंकी पर लगाया जा सकता है।



### 60 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से बाजार में कराई उपलब्ध


आईआईटी की स्टार्टअप फर्म, जीआईटीटेक ने इस शीट का उत्पादन शुरू करके बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया है। बाजार में यह शीट 60 से 65 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर पर बिक्री की जा रही है। इसके विपरीत बाजार में सामान्य शीटों की कीमत 100 से 160 रुपये प्रति वर्ग फुट के बीच है। स्टार्टअप कंपनी के सीईओ आदित्य ने बताया कि उनकी शीट की बाजार में सबसे अधिक डिमांड घरों की छत पर लगी पानी की टंकी के लिए आई है। इसकी वजह शीट लगाने के बाद भीषण गर्मी में भी पानी का नॉर्मल रहना है।



---

## टेक अपडेट्स

### क्या है गूगल डिस्कवर में आया बड़ा अपडेट




- गूगल डिस्कवर, जो यूजर्स की पसंद के हिसाब से आर्टिकल्स, वीडियो और दूसरे मीडिया दिखाता है। अब उसमें बड़ा अपडेट देखने को मिलेगा। गूगल ने एक ब्लॉग पोस्ट में बताया है कि अब इसमें इंस्टाग्राम, यूट्यूब शॉर्ट्स और एक्स (पहले ट्विटर) का कंटेंट भी दिखेगा। इसके साथ-साथ दुनियाभर के पब्लिशर्स और क्रिएटर्स के अपडेट भी मिलेंगे। गूगल डिस्कवर में जल्द ही और प्लेटफॉर्म्स का सपोर्ट भी ऐड किया जाएगा।

### डेटा और अनलिमिटेड

- बीएसएनएल के 200 रुपये के रिजार्ज में रोज 2 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग:
आपकी डेटा की जरूरत ज्यादा है और आप रोज कम से कम 2 जीबी डेटा चाहते हैं, तो बीएसएनएल का 199 रुपये वाला प्लान आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इस प्लान में आपको 28 दिनों की वैलिडिटी मिलती है। फायदे की बात करें तो, इसमें आपको किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स, रोज के 100 एसएमएस और 2 जीबी हाई-स्पीड डेटा मिलता है।


### अंगूठे से कर सकेंगे पेमेंट

- अब तक आपको पेमेंट करने के लिए कैश, कार्ड या वॉलेट की जरूरत होती थी, लेकिन अब आपके एक थंब प्रिंट से भी पैसे पे किए जा सकते हैं। भारत में एक नई तकनीक विकसित की गई है, जिससे आप अपने अंगूठे के निशान से पेमेंट कर सकते हैं। इसके लिए आपको कैश, कार्ड या मोबाइल की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत की एक स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने थंब पे नाम का एक नया बायोमेट्रिक भुगतान डिवाइस लॉन्च किया है। यह डिवाइस लोगों को अपने अंगूठे से पैसे का लेन-देन करने की सुविधा देता है। थंब पे आधार और यूपीआई से कनेक्टेड होगा, जिससे भुगतान करना आसान होगा।

---

# AI टेक्नोलॉजी से बन जाएं ट्रेंडी

हाल ही सोशल मीडिया पर एआई से फोटो बनाकर पोस्ट करने का ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। घिबली से क्यूट तस्वीरें बनाने के बाद, महिलाएं अब गूगल जेमिनी के नए एआई टूल से अपनी तस्वीरों को 80 के दशक की बॉलीवुड अभिनेत्री वाला रेट्रो लुक दे रही हैं, जिसमें विंटेज साड़ी और आइकॉनिक पोज शामिल हैं, जिससे महिलाएं अपनी पुरानी तस्वीरों को नया आकर्षक रूप दे पा रही हैं। अगर आप अभी तक एआई से फोटो बनाना नहीं जान पाएं हैं तो आज हम आपको बताते हैं कि गूगल जेमिनी के एआई टूल से फोटो कैसे बनते हैं।



### क्या करें

- **गूगल जेमिनी खोलें :** अपने मोबाइल पर जेमिनी ऐप डाउनलोड करें या इसे अपने कंप्यूटर डेस्कटॉप पर खोलें। इसके बाद, अपने गूगल अकाउंट से लॉग इन करें।
- **इमेज एडिटिंग मोड में जाएं :** जेमिनी पर नीचे की ओर आपको केले का आइकन दिखेगा। उस पर क्लिक करें और 'इमेज एडिटिंग आजमाएं' ऑप्शन को चुनें।
- **अपनी फोटो अपलोड करें :** एक साफ और अच्छी फोटो को चुनें, जिसमें आपका चेहरा साफ दिखाई दे। ध्यान रखें ग्रुप फोटो या ब्लरी सेल्फी लेने से बचें।
- **प्रॉम्प्ट डालें :** अब आपको एक प्रॉम्प्ट डालना होगा। आप किसी वायरल साड़ी प्रॉम्प्ट को कॉपी-पेस्ट कर सकते हैं या अपना खुद का प्रॉम्प्ट बना सकते हैं। प्रॉम्प्ट में आप साड़ी का रंग, लाइटिंग स्टाइल और अन्य डिटेल्स चुन सकते हैं।
- **इमेज जनरेट करें और सेव करें :** जनरेट पर क्लिक करें और कुछ सेकंड इंतजार करें। एआई आपकी रेट्रो साड़ी पोर्ट्रेट बना देगा।

### एआई जनरेटेड विंटेज साड़ी इमेज बनाने के लिए ये प्रॉम्प्ट इस्तेमाल करें

**रेड साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को निर्देश दें कि वांछित फोटो को 90 के दशक की बॉलीवुड हीरोइन की तरह एक बहती हुई लाल या ब्लैक शिफॉन साड़ी में बदलें। उसके बाल नरम और लहराते हुए हों। बैकग्राउंड रोमांटिक और नाटकीय लगे, जिसमें गर्म टोन और सूरज डूबने की सुनहरी रोशनी हो।

**सफेद पोल्का डॉट साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को कमांड दें कि एक महिला का रियलिस्टिक पोर्ट्रेट बनाएं, जो एक शीर सफेद पोल्का डॉट साड़ी में हो। उसके कान के पीछे एक छोटा गुलाबी फूल लगा हो। साइड से आती गर्म रोशनी, सिनेमैटिक शैडो बनाए।

**पर्पल साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई इस फोटो को रेट्रो, ग्रैनी और ब्राइट इमेज में बदलें। सब्जेक्ट ने एक पर्पल शिफॉन साड़ी पहनी हो। बैकग्राउंड में एक पुराना लकड़ी का दरवाजा हो। हवा में बाल उड़ रहे हों और गहरे शैडो के साथ सीन में मिस्ट्री दिखे।

**पीली साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को कहे कि इस फोटो को एक रोमांटिक 90 के दशक के बॉलीवुड पोस्टर की तरह बदलें, जिसमें सब्जेक्ट बहती हुई पीली शिफॉन साड़ी में हो। बैकग्राउंड में पहाड़ और नीला आसमान हो। इमेज थोड़ी ग्रैनी हो, लेकिन रंगीन। लाइटिंग ऐसी हो, जैसे सुनहरी धूप पड़ रही हो।



---



**काम की बात**

त्योहार के दौरान बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कई सारे आकर्षक ऑफर्स दिए जाते हैं। फ्लैश सेल, लिमिटेड टाइम ऑफर जैसी ट्रिक्स ग्राहकों को तुरंत खरीदारी के लिए मजबूर करती हैं। ऐसे ऑफर्स के झांसे में बिल्कुल न आएं। इसलिए हर ऑफर आपके लिए फायदेमंग नहीं हो सकता। सोच-समझकर ही तय करें कि क्या सच में फायदे की डील है या फिर मार्केटिंग का फंडा है।

# लाइफ ऑन लाइन है तो कुछ ट्रिक्स भी जानें

### बजट तय करने के बाद शॉपिंग करें

अक्सर ऐसा होता है कि हम त्योहार की खरीदारी बिना तय बजट के शुरू कर देते हैं। विशेषत: फेस्टिव सीजन सेल में हम सभी बिना लिमिट तय किए ऑनलाइन शॉपिंग करते रहते हैं, जिससे आपकी जेब ढीली हो जाएगी। ऐसे में बेहतर है कि बजट तैयार करें और उसी के हिसाब से गिफ्ट, सजावट व अन्य सामान की शॉपिंग करें।




### दूसरे प्लेटफॉर्म से कंपेयर करें कीमत

जल्दबाजी के चक्कर में लोग प्राइस कंपेयर नहीं करते। जब वह प्रोडक्ट ऑर्डर कर देते हैं तो पता चलता है कि दूसरे प्लेटफॉर्म में यह और भी सस्ता मिल रहा होता है, जिसके बाद आप पछतावा महसूस करते हैं। किसी भी प्रोडक्ट को दो-तीन शॉपिंग साइट्स पर प्राइस जरूर कंपेयर करें, जिससे आपके प्रोडक्ट पर काफी बचत हो सकती है।

### डिस्काउंट और सेल के झांसे से बचें

त्योहार के दौरान बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कई सारे आकर्षक ऑफर्स दिए जाते हैं। फ्लैश सेल, लिमिटेड टाइम ऑफर जैसी ट्रिक्स ग्राहकों को तुरंत खरीदारी के लिए मजबूर करती हैं। ऐसे ऑफर्स के झांसे में बिल्कुल न आएं। इसलिए हर ऑफर आपके लिए फायदेमंद नहीं हो सकता। सोच-समझकर ही तय करें कि क्या सच में फायदे की डील है या फिर मार्केटिंग का फंडा है।

### क्रेडिट कार्ड का ज्यादा यूज करना

त्योहार के दौरान लोग शॉपिंग करते हैं तो सबसे ज्यादा यूज क्रेडिट कार्ड का करते हैं। यह सुविधा काफी आरामदायक तो लगती है, लेकिन बाद में यह कर्ज अधिक बढ़ जाता है। समय पर भुगतान नहीं किया तो यह भारी ब्याज भी बन जाता है। इसलिए संभव हो सके कि तो कैश या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करें ताकि कर्ज दबाब न बने।

### रिव्यू और सेलर की रेटिंग जरूर देखें

त्योहार सेल में अगर आप सबसे महंगा प्रोडक्ट खरीदना चाहते हैं, तो आप यूजर्स के रिव्यू को जरूर पढ़ें। अगर आप फोन, लैपटॉप या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महंगे आइटम्स ऑर्डर करने वाले हैं, तो आप एक बार कस्टमर रिव्यू को जरूर चेक करें। क्योंकि कई बार फेस्टिव सीजन के दौरान ऑर्डर किया गया। प्रोडक्ट अगर खराब निकल जाए तो उसे एक्सचेंज करवाने में काफी समय निकल जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,013.96 | 25,423.60 |
| बढ़त | 320.25 | 93.35 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.37 |

सोना- 1,13,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,31,500 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1840, फॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2550, फॉर्चुन 13 किग्रा 1955, जय जवान 1975, सचिन 2050, सूरज 1975, अवसर 1885, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1895, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2165, चक्र टिन 2375, ब्लू 2125, आशीर्वाद मस्टर्ड 2475, स्वास्तिक 2570

**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल ( प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8800, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी :** डालमियां 4380, पीलीभीत 4280, सितारगंज 4260, धामपुर 4360

## बिजनेस ब्रीफ

### एस्टर-कनाडा की लूप ने संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली।** पॉलिएस्टर चिप बनाने वाली घरेलू कंपनी एस्टर इंडस्ट्रीज और कनाडा की लूप इंडस्ट्रीज ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए पुनर्चक्रित पॉलिएस्टर समाधान उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त उद्यम की घोषणा की। संयुक्त उद्यम में दोनों कंपनियों की बराबर-बराबर हिस्सेदारी है। गुजरात में लगने वाले संयुक्त उद्यम संयंत्र के पहले चरण में 1,600 करोड़ का निवेश किया जाएगा। लूप इंडस्ट्रीज और दक्षिण कोरिया की ह्योसंग टीएनसी ने भी गठबंधन किया है, जो वैश्विक ब्रांड को सर्कुलर यानी चुनर्चक्रित पॉलिएस्टर की ओर बढ़ने में मदद करेगा।

### एसएमबीसी ने यस बैंक में 20% का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक और अन्य निवेशकों से यस बैंक में 20% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। इस अधिग्रहण के साथ, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) यस बैंक में सबसे बड़ी शेयरधारक बन गयी है। जबकि एसबीआई के पास 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनी हुई है। यह किसी भारतीय निजी क्षेत्र के बैंक में सबसे बड़ा सीमापार निवेश है। इस अधिग्रहण के पूरा होने के साथ ही यस बैंक के बोर्ड में एसएमबीसी के दो नामित निदेशकों की नियुक्ति भी शामिल है।

### एनएसई मेनबोर्ड में मंगलम वर्ल्डवाइड

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी मंगलम वर्ल्डवाइड ने गुरुवार को एसएमई मंच से एनएसई के मेनबोर्ड पर स्थानांतरण किया। कंपनी ने कहा कि इस स्थानांतरण में 10 रुपये मूल्य वाले 2,97,00,674 इक्विटी शेयर हैं, जो पूरी तरह से चुकता हैं। इन्हें एनएसई के नियमों के अनुसार स्थानांतरित किया गया है। मंगलम के प्रबंध निदेशक चंद्रगुप्त प्रकाश मंगल ने कहा कि एनएसई मेनबोर्ड पर हमारा स्थानांतरण मंगलम वर्ल्डवाइड के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

### यूरो प्रतीक के आईपीओ को 1.34 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** डेकोरेटिव वॉल पैनल उद्योग की प्रमुख कंपनी यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गुरुवार को बोली के अंतिम दिन 1.34 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के अनुसार, तीन दिन के आईपीओ में 1,34,64,781 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 1,79,78,280 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए तय कोटा को 1.92 गुना अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 1.23 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) श्रेणी को 1.05 गुना अभिदान प्राप्त हुआ।

# उद्योग को निवेश करने व क्षमता विस्तार में संकोच नहीं करना चाहिए

## सीतारमण ने उद्योग जगत से युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार के साथ साझेदारी करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**


अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर चर्चा में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई, अब समय आ गया कि उद्योग जगत और अधिक निवेश करे तथा क्षमता विस्तार करे। सीतारमण ने भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान (आईएफक्यूएम) की संगोष्ठी में उद्योग जगत से युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार के साथ साझेदारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को सिर्फ बजट से पहले ही नहीं, बल्कि पूरे साल सरकार के साथ संपर्क बनाए रखना चाहिए। विकसित भारत के लिए गुणवत्ता प्रबंधन के प्रति एक अनुभवी नजरिया अपनाना होगा, जिसमें विनिर्माण और सेवाओं के उन स्तरों और क्षेत्रों की पहचान की जाएगी जहां हस्तक्षेप की सबसे अधिक जरूरत है।टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के यह पूछने पर कि उद्योग जगत को अब क्या करना चाहिए, सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुधारों पर कभी नरमी नहीं बरती है और न ही उन्होंने उद्योग जगत की इच्छाओं को नजरअंदाज किया है। सरकार उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। सरकार ने व्यापार सुगमता, कर सुधार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को खोलने और उद्योग जगत के अनुकूल नीतियां बनाने का काम किया है।

सीतारमण ने कहा कि उद्योग जगत को अब देश में अधिक निवेश करने, क्षमता विस्तार करने और अधिक उत्पादन करने में हिचकिचाहट नहीं होगी। सरकार आगे और क्या करे, इस बारे में भी उद्योग को बताना चाहिए। उद्योग जगत से निवेश करने के वित्त मंत्री के आह्वान पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रशेखरन ने स्वीकार किया कि सरकार ने घरेलू और निर्यात बाजार, दोनों में अपार अवसर तैयार किए हैं। मेरा विश्वास है कि ज्यादा उद्यमी, अधिक संख्या में छोटी, मझोली और बड़ी कंपनियां ढेर सारा निवेश करेंगी। क्योंकि निवेश के बिना हम इसका लाभ नहीं उठा पाएंगे।

सरकार निजी क्षेत्र के उद्योगों को क्षमता विस्तार में निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रही है, लेकिन निजी निवेश सरकारी पूंजीगत व्यय से पीछे बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अप्रैल में जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में निजी निवेश 26 प्रतिशत घटकर 4.89 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सीतारमण ने आगे कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे महत्वपूर्ण योगदान एमएसएमई क्षेत्र का है, और सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एमएसएमई समूहों के बीच सक्रिय रहे।

### जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में आएंगे दो लाख करोड़

**कोलकाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल के सुधारों से अर्थव्यवस्था के भीतर लगभग दो लाख करोड़ रुपये आएंगे जिससे सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। सीतारमण ने कहा कि नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार दरों में कटौती, अनुपालन में आसानी और अस्पष्टता को दूर करने के लिए डिजाइन किए गए थे, जिससे पश्चिम बंगाल में गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, एमएसएमई और कई उद्योगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि दरों में कटौती का जीएसटी परिषद का फैसला इसलिए संभव हुआ क्योंकि राज्य सहयोग की भावना से एक साथ आए। जीएसटी में कोई देने-लेने वाला मॉडल नहीं है। अगर राजस्व कम होता है, तो केंद्र भी उतना ही वहन करता है। जीएसटी परिषद की महीने की शुरुआत में हुई बैठक में कर दरों को चार के बजाय दो स्लैब में ही रखने का फैसला किया गया। अब सिर्फ पांच और 18 प्रतिशत की दर से कर लगेगा। हालांकि, विलासिता एवं अहितकर उत्पादों पर 40 प्रतिशत की एक विशेष दर रखी गई है। नई कर दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी जो नवरात्रि का भी पहला दिन होगा।

### देश एकल दर वाली प्रणाली को तैयार नहीं

**कोलकाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार ने जीएसटी स्लैब को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है लेकिन देश अभी एकल दर वाली जीएसटी प्रणाली के लिए तैयार नहीं है। हालांकि सीतारमण ने कहा कि भविष्य में एकल दर वाली प्रणाली की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की जीएसटी संरचना मनमाने ढंग से तय नहीं हुई थी, बल्कि यह विभिन्न राज्य-स्तरीय करों को उसके नजदीकी स्लैब में रखने की विस्तृत प्रक्रिया के जरिये तय हुई थी। जब जीएसटी प्रणाली की समीक्षा की गई, तो एक जरूरत ये थी कि जीएसटी परिषद चार दरें नहीं चाहती थी। इस सवाल का जवाब नहीं मिला कि कि क्या वे अभी एकल दर वाली स्थिति के लिए तैयार हैं। शायद भविष्य में ऐसा हो सकता है। वित्त मंत्री ने मौजूदा कर सुधार प्रक्रिया को 'नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों' का हिस्सा बताया, जो खासकर गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए प्रणाली को सरल और निष्पक्ष बनाने पर केंद्रित है। मौजूदा सरकार और पिछली संप्रग सरकार के बीच कर हस्तांतरण की तुलना करने वाले दस्तावेज पश्चिम बंगाल में परियोजनाओं के विवरण के साथ जारी किए गए हैं। जल्द अतिरिक्त दस्तावेज साझा किए जाएंगे, जिनमें आम उपयोग की वस्तुओं की सूची होगी जहां जीएसटी दरें कम की गई हैं।

### जीएसटी दर कटौती से राजस्व नुकसान पर केंद्र नहीं देगा कोई मुआवजा

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी की दरों में हालिया कटौती से राजस्व में होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र किसी तरह का मुआवजा देने पर विचार नहीं कर रहा है। राजस्व संग्रह में कमी का बोझ केंद्र और राज्यों दोनों को समान रूप से उठाना होगा। करों का बंटवारा होने के बाद इसका असर केंद्र पर राज्यों की तुलना में और भी ज्यादा होगा। सीतारमण ने जीएसटी पर आयोजित चर्चा में कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में कई राज्यों, विशेषकर विपक्ष-शासित राज्यों ने दर कटौती के प्रस्ताव पर आशंका जताते हुए पूछा था कि यदि इससे राजस्व में गिरावट आती है तो उस कमी की भरपाई किस तरह होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी में केंद्र और राज्यों की हिस्सेदारी 50-50 प्रतिशत है। इसमें भी केंद्र के हिस्से का 41 प्रतिशत राज्यों को ही वापस चला जाता है। केंद्र के पास आखिर में केवल 23 प्रतिशत हिस्सा रह जाता है। ऐसे में राजस्व गिरावट का असर केंद्र पर भी उतना ही पड़ेगा जितना राज्यों पर। जीएसटी परिषद में दाता-ग्राही का कोई रिश्ता नहीं है। जीएसटी परिषद की महीने की शुरुआत में हुई बैठक में कर दरों को चार के बजाय दो स्लैब में ही रखने का फैसला किया गया। अब सिर्फ पांच और 18 प्रतिशत की दर से कर लगेगा।

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच हमारा ध्यान आर्थिक वृद्धि पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**


● पीएएफआई के कार्यक्रम में बोले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को देश के लक्ष्यों और आर्थिक वृद्धि पर लगातार ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के नजरिये और वैश्विक उथल-पुथल से निपटने को दृढ़ संकल्पित होने की बात भी कही। सूचना प्रौद्योगिकी, रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने 12वें वार्षिक पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आज हर नीति-निर्माता के मन में एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस समय वैश्विक स्तर पर हो रहे तेज बदलावों से प्रभावी ढंग से कैसे निपटा जाए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही रोचक समय है। हमें अपने देश में जो हासिल करना है, उस पर अपना ध्यान रहना चाहिए। हम अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ाना चाहते हैं, खुद को कैसे मजबूत बनाना चाहते हैं, ताकि दुनिया में जो तूफान हैं... हम उन्हें झेलने और अपने जहाज को उन बड़े तूफानों से पार करने के लिए पर्याप्त मजबूत हों।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता के साथ विकास पर जोर दिया है। हमें भारत में बनी चीजों को बड़े पैमाने पर अपनाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे उद्योगों को वह मजबूती मिले, जो उन्हें किसी भी उथल-पुथल का सामना करने के लिए पर्याप्त रूप से लचीला बनाए।

### ऑनलाइन गेमिंग कानून एक अक्टूबर से होगा लागू

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और नियमन अधिनियम एक अक्टूबर से लागू होगा। संसद में पिछले महीने पारित यह अधिनियम, जहां एक तरफ ई-स्पोर्ट्स और अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देता है, वहीं पैसा आधारित सभी प्रकार के ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाता है। वैष्णव ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 इंडिया के बारे में जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग कानून पारित होने के बाद भी सरकार उद्योग के साथ चर्चा कर रही है।

### डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण नियम तैयार

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण (डीपीडीपी) नियम तैयार हो गए हैं और अगले 10 दिनों में इसे प्रकाशित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन नियमों को व्यापक परामर्श प्रक्रिया के बाद तैयार किया गया है। वैष्णव ने कहा कि डीपीडीपी नियम तैयार हैं और कुछ ही दिनों में ये प्रकाशित होने वाले हैं। उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) पर होने वाले सम्मेलन के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ये नियम 28 सितंबर तक जारी कर दिए जाएंगे।

# अगले 8-10 सप्ताह में शुल्क विवाद के समाधान की संभावना : सीईए


एमसीसीआई के कार्यक्रम को संबोधित करते सीईए वी. अनंत नागेश्वरन।

**कोलकाता, एजेंसी**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि ऊंचे शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ पैदा हुए विवाद का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

नागेश्वरन ने उद्योग मंडल मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी है। मेरा अनुमान है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क का अगले आठ से दस सप्ताह में समाधान निकल आएगा। हालांकि, उन्होंने इस बात को लेकर आगाह किया कि शुल्क जारी रहने की स्थिति में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क वृद्धि फैसले के बाद दोनों देशों के संबंध कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर अनुकूल संकेत मिलने के बाद हाल ही में दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चा फिर शुरू हुई है।

### आंकड़ों से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में शहरी उपभोग

सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भले ही आंकड़ों में शहरी मांग में कमजोरी दिख रही है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं बेहतर है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या और छोटे उद्यमों पर खर्च में बढ़ोतरी उपभोग की मजबूती को दर्शाती है। नागेश्वरन ने कहा कि खर्च का रुझान गैर-सूचीबद्ध कंपनियों और छोटे कारोबारों की तरफ बढ़ा है, जो आंकड़ों में पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सतह के स्तर पर भले ही शहरी मांग कमजोर दिखती है, लेकिन वास्तविक उपभोग हमारी सोच से कहीं अधिक टिकाऊ है। उन्होंने अपने इस दावे के समर्थन में रेस्तरां, बेकरी एवं उपयोगिता खंडों के भीतर पिछले 13 महीनों में यूपीआई लेनदेन सालाना आधार पर दहाई अंक में बढ़ने का जिक्र भी किया। कर कटौती, जीएसटी रियायतें, रोजगार प्रोत्साहन और कम खाद्य मुद्रास्फीति ने शहरी उपभोग को सहारा दिया है। इसके साथ ही मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि ग्रामीण मांग भी वेतन वृद्धि, अधिक फसल बुवाई और ट्रैक्टर एवं दोपहिया वाहनों की मजबूत बिक्री के चलते बेहतर स्थिति में है।

# एनपीएस-यूपीएस: सेवानिवृत्ति की सुरक्षित राह

सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा हर व्यक्ति की सबसे बड़ी चिंता होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने पेंशन संबंधी योजनाएं शुरू की हैं। इनमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) प्रमुख हैं। एनपीएस एक स्वैच्छिक निवेश आधारित योजना है, जिसमें व्यक्ति अपने कामकाजी जीवन में निवेश करके सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय प्राप्त करता है। वहीं यूपीएस एक सरकारी गारंटी वाली योजना है, जिसमें न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित की जाती है। दोनों योजनाएं अलग-अलग ढांचे और लाभों के साथ काम करती हैं, और निवेशक अपनी जरूरत के अनुसार इनमें से चुनाव कर सकते हैं।



- **एनपीएस :** उच्च रिटर्न की संभावना, टैक्स छूट, लचीला निवेश विकल्प।
- **यूपीएस :** पेंशन की गारंटी, सुरक्षित विकल्प, कम आय वाले लोगों के लिए उपयुक्त।

### एनपीएस

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली भारत सरकार द्वारा संचालित योगदान-आधारित सेवानिवृत्ति योजना है। इसे 2004 में सरकारी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य किया गया और बाद में सभी के लिए खोला गया। इसमें निवेशक अपनी आय का एक हिस्सा जमा करता है। यह राशि इक्विटी, कॉरपोरेट बॉण्ड और गवर्नमेंट सिक्योरिटीज़ में निवेश होती है।
- सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त राशि और शेष राशि से मासिक पेंशन मिलती है।
- आयकर की धारा 80सी व 80 सीसीडी (1बी) के तहत टैक्स लाभ मिलता है।
- एनपीएस मार्केट-लिंक्ड होने के कारण इसमें रिटर्न बदलते रहते हैं, लेकिन लंबे समय में अच्छे रिटर्न की संभावना रहती है।

### यूपीएस

- एकीकृत पेंशन योजना एक गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसे विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और कमजोर तबकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें सरकार न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी देती है।
- इसमें निवेशक को तयशुदा योगदान करना होता है और सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन मिलती है।
- यूपीएस में मार्केट रिस्क नहीं होता, क्योंकि सरकार पेंशन राशि की गारंटी देती है।
- यह योजना उन लोगों के लिए फायदेमंद है जिनकी आय अस्थिर होती है।

# देश में संपत्ति मौद्रीकरण तेज करने की जरूरत : पांडेय

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को कहा कि रेलवे, सड़क, हवाई अड्डे और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सरकार की संपत्तियों का मौद्रीकरण तेज करना जरूरी है ताकि निवेशकों की पूंजी को इन परियोजनाओं में लगाया जा सके। सेबी प्रमुख बनने से पहले निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के प्रभारी रह चुके पांडेय ने कहा कि राज्य सरकारें अभी तक संपत्ति मौद्रीकरण के लिए योजना नहीं बना पाई हैं।

उन्होंने कहा कि इस अंतर को दूर करने से बुनियादी ढांचा निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी। बुनियादी ढांचे के लिए बहुत बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत है और इसे केवल सरकार एवं बैंकों पर नहीं डालना चाहिए। उन्होंने पूंजी बाजार को संसाधन जुटाने के वैकल्पिक माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 9% बढ़कर 10.82 लाख करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● अग्रिम कर संग्रह बढ़ने और रिफंड धीमा होने से हुई बढ़ोतरी हुई

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 9.18% बढ़कर 10.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनियों से अग्रिम कर संग्रह बढ़ने और रिफंड धीमा होने के कारण कर संग्रह में बढ़ोतरी हुई है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 17 सितंबर के बीच रिफंड राशि 24% घटकर 1.61 लाख करोड़ रुपये रही। आयकर विभाग के मुताबिक, इस अवधि में कंपनियों से प्राप्त अग्रिम कर संग्रह 6.11% बढ़कर 3.52 लाख करोड़ से अधिक हो गया। हालांकि, गैर-कॉरपोरेट अग्रिम कर संग्रह 7.30% घटकर 96,784 करोड़ रहा। एक अप्रैल से 17 सितंबर के बीच, शुद्ध कंपनी कर संग्रह बढ़कर 4.72 लाख करोड़ से अधिक रहा। यह 2024 की इसी अवधि में 4.50 लाख करोड़ था। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह अब तक 5.84 लाख करोड़ रहा। गैर-कॉरपोरेट कर में व्यक्ति और एचयूएफ (हिंदू अविभाजित परिवार) शामिल हैं।

# सेबी ने हिंडनबर्ग के आरोपों पर अडाणी को दी क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को खारिज करते हुए उद्योगपति गौतम अडाणी और उनकी अगुवाई वाले समूह को क्लीन चिट दे दी। सेबी ने कहा कि उसे हिंडनबर्ग के आरोपों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला कि समूह ने अपनी सूचीबद्ध कंपनियों में पैसा भेजने के लिए संबंधित पक्षों का उपयोग किया हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि जांच के बाद भेदिया कारोबार, बाजार में गड़बड़ी और सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों के उल्लंघन के आरोप निराधार पाए गए।

# वैश्विक निवेशक भारत में टटोलें अवसर : गडकरी

**मुंबई, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को वैश्विक निवेशकों से भारत में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश न केवल विशाल कुशल कार्यबल प्रदान करता है, बल्कि यहां एक निवेश-अनुकूल दृष्टिकोण वाली सरकार भी है। गडकरी ने आईसीसी ग्लोबल समिट-2025 के सत्र को ऑनलाइन संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत स्वदेशी ईंधन, विशेष रूप से वैकल्पिक और जैव ईंधन के विकास में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं वैश्विक निवेशकों और संबंधित पक्षों से आग्रह करता हूं कि वे भारत और महाराष्ट्र में उपलब्ध अवसरों का पता लगाएं। आइए, हम सब मिलकर साझा समृद्धि और सतत विकास के भविष्य का निर्माण करें।



गडकरी ने कहा कि बढ़ती जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि, उपलब्ध कुशल इंजीनियरिंग जनशक्ति, अच्छे बुनियादी ढांचे और मजबूत राजनीतिक समर्थन को देखते हुए, भारत निवेशकों के लिए सबसे अच्छा गंतव्य है। देश में विशाल, कुशल जनशक्ति उपलब्ध है और दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कच्चे माल की लागत कम है और इसी कारण से, उत्पाद भी गुणवत्तापूर्ण हैं। गडकरी ने कहा कि हम गुणवत्ता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्पादन लागत कम करना चाहते हैं।

द्विपक्षीय व्यापार

### गैर-तेल और गैर-कीमती धातु की हिस्सेदारी 50-55 अरब डॉलर के स्तर पर, दोगुना करने का रखा लक्ष्य

# व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाएंगे भारत और यूएई

**अबू धाबी, एजेंसी**


अबू धाबी आर्थिक विकास विभाग के अध्यक्ष अहमद जसीम अल ज़ाबी से वार्ता करते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तीन-चार वर्षों में गैर-तेल और गैर-कीमती धातु व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल द्विपक्षीय व्यापार में गैर-तेल और गैर-कीमती धातु की हिस्सेदारी 50-55 अरब डॉलर पर है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने अफ्रीका और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्रों में साझा निवेश के लिए भी रूपरेखा तय करने का निर्णय लिया, जिसमें बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्र हैं। साझा निवेश में यूएई की निवेश क्षमता और भारत के पास प्रतिभाओं की मौजूदगी का लाभ उठाया जाएगा। गोयल ने कहा कि अभी चर्चा संकल्पना के स्तर पर हुई। इसके तौर-तरीके तय करने, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी और प्राथमिकता वाले देशों के बारे में फैसला दोनों देश करेंगे। भारत और यूएई के निवेश पर गठित उच्च-स्तरीय कार्यबल की 13वीं बैठक में इन सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें भारतीय पक्ष की अगुवाई गोयल ने की जबकि अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) के प्रबंध निदेशक शेख हमद बिन जाएद अल नहयान ने यूएई की अगुवाई की।

गोयल ने कहा कि हमने गैर-तेल और गैर-कीमती धातुओं में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर अगले तीन-चार वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का नया लक्ष्य रखा है। दोनों पक्ष समुद्री, रक्षा, वैमानिकी एवं अंतरिक्ष क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की नई संभावनाएं भी तलाश रहे हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ रहा है, जिससे लेन-देन की लागत कम और संचालन आसान होता है। भारत और यूएई ने घरेलू साज-सज्जा, वस्त्र, मत्स्य पालन, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और दवा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने की भी योजना बनाई है। दुबई में 20,000-25,000 वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित हो रहा कारोबारी केंद्र 'भारत मार्ट' अगले डेढ़-दो साल में तैयार हो जाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के बाद भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का भी दुबई में परिसर जल्द शुरू होगा।

### भारत-अमेरिका में वार्ता सही दिशा में

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति है और यह सही दिशा में आगे बढ़ रही है। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच 16 सितंबर को भारतीय आधिकारिक दल के साथ दिन भर की बातचीत के लिए नई दिल्ली में थे। द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिकी टीम के साथ दिन भर की चर्चा सकारात्मक रही और दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करने के लिए प्रयास करने पर सहमत हुए। अमेरिकी अधिकारियों के साथ सात घंटे की बैठक के बाद मंत्रालय ने कहा था कि पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाने के प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया है। अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है।



वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। चोचुवोंग एक शीर्ष खिलाड़ी है। मेरा उससे मुकाबला कड़ा होता है।
**-पीवी सिंधु**

# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**हाईलाइट**

### स्मृति संग स्वाभाविक समझ है : प्रतीका

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़) :** शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल का मानना है कि स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ उनकी स्वाभाविक समझ है, जिसके कारण वे भारत को लगातार अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने पिछले साल दिसंबर में वनडे में पदार्पण किया था और वह बहुत कम समय में शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में से एक बन गई हैं। उन्होंने कहा कि मंधाना भी उनकी तरह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनके बीच बहुत अच्छा तालमेल है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स के पदकों का अनावरण

**नई दिल्ली :** भारतीय पैरालंपिक समिति ने इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप (पीसीआई) के लिए शानदार पदकों का अनावरण किया। 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा पैरा एथलीट और टीम स्टाफ 186 पदक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एकत्रित होंगे - जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे भव्य पैरा खेल समागम होगा। पदक के सामने की ओर पारंपरिक भारतीय कला से प्रेरित जटिल आकृतियाँ हैं, जो चैंपियनशिप के नाम और पैरा एथलेटिक्स के प्रतीकों - एक व्हीलचेयर रेसर, एक डिस्कस थ्रोअर और कमल-भारत के राष्ट्रीय पुष्प - पर केंद्रित हैं।

### सिंधु व सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

**शेनझेन (चीन) :** भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु व सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 21-13, 21-12 से हरा दिया।



टोक्यो में गुरुवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 800 मीटर हीट के दौरान दौड़ती पूजा। एजेंसी

## विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**टोक्यो, एजेंसी**

- **भारतीय स्टार भालाफेंक खिलाड़ी का निराशानजक प्रदर्शन**
- **पाकिस्तान के अरशद नदीम भी चौथे दौर के बाद हुए बाहर**

पीठ की चोट से जूझ रहे गत चैंपियन नीरज चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप पुरुष भालाफेंक फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आठवें स्थान पर रहे जबकि पहली बार खेल रहे भारत के ही सचिन यादव ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

फाइनल में कोई भी प्रतियोगी 90 मीटर तक नहीं पहुंच सका। चोपड़ा पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए और 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारतीय खेलप्रेमियों को इस नतीजे की उम्मीद नहीं थी क्योंकि टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक मिलने के बाद पिछले चार साल से वह चोपड़ा को या तो स्वर्ण पदक जीतते या पोडियम पर रहते हुए देख रहे थे। विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत और 2023 में स्वर्ण जीतने वाले चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक के बाद से किसी स्पर्धा में शीर्ष दो से नीचे नहीं रहे हैं। चोपड़ा पांच प्रयासों में एक बार भी 85 मीटर को पार नहीं कर सके। इससे पहले उनका सबसे खराब प्रदर्शन 82.27 मीटर था जब उन्होंने मई 2024 में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीता था। नीरज ने फाइनल के बाद कहा कि वह पिछले दो हफ्तों से पीठ की समस्या से जूझ रहे हैं जिसके लिए वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (88 . 16 मीटर) ने जीता जबकि ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) दूसरे और अमेरिका के कुर्टिस थाम्पसन (86.67 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार के रजत पदक विजेता पेरिस ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम चौथे दौर के बाद बाहर होने वाले पहले प्रतियोगियों में थे।



नीरज चोपड़ा।

# सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

## एशिया कप : ओमान के खिलाफ मुकाबला आज रात आठ बजे से

**20** ओवर पूरा खेलना चाहेगी भारतीय टीम

**दुबई, एजेंसी**

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य को आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी।

भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया।

मुख्य कोच गौतम गंभीर टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है।

### मैं विकेट नहीं लूंगा तो मेरे लिए टीम में कोई जगह नहीं: कुलदीप

**दुबई :** इंग्लैंड में दो महीने तक बेंच पर बैठे रहने के दौरान भारत की एकादश में जगह नहीं बना पाने के लिए किसी पर भी दोष मढ़ना आसान होता लेकिन कुलदीप यादव ने मुश्किल रास्ता चुना। इन दिनों बल्लेबाजी करने वाले स्पिनरों का चलन है लेकिन कुलदीप की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं और वह अपने सिद्धांत से विचलित नहीं होंगे। कुलदीप ने बृहस्पतिवार को कहा अगर मैं किसी भी टीम में खेलूंगा तो एक (विशेषज्ञ) गेंदबाज के रूप में खेलूंगा। मेरा काम विकेट लेना है। अगर मैं विकेट नहीं लूंगा तो मेरे लिए कोई जगह नहीं होगी। यह समझना बहुत जरूरी है कि जब आप सिर्फ गेंदबाज के रूप में खेलते हैं तो आपका काम टीम के लिए विकेट लेना होता है। मौजूदा समय में भारत के सबसे बहुमुखी स्पिनर माने जाने वाले कानपुर के इस खिलाड़ी ने स्पष्ट किया कि वह खुद को एक गेंदबाजी ऑलराउंडर में बदलने की कोशिश करके चीजों को जटिल नहीं करना चाहते।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव।

## अफगानिस्तान को हराकर श्रीलंका पहुंचा सुपर चार में

**अबु धाबी, एजेंसी**

- **कुसल मेंडिस और नुवान तुषारा ने किया शानदार प्रदर्शन**
- **ग्रुप बी से दूसरी टीम बांग्लादेश भी सुपर चार में पहुंची**

नुवान तुषारा की तूफानी गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक से श्रीलंका ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में बृहस्पतिवार को यहां अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया। अफगानिस्तान की टीम तीन मैच में एक जीत से दो अंक ही जुटा सकी और प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

श्रीलंका की टीम अपने तीनों मैच जीतकर छह अंक के साथ शीर्ष पर रही जबकि बांग्लादेश तीन मैच में चार अंक के साथ ग्रुप से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम रही। अफगानिस्तान के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने मेंडिस (नाबाद 74 रन, 52 गेंद, 10 चौके) की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत 18.4 ओवर में चार विकेट पर 171 रन बनाकर जीत दर्ज की।

मेंडिस ने कुसल परेरा (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 और कामिंदु मेंडिस (नाबाद 26, 13 गेंद, दो छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी करके श्रीलंका की आसान जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान ने इससे पहले मोहम्मद नबी (60 रन, 22 गेंद, छह छक्के, तीन चौके) के तेजतर्रार अर्धशतक की मदद से खराब शुरुआत से उबरते हुए आठ विकेट पर 169 रन बनाए। अफगानिस्तान की टीम एक समय 13वें ओवर में छह विकेट पर 79 रन बनाकर संकट में थी, लेकिन नबी ने अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने नूर अहमद (नाबाद छह) के साथ आठवें विकेट के लिए सिर्फ 18 गेंद में 55 रन की अटूट साझेदारी की जिसमें अधिकांश रन नबी के बल्ले से निकले। कप्तान राशिद खान (24) और इब्राहिम जादरान (24) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नबी ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 20वें ओवर में स्पिनर दुनिथ वेलालागे पर पांच छक्कों से 32 रन बटोरे। श्रीलंका की ओर से तुषारा ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट चटकाए। दुष्मंता चमीरा और वेलालागे ने एक-एक विकेट चटकाया।

# आईसीसी ने गलत आचरण के लिए पीसीबी की खिंचाई की

**दुबई, एजेंसी**

- **कार्रवाई पर किया जा रहा है विचार**
- **बुधवार को यूएई से मैच में पाकिस्तान ने तोड़े थे कई नियम**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले पाकिस्तान द्वारा टूर्नामेंट के कई नियमों के उल्लंघन के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई पर विचार कर रहा है। टीम ने मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की अपनी मांग को वैश्विक संचालन संस्था द्वारा अस्वीकार किए जाने के विरोध में मैच में विलंब किया था। आईसीसी ने बुधवार को हुए मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को एक ईमेल भेजा है जिसमें गलत आचरण और खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के कई उल्लंघनों का हवाला दिया गया है। टूर्नामेंट से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीसीबी को पत्र लिखकर कहा है कि बोर्ड मैच के दिन पीएमओए के नियमों के बार-बार उल्लंघन का दोषी है। पीसीबी को ईमेल मिल गया है। पता चला है कि कई चेतावनियों के बावजूद पाकिस्तान ने मीडिया मैनेजर नईम गिलानी को टॉस से पहले पाइक्रॉफ्ट, उसके मुख्य कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान अली आगा के बीच हुई बैठक को फिल्माने की अनुमति देकर नियमों का उल्लंघन किया।

आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि मीडिया प्रबंधकों को ऐसी बैठकों में शामिल होने की इजाजत नहीं है। सूत्र ने कहा इसका उद्देश्य टॉस के समय उत्पन्न होने वाली किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी या गलत संवाद को दूर करना था। उन्होंने कहा पीसीबी अपने मीडिया मैनेजर को बैठक में लाया और जोर देकर कहा कि वह बातचीत के दौरान मौजूद रहेंगे। मीडिया मैनेजर को आईसीसी के भ्रष्टाचार निरोधक प्रबंधक ने प्रवेश देने से मना कर दिया क्योंकि वह अपना मोबाइल फोन पीएमओए में ले जाना चाहते थे जिस पर कड़ा नियंत्रण है। सूत्र ने बताया कि पीसीबी ने मीडिया मैनेजर को बैठक के दौरान उपस्थित नहीं रहने देने पर मैच से हटने की धमकी दी और फिर बातचीत को (बिना ऑडियो के) फिल्माने पर जोर दिया जो पीएमओए नियमों का एक और उल्लंघन था। आईसीसी ने खेल, टूर्नामेंट और संबंधित हितधारकों के हित को बनाए रखने के लिए पीसीबी की मांग मान ली, इससे पीएमओए से जुड़े नियमों का उल्लंघन हुआ। आईसीसी को यह भी नहीं बताया गया कि पीसीबी फिल्माए गए फुटेज का उपयोग कैसे करने की योजना बना रहा है।

### मीडिया राजनीतिक सवाल न पूछे

**दुबई :** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने पिछले रविवार को भारत-पाकिस्तान मैच के बाद से जारी तनावपूर्ण स्थिति को शांत करने के लिए पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस में राजनीतिक सवाल पूछने से रोकने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। बृहस्पतिवार को स्पिनर कुलदीप यादव की प्रेस कांफ्रेंस से पहले एसीसी के एक मीडिया अधिकारी ने भारतीय मीडिया से' कोई भी राजनीतिक सवाल पूछने से बचने का अनुरोध किया। इस कदम को नुकसान की भरपाई के तौर पर देखा जा रहा है।

### कैच लेने के लिए एक पल के लिए भी गेंद पर से नजर न हटाएं

**दुबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा है कि दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हवा में लहराने वाले ऊंचे कैच लेने के लिए एक सेकंड के लिए भी गेंद पर से नजर नहीं हटाना जरूरी है। दुबई स्टेडियम में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग है। भारतीय टीम ने स्टेडियम की गोल छत की परिधि के चारों ओर लगाई गई उच्च तीव्रता वाली फ्लडलाइट्स से काफी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा गया है। दुनिया भर के क्रिकेट स्टेडियमों में पारंपरिक रूप से खंभों पर लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है।



श्रीलंका के कुसल मेंडिस अफगानिस्तान के खिलाफ शॉट लगाते हुए। एजेंसी

# चैंपियंस लीग में पीएसजी लिवरपूल और बायर्न जीते

**लंदन, एजेंसी**

गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार को बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की।

बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए।



चेल्सी के जोआओ पेड्रो (दाएं) और बायर्न के किम मिन-जे मुकाबला करते हुए।

### अश्विन हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम का हिस्सा होंगे

**हांगकांग :** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सात से नौ नवंबर तक यहां होने वाले हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। आयोजकों ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की।

अश्विन ने पिछले साल भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और पिछले महीने इंडियन प्रीमियर लीग को अलविदा कहने के बाद इस दिग्गज स्पिन गेंदबाज ने कहा था कि वह दुनिया भर की विभिन्न लीग में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। आयोजकों ने कहा सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले अश्विन का शामिल होना इस तेजतर्रार और एक्शन से भरपूर वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया के अभियान में अपार गहराई, अनुभव और स्टार पावर जोड़ता है।


**सफलता** | भारतीय युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने मजबूत डिफेंस के साथ सधे हुए आक्रमण किए

# अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में दूसरा पदक जीता

**जागरेब (क्रोएशिया), एजेंसी**

युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने मजबूत डिफेंस और सधे हुए आक्रमण का मिश्रण करते हुए बृहस्पतिवार को यहां 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के प्ले ऑफ में अंडर-23 विश्व चैंपियन ऐमा जोना डेनिस माल्मग्रेन पर 9-1 से शानदार जीत हासिल करके विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक जीता। इस जीत के साथ उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारतीय दल क्रोएशियाई राजधानी से खाली हाथ नहीं लौटेगा।

प्रतियोगिता के पहले दिन अमन सहरावत के चौंकाने वाले डिस्क्वालीफिकेशन के बाद से ही भारतीय पहलवान असहाय से दिख रहे थे लेकिन अंतिम ने सुनिश्चित किया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश की पदक जीतने की परंपरा जारी रहेगी। इस 21 वर्षीय पहलवान ने 2023 विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था लेकिन 2024 ओलंपिक खेलों के बाद से वह दबाव में थी। अंतिम ओलंपिक में पहले दौर में ही हार गई थी और फिर उन्हें निर्वासन के अपमान का भी सामना करना पड़ा। माल्मग्रेन एक बहुत ही आक्रामक पहलवान हैं लेकिन अंतिम ने अपना डिफेंस मजबूत रखा और स्वीडन की पहलवान को कभी भी लय हासिल नहीं करने दी। मात्र 21 वर्ष की उम्र में अंतिम ने सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में दो कांस्य, एशियाई खेलों में एक कांस्य, एशियाई चैंपियनशिप में एक रजत और एक कांस्य पदक के अलावा ग्रां प्री स्तर की प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। अपने शानदार करियर में केवल विनेश फोगाट ने ही विश्व चैंपियनशिप में दो पदक जीते हैं जबकि अन्य भारतीय महिला खिलाड़ियों में अलका तोमर, गीता फोगाट, बबीता फोगाट, पूजा ढांडा, सरिता मोर और अंशु मलिक के नाम एक-एक पदक है।मनीषा भानवाला रेपेचेज में बुल्गारिया की बिलयाना डुडोवा से 0 . 9 से हारकर कांस्य से चूक गई।



पहलवान अंतिम पंघाल।

### ग्रीको रोमन पहलवानों का खराब प्रदर्शन जारी

भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खराब प्रदर्शन जारी रहा और बृहस्पतिवार को चार पहलवानों में से कोई भी एक भी मुकाबला नहीं जीत सका। भारतीय पहलवान अंक जुटाने के लिए भी जूझते दिखे। अनिल मोर 55 किलोवर्ग में 13 सेकंड के भीतर ही हार गए। अजरबैजान के दुनिया के नंबर एक पहलवान एल्दानिज अजीजली के खिलाफ उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। वहीं 77 किलोवर्ग में अमन को जापान के नाओ कुसाका ने तकनीकी श्रेष्ठता पर हराया । वहीं 82 किलोवर्ग में राहुल को कजाखस्तान के अलमीर तोलेबायेव ने 7 .1 से मात दी। वह पूरे छह मिनट तक टिकने वाले अकेले भारतीय पहलवान रहे।